दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ बुधवार 02 जुलाई 2025 ■ वर्ष -19 ■ अंक-353 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**
चतुराई और चालबाजी दो चीजें हैं, एक में ईश्वर की प्रेरणा होती है और दूसरा हमारी फित्ररत से पैदा होता है।
-सुमन सिन्हा

## ब्रीफ न्यूज

### बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस बहाल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस विकास कुमार को मंगलवार को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने बहाल कर दिया। सीएटी ट्रिब्यूनल ने कहा कि हादसे के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जिम्मेदार है। पुलिस भगवान या कोई जादूगर नहीं है। पुलिस को व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता तो उससे भारी भीड़ को नियंत्रित करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। आरसीबी ने विक्ट्री परेड से पहले पुलिस से परमिशन नहीं ली।

### महिला पहलवान विनेश फोगाट बनीं मां

**नई दिल्ली।** हरियाणा की महिला पहलवान विनेश फोगाट के घर किलकारी गूंजी है। जींद के विधानसभा हलके से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बनी हैं। रेसलर विनेश फोगाट ने दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है। उनके घर बेटे का जन्म हुआ है। विनेश को सोमवार शाम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 'आई लव यू' कहना, यौन उत्पीड़न नहीं: कोर्ट

**नागपुर।** किसी युवती या महिला से सिर्फ आई लव यू कहना यौन उत्पीड़न नहीं है, जब तक कि इन शब्दों के साथ ऐसा आचरण न हो जो स्पष्ट रूप से उस पुरुष के यौन इरादे को दर्शाता हो। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने हाल ही में यह फैसला सुनाया है। पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के कथित आरोपी को बरी करते हुए दो टूक कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है और यह अपने आप में यौन इरादे का प्रकटीकरण नहीं है।

### हिमाचल के पंचायती राज मंत्री पर एफआईआर दर्ज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ शिमला जिले में एक साइट निरीक्षण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी पर शारीरिक हमला करने के आरोपों के बाद एफआईआर दर्ज की गई है। एनएचएआई के प्रबंधक (तकनीकी) अचल जिंदल की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

### अब ईरान ने ट्रंप प्रशासन को दी धमकी

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच ईरान से जुड़े एक हैकिंग समूह ने अमेरिका को धमकी दी है कि वह 100 गीगाबाइट बैच का ईमेल लीक कर देगा। धमकी में ईरानी समूह ने कहा है कि इन इमेल्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार रोजर स्टोन और वाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स बीच के संवाद शामिल हैं।

---

**ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने सरकार विकसित करेगी 230 वृंदावन ग्राम**

**पुलों के पुनर्निर्माण के लिए 4 हजार 572 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति**

**मोहन कैबिनेट: 1766 पुल-पुलियों की मरम्मत के लिए 4572 करोड़ मंजूर**

# मप्र में अब एक बगिया मां के नाम और भोपाल में खुलेगा रक्षा विश्वविद्यालय

सत्ता सुधार ■ भोपाल


सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि गांधीनगर (गुजरात) स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का कैम्पस भोपाल में खोलने का निर्णय लिया गया है। इस विवि के लिए राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) में 10 एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है। जब तक आरआरयू का अपना भवन नहीं बनेगा, तब तक आरजीपीवी के भवन से संचालित किया जाएगा। जब रक्षा विश्वविद्यालय अपना कैम्पस तैयार कर लेगा, तो वहां शिफ्ट हो जाएगा। इस संस्थान के आने से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रोजगार और कौशल के लिए एमपी के बच्चों को मौका मिलेगा। राज्य और राष्ट्र स्तर के मामले में मजबूती मिलेगी। हायर एजुकेशन के क्षेत्र में भी इससे प्रगति होगी। इसके साथ ही पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत जर्जर 1766 पुलों की मरम्मत के लिए 4572 करोड़ मंजूर किए हैं। कैबिनेट ने वृंदावन ग्राम योजना का भी अनुमोदन कर दिया है। प्रदेश की हर विधानसभा (230) में एक वृंदावन ग्राम विकसित किया जाएगा। जिसके 27 मानक होंगे।

**छात्रावासों में होगा मेस संचालन:** मंत्रि-परिषद द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विभागीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए मेस संचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग के छात्रावास की संख्या 108, विद्यार्थियों की संख्या 9050 है। इसके लिए 14 करोड़ अनावर्ती तथा 17 करोड़ आवर्ती व्यय कुल 31 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई।



### मूंग-उड़द खरीदी का लक्ष्य तय

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र ने एमएसपी पर मूंग उपार्जन के लिए 3.51 लाख मैट्रिक टन और उड़द उपार्जन के लिए 1.23 लाख मैट्रिक टन का लक्ष्य तय किया है। मूंग के लिए 30 जून तक 2 लाख 94 हजार किसानों और उड़द के लिए 11 हजार 495 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। पंजीयन के लिए 6 जुलाई तक तिथि तय है। मूंग और उड़द का उपार्जन 7 जुलाई से 6 अगस्त तक किया जाएगा।



### नई योजना पर खर्च होंगे 900 करोड़

बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि राज्य सरकार एक बगिया मां के नाम से नई योजना प्रारंभ करने जा रही है, जिसमें स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाएं आजीविका संवर्धन के लिए 30 हजार एकड़ भूमि पर 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण करेंगी। इस पर 900 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस भूमि पर फल उद्यान का विकास किया जाएगा। हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तारफेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए भी राशि दी जाएगी। महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान 15 सितंबर तक चलाया जाएगा। इसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग सहभागिता करेंगे ।

### 1266 नवीन पदों की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में 202 वैज्ञानिक अधिकारी को शामिल कर 1266 पदों की स्वीकृति दी गयी। नए कानून को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

### नए जिलों में होगा अजाक कार्यालय

मंत्रि-परिषद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत तीन नव गठित जिलों में जिला संयोजक जनजातीय तथा अनुसूचित जाति जिला कार्यालयों की स्थापना की स्वीकृति दी गई। इसमें मऊगंज के लिए 16 पद, मैहर के लिए 18 पद तथा पांढुर्णा के लिए 14 पद कुल 48 नवीन पदों का सृजन और 381.30 लाख वार्षिक अतिरिक्त वितीय व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है।

---

# हिमाचल में फटे बादल चार की मौत, 16 लापता

**मुंबई में समुद्र उफान पर, हाजी अली दरगाह बंद**



- राजस्थान के अलवर में सड़कें डूबीं, घरों में पानी
- प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़, सरकार हुई अलर्ट
- जुलाई में भी सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान

एजेंसी ■ नई दिल्ली

देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। राजस्थान के अलवर में भारी बारिश के चलते सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं। घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार रात 4 जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 लोग लापता हैं। 10 घरों को नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड में कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि अगले छह से सात दिनों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश की संभावना है।

# हेमंत खंडेलवाल होंगे मप्र भाजपा के नए अध्यक्ष

**किसी अन्य ने नहीं पेश की दावेदारी**

अब निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष बनना तय

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ हेमंत खंडेलवाल ने ही नामांकन किया है, उनके अलावा किसी अन्य सदस्य ने दावेदारी पेश नहीं की है। ऐसे में खंडेलवाल का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में उनके नाम का औपचारिक एलान किया जाएगा। नामांकन के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव, वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई नेता प्रस्तावक के रूप में उनके साथ मौजूद रहे। खंडेलवाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले हैं। उनका जन्म 3 सितंबर 1964 को मथुरा में हुआ था।

# एक कॉल हुई लीक और चली गई थाईलैंड पीएम की कुर्सी

**संवैधानिक कोर्ट ने नैतिकता के उल्लंघन पर पद से हटाया**



**बैंकॉक।** थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने मंगलवार को फोन काल लीक केस में प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनवात्रा को निलंबित कर दिया। उन्होंने सीमा विवाद को लेकर कंबोडिया के एक वरिष्ठ नेता को फोन किया था, जिसका भारी विरोध हो रहा है। यह मामला कोर्ट पहुंचा है, जिसमें पद से हटाने की मांग की गई है। कोर्ट ने जांच होने तक उन्हें पद से हटा दिया। उप पीएम सुरिया जुंगरुंगरुआंगकिट को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए जाने की उम्मीद है। जजों ने एकमत से उनके खिलाफ नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर मतदान किया और सात-दो से उन्हें प्रधानमंत्री पद से निलंबित करने का निर्णय लिया। अदालत ने शिनवात्रा को साक्ष्य पेश करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। 38 वर्षीय शिनवात्रा को पड़ोसी कंबोडिया के साथ सीमा विवाद से निपटने को लेकर अपने देश में भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। दोनों देशों में 28 मई को सशस्त्र संघर्ष हुआ था, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी।

# ट्रेन का सफर महंगा और कॉमर्शियल सिलेंडर सस्ता

**मुंबई।** जुलाई में कई बड़े बदलाव हुए। मंगलवार से रेल का सफर करना महंगा हो गया है। नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं तत्काल टिकट बुकिंग करने के लिए आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक करना होगा।

**पैन कार्ड बनवाने के लिए अब आधार अनिवार्य**

इसके अलावा अब पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य हो गया है। साथ ही 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 58.50 तक सस्ता हो गया है। एनपीसीआई ने नया नियम लागू किया है जिसके तहत यूपीआई पेमेंट करते वक्त यूजर को सिर्फ अल्टीमेट बेनिफिशियरी यानी असली रिसीवर का बैंकिंग नाम ही दिखेगा। सरकार ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ का दाम भी 6,271.5 रुपए प्रति किलोलीटर (1000रु) या 7.5 प्रतिशत बढ़ाकर 89,344.05 प्रति 1000 रुपए दिया है।

# भारत को 2047 तक शीर्ष-5 खेल राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

**नई खेल नीति पर लगी केंद्र की मुहर, कैबिनेट ने कई योजनाओं को दी मंजूरी**

रोजगार प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ के ईएलआई स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी।

इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ की मंजूरी भी दी है। जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है।





---

**आंकड़े** पिछले साल की तुलना में 6.2 फीसदी बढ़ा, 2017 में आज ही लागू हुआ था जीएसटी

# जून में सरकार ने 1.85 लाख करोड़ वसूला जीएसटी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सरकार ने जून-2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.85 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार 1 जून को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी जून 2024 में सरकार ने 1.73 लाख करोड़ रुपए जीएसटी संग्रह किया था। हालांकि, अप्रैल और मई के मुकाबले जून का कलेक्शन थोड़ा कम रहा। अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में जुटाए गए थे।




**जीएसटी के 8 साल पूरे:** मंगलवार देश में जीएसटी लागू हुए 8 साल पूरे हो गए हैं। 1 जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू किया गया था। इस दौरान टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों ने नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो 5 साल पहले 2020-21 में सिर्फ 11.37 लाख करोड़ था। यानी, 5 साल में टैक्स वसूली लगभग दोगुनी हो गई है। 2024-25 में हर महीने औसत जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रहा। ये 5 साल पहले 2020-21 में 95 हजार करोड़ था।

### टैक्सपेयर्स की संख्या दोगुनी

जीएसटी लागू होने के वक्त 2017 में रजिस्टर्ड टैक्सपेयर्स की संख्या 65 लाख थी, जो अब बढ़कर 1.51 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इससे सरकार का टैक्स बेस भी मजबूत हुआ है। सरकार का कहना है कि जीएसटी लागू होने के बाद टैक्स कलेक्शन और टैक्स बेस दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इससे देश की फिस्कल पोजिशन मजबूत हुई है।

### अप्रैल 2025 में ऐतिहासिक संग्रह

सरकार ने अप्रैल 2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 2.37 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। सालाना आधार पर इसमें 12.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। ये जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड है। इससे पहले हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड अप्रैल 2024 में बना था। तब सरकार ने 2.10 लाख करोड़ जुटाए थे।

# छात्रा से दरिंदगी पर तीनों आरोपी लॉ कॉलेज से निष्कासित

**सुरक्षा एजेंसी को भी कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा**

### पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों पर होगा एक्शन

एजेंसी ■ कोलकाता



कोलकाता के कलकत्ता लॉ कालेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कालेज के अधिकारियों ने तीन आरोपियों को संस्थान से निष्कासित कर दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संस्थान से निष्कासित किए गए लोगों में मुख्य आरोपित मनोजित मिश्रा भी शामिल है, जो कालेज में संविदा कर्मचारी था। मनोजित मिश्रा के साथ ही सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को भी निष्कासित कर दिया गया है। दोनों कॉलेज के छात्र हैं। तीनों को गिरफ्तार किया गया था। संस्थान परिसर की सुरक्षा के लिए नियुक्त सुरक्षा एजेंसी को भी कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा। इधर, छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कोलकाता पुलिस ने इंटरनेट मीडिया के जरिए चेतावनी दी है कि पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने की बीबा फैशन इंडस्ट्रीज की तारीफ, प्रमोटर्स से भी मिले

**विनय अग्रवाल ■ इंदौर/ धार**

मध्यप्रदेश में बीबा फैशन लिमिटेड ने मध्यप्रदेश में अपनी इंडस्ट्रीज स्थापित कर प्रदेश में महिला फैशन वस्त्र उद्योग में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। गत दिवस मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रीज एंड एम्पलाइमेंट कान्कलेव 2025 में वीवा फैशन लिमिटेड गुरूग्राम के मुख्य प्रमोटर्स सिद्धार्थ बिन्द्रा व वीबा के जनरल मैनेजर एच आर, एडमिन व पब्लिक रिलेशन पी कुलकर्णी से मुलाकात के समय हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने आदिवासी क्षेत्र धामनोद में उद्योग स्थापित कर महिलाओं के लिये रोजगार की पहल की है। जिसकी सरकार की ओर से में सराहना करता हूं। इस पहल पर राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है। इस मौके पर बीबा फैशन लिमिटेड के प्रमोटर्स सिद्धार्थ बिन्द्रा ने बताया कि अभी हम 500 महिलाओं को रोजगार दे रहे है, जिसे भविष्य में बढाकर लगभग 1500 तक किया जाएगा। निवेश के अलावा जल्दी ही



कंपनी 50 करोड रुपए निवेश अगले चरण में कर रही है। बिन्द्रा ने मुख्यमंत्री को फैक्ट्री देखने का आमंत्रण भी दिया, जिस पर सीएम ने जल्द आने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बीबा के जीएम पी कुलकर्णी ने बताया कि कंपनी महिलाओं को रोजगार देने के अलावा स्थानीय विकास में भी भरपूर सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि बीबा वर्ल्ड में महिला फैशन क्षेत्र में सर्वोत्तम ब्रांड है और देश में इसके 450 एक्सक्लूसिव स्टोर्स है, इसके अलावा अमेरिका , कनाडा, दुबई सहित कई देशों में इसके स्टोर्स है।

### हेमंत खंडेलवाल के सक्रिय राजनीतिक सफर की शुरुआत 2008 में हुई

## राजनीति और समाजसेवा के संस्कार पिता से विरासत में मिले

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ हेमंत खंडेलवाल ने ही नामांकन किया है, उनके अलावा किसी अन्य सदस्य ने दावेदारी पेश नहीं की है। ऐसे में हेमंत खंडेलवाल का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में उनके नाम का औपचारिक एलान किया जाएगा। नामांकन के दौरान सीएम डॉ मोहन यादव, वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री



प्रह्लाद पटेल, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और मंत्री राकेश सिंह समेत कई नेता प्रस्तावक के रूप में उनके साथ मौजूद थे। खंडेलवाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले हैं। उनका जन्म 3 सितंबर 1964 को मथुरा में हुआ था। खंडेलवाल को राजनीति और समाजसेवा के संस्कार अपने पिता स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल से विरासत में मिले हैं। विजय कुमार खंडेलवाल भाजपा से सांसद रह चुके हैं।

**हमेशा मुखर और सक्रिय रहे**

हेमंत खंडेलवाल ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और किसानों के मुद्दों पर वे हमेशा मुखर और सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से बैतूल में कई विकास योजनाएं क्रियान्वित की गईं, जिनका आमजन को सीधा लाभ मिला है।

**मप्र भाजपा के कोषाध्यक्ष भी रहे**

हेमंत खंडेलवाल भाजपा की ओर से सांसद और विधायक रहने के साथ-साथ पार्टी में भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वे मप्र भाजपा के कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। कुशाभाऊ ठाकरे विचार न्यास के अध्यक्ष भी हैं। इसके अलावा भी उन्होंने पार्टी और संगठन में कई जिम्मेदारियां संभाली है। हेमंत खंडेलवाल नेता होने के साथ-साथ उद्योगपति और किसान भी हैं। उन्होंने बीकॉम और एलएलबी की डिग्री ले रखी है। उन्होंने 12 फरवरी 1990 में रितु खंडेलवाल से विवाह किया था।

पिता के निधन के बाद हेमंत खंडेलवाल ने उनकी राजनीतिक और समाजिक विरासत संभाली। हेमंत अपने पिता के समय से ही जनसेवा के लिए समर्पित रहे हैं। जानकारी के अनुसार हेमंत खंडेलवाल के सक्रिय राजनीतिक सफर की शुरुआत 2008 में हुई थी। दरअसल, पिता विजय कुमार खंडेलवाल के निधन से बैतूल लोकसभा सीट खाली हो गई। इस दौरान हुए उपचुनाव में भाजपा ने हेमंत खंडेलवाल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा। हेमंत का सामना कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव पांसे से था, जिन्हें हराकर वे लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद वे 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हेमंत वागद्रे को हराकर विधायक बने और 2018 तक बैतूल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 2018 के विस चुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया, लेकिन इस बार वे कांग्रेस के निलय डागा से चुनाव हार गए। पांच साल बाद 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर खंडेलवाल पर भरोसा जताया। इस दौरान उन्होंने निलय डागा को हराकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया।

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित करते हुए कहा-

## 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर होगा पौधरोपण

- 30 हजार एकड़ भूमि पर होंगे उद्यान विकसित
- जिला विकास सलाहकार समितियों का होगा गठन
- 4 जुलाई को मेधावी विद्यार्थियों को मिलेंगे लैपटॉप

### जल गंगा अभियान में एक लाख कुओं का पुनर्भरण

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

प्रदेश में एक बगिया मां के नाम से नई योजना शुरू की जा रही है। इसमें प्रदेश स्तर पर स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं की 30 हजार एकड़ भूमि पर लगभग 900 करोड़ की लागत से आजीविका संवर्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फल उद्यान विकसित किए जाएंगे। इस योजना में हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। उद्यान विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों



पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित होगा, जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग जनसहभागिता से संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत का पानी खेत में संचित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 85 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया। भूजल संवर्धन के लिए 1 लाख से अधिक कुओं का पुनर्भरण किया गया। पानी की अमृत बूंद को सहेजने के लिए अमृत सरोवर 2.0 के तहत 1000 से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण प्रारंभ हुआ। शहरी क्षेत्र में समाज की सहभागिता से 3300 से अधिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई और 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाई गई। प्रदेश की 15 हजार से अधिक जल संरचनाओं और जल संग्रहण संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का कार्य भी अभियान के अंतर्गत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मानसून में रोपण के लिए 6 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा को जन्मदिवस की दी बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार को जन्म दिवस पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को भी जन्म दिवस पर शुभकामनाएं दीं तथा मंत्रीगण को बताया कि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव और विधायक रीति पाठक का जन्म दिन भी आज है।

**यूका कचरे का निष्पादन पूरा हुआ**

डॉ. यादव ने बताया कि यूनियन कार्बाइड के कचरे का निष्पादन 30 जून को पूरा कर लिया गया है, इससे प्रदेश को 40 साल पुराने इस कलंक से मुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने रतलाम में हुए रीजनल इंडस्ट्रीज स्किल एंड एंप्लॉयमेंट कॉन्क्लेव तथा गुजरात के सूरत में आयोजित निवेशक संवाद कार्यक्रम की उपलब्धियों से मंत्रीगण को अवगत कराया।

**उपार्जन पंजीयन की अंतिम तारीख 6 जुलाई**

मुख्यमंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग उपार्जन के लिए 3.51 लाख मैट्रिक टन और उड़द उपार्जन के लिए 1.23 लाख मैट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मूंग के लिए 30 जून तक 2 लाख 94 हजार किसानों ने तथा उड़द के लिए 11 हजार 495 किसानों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन के लिए 6 जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित है। प्रदेशभर में मूंग और उड़द का उपार्जन 7 जुलाई से 6 अगस्त तक किया जाएगा।

## सामाजिक कल्याण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे क्षेत्रों में करेंगे सहयोग



### सांख्यिकी विभाग व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के विकास केन्द्र ने किया एमओयू

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में प्रदेश के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के व्यक्तित्व विकास केंद्र के बीच मंत्रालय में एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों संस्थान जल संरक्षण, सतत् कृषि और ग्रामीण आजीविका सृजन, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, गौधन संवर्धन, नशामुक्ति, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। यह समझौता सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में राज्य सरकार की पहलों को सशक्त् करने, पीपीपी मॉडल को बढ़ावा देने, नीतिगत निर्णयों में सहयोग, योजनाओं के प्रभावी मूल्यांकन और व्यापक सर्वेक्षण के माध्यम से प्रदेश की दीर्घकालिक विकास योजना विजनञ्च2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने में सहायक होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए समझौता पत्र के आदान-प्रदान के अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी संजय शुक्ला, मप्र राज्य नीति आयोग के ऋषि गर्ग, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के रोहन जैन, अजित भास्कर तथा अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समग्र विकास सहित क्षमता विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

### ब्रीफ न्यूज

**शहीद अब्दुल हमीद का सेना पराक्रम शौर्य एक स्वर्णिम अध्याय**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां भारती के वीर सपूत अब्दुल हमीद ने युद्ध में पाकिस्तान के तोप नष्ट कर मातृ भूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। भारत के सैन्य इतिहास में उनका पराक्रम और शौर्य एक स्वर्णिम अध्याय है, जिससे युवाओं को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परमवीर चक्र सम्मानित अमर शहीद अब्दुल हमीद की जयंती पर उन्हें नमन किया।

**सीएम ने नायडू को दी जन्म दिवस की बधाई**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व उप राष्ट्रपति वैंकेया नायडू को जन्म दिवस पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र के उन्नयन और समाज के उत्थान के लिए वरिष्ठ नेता नायडू की अद्वितीय कार्यशैली और ओजस्वी विचार सदैव देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से नायडू के दीर्घायु जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है।

**मुख्यमंत्री ने डाक कर्मियों के सेवा भाव को किया नमन**

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डाक सेवा, सुविधा या व्यवस्था ही नहीं, बल्कि भारतीय नागरिकों को एक-दूसरे से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। डाक विभाग के कर्मचारी विपरीत परिस्थिति, प्रतिकूल मौसम एवं अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी घर-घर तक पत्र, पार्सल और जरूरी दस्तावेज आदि पहुंचाने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने देश के डाक कर्मचारियों को उनके सेवा भाव एवं समर्पण के लिए राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## देहदान व अंगदान करने वालों का सरकार करेगी राजकीय सम्मान

### समाज में बढ़ेगी जागरूकता, जरूरतमंदों को मिलेगा जीवनदान

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्यप्रदेश शासन ने एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय लेते हुए देहदान और अंगदान करने वाले नागरिकों को राजकीय सम्मान देने का कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के पालन में सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त संभागायुक्तों, कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इसमे देहदान अथवा हृदय, लीवर एवं गुर्दा जैसे प्रमुख अंगों का दान करने वाले नागरिकों के परिजनों को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) एवं 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के जिला स्तरीय समारोहों में सम्मानित किया जाएगा। देहदान अथवा प्रमुख अंगदान करने वाले नागरिक के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर के माध्यम से राजकीय सम्मान दिया जाएगा। यह सम्मान उनके मानवीय योगदान और समाज के लिए प्रेरणास्रोत



बनने के दृष्टिकोण से किया जाएगा। राज्य सरकार का यह कदम अंगदान और देहदान जैसे महान कार्यों को सामाजिक स्वीकृति और सम्मान दिलाने की दिशा में एक प्रेरक पहल है। इससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलने की संभावनाएं अधिक होंगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सचिन्द्र राव द्वारा आदेश जारी किया गया है। सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### मंत्री राकेश सिंह ने किया ऐतिहासिक पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ

## पौधरोपण पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने का संकल्प

### लोक निर्माण विभाग ने एक दिन में लगाए 2 लाख से ज्यादा पौधे

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

हरित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने मंत्री राकेश सिंह की अगुवाई में ऐतिहासिक पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। इस एक दिन में विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 2 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो सतत विकास और हरियाली के प्रति विभाग की सशक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि पौधरोपण सिर्फ औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने का हमारा दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि शुरू में जहां एक लाख पौधों का लक्ष्य रखा गया था, वहीं विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों की प्रतिबद्धता, समर्पण और उत्साह के चलते यह संख्या बढ़कर 2 लाख से



**प्रकृति का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी**

उन्होंने कहा कि विकास की तेज रफ्तार के साथ प्रकृति का संरक्षण अब प्रत्येक अभियंता और अधिकारी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी दृष्टिकोण से विभाग ने 'लोक कल्याण सरोवर' योजना की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत सड़क निर्माण में उपयोग हुई मिट्टी का युक्तियुक्त उपयोग करते हुए स्थायी जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के तहत 500 लोक कल्याण सरोवर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**सड़क किनारे रिचार्ज बोर निर्माण**

मंत्रीसिंह ने कहा कि विभाग ने सड़क किनारे रिचार्ज बोर निर्माण की पहल भी शुरू की है, जिससे वर्षा जल को भूगर्भ तक पहुंचाकर ग्राउंडवाटर रिचार्ज किया जा सकेगा। वर्तमान और निर्माणाधीन फ्लाईओवर और आरओबी में वर्षा जल संचयन के लिए जरूरी निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले वर्षों में इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा तथा हर परियोजना में प्रकृति का समावेश सुनिश्चित किया जाएगा।

अधिक पौधों तक पहुंच गई। यह केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि हरित मध्यप्रदेश की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है जो सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस पौधारोपण को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ा गया है। प्रत्येक पौधे की सैटेलाइट मॉनिटरिंग की योजना बनाई गई है, जिसमें अहमदाबाद स्थित भास्कराचार्य संस्थान का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसके माध्यम से पौधों की वृद्धि और संरक्षण की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। यह वृक्षारोपण सड़क किनारे, विभागीय भवन परिसरों, तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के 'हरित भारत' के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पर्यावरण-अनुकूल विकास के विजन ने मध्यप्रदेश में वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में यह पहल प्रेरक उदाहरण बनेगी।

### सियासत | जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार को लेकर पीएम मोदी को लिखेंगे पत्र

## एक हजार करोड़ की जांच 4 दिन में कैसे पूरी, सीबीआई जांच की मांग

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्य प्रदेश में 1000 करोड़ रुपए कमीशन लेने के आरोप मामले में कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोल दिया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने जांच को लेकर कहा कि यह भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा है, जो देश और दुनिया को स्पष्ट दिख रहा है। पटवारी ने कहा कि 21 तारीख को जांच के आदेश दिए जाते हैं और 25 तारीख को जांच पूरी हो जाती है। 4 दिनों में एक हजार करोड़ रुपए की जांच समाप्त हो जाना अपने आप में बहुत कुछ बयां करता है। उन्होंने कहा है कि मामले में प्रधानमंत्री को वह पत्र लिखेंगे और सीबीआई जांच की मांग करेंगे। पटवारी ने कहा कि





वे जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन के 60 फीसदी कमीशन का मामला है। इसका भौतिक सत्यापन होना चाहिए। विभाग के मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को एक नेशनल टीम भेजकर इसकी जांच करनी चाहिए। साथ ही इसकी सीबीआई जांच भी कराई जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष ने भी मामले में सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जनता को न नल मिला, न जल-मिला तो सिर्फ घोटालों का दल ! जल जीवन मिशन के 30,000 करोड़ में से 1,000 करोड़ के कमीशन की शिकायत अप्रैल में सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय तक गई, जिसमें भ्रष्टाचार सामने आया। मामले को दो महीने तक दबाए रखने के बाद पीएचई विभाग ने जून के अंत में जांच के आदेश दिए जिसमें खानापूर्ति की गई।

**मामले को दो महीने तक लटकाया**

सिंघार ने लिखा कि यहां सवाल उठते हैं कि पीएमओ में शिकायत के फौरन बाद जांच शुरू क्यों नहीं की गई और इसे दो महीने तक लटकाया गया? जांच का जिम्मा किसी स्वतंत्र एजेंसी के बजाय विभाग से जुड़े अधिकारियों को क्यों सौंपा गया? कैसे आदेश जारी होने के मात्र एक सप्ताह में ही जांच पूरी भी कर ली गई और मामले में क्लीनचिट दे दी? जल जीवन मिशन में घोटाले किसी से छुपे नहीं हैं। मैंने जल जीवन मिशन में पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर हो रही गड़बड़ियों के मुद्दे को कई बार विधानसभा में उठाया है लेकिन सरकार हर बार इस पर जवाब देने से बचती रही। मेरी मांग है कि इस मामले की जांच पुनः किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा हो ताकि सच्चाई प्रदेश की जनता के सामने आ सके।

## अलीगढ़ के तिवारी बने अंडमान निकोबार के भाजपा प्रदेशध्यक्ष

**सत्ता सुधार, अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ के युवक ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में इतिहास रच दिया है। यह युवक हैं अनिल कुमार तिवारी, जो अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में र्निविरोध निर्वाचित हुए हैं। मूल रूप से उसरम तहसील खैर जिला अलीगढ़ के रहने वाले अनिल कुमार तिवारी 1987 में अंडमान निकोबार द्वीप समूह



चले गए थे और 1990 में वहां भाजपा की स्थापना करने वाले प्रमुख चुनिंदा लोगों में शामिल थे। तिवारी अब अंडमान निकोबार द्वीप समूह में ही रहते हैं। 54 साल के अनिल कुमार तिवारी संघ से द्वितीय वर्ष शिक्षित हैए वह भाजपा के प्रदेश मंत्री व संयोजक प्रशिक्षण भाजपा पर अभी कार्यरत थे। उन्होंने भाजपा की स्थापन के बाद केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह में लगातार चार बार भाजपा को लोकसभा सीट जिताने में अहम भूमिका निभाई है। अभी यहां विष्णु पदरे भाजपा से लोकसभा सदस्य हैं। बीजेपी आलाकमान ने अनिल तिवारी को अंडमान निकोबार द्वीप समूह के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर उनकी योग्यता को परखा है।

## ब्रीफ न्यूज

### अमराल नदी में नहाने गये बालक की मौत, मर्ग कायम

**श्योपुर।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाबली का सहराना में अमराल नदी में नहाने गये बालक की सोमवार की सुबह 11.30 बजे मौत हो गई। पुलिस ने मामले में सोमवार की रात्रि 11 बजे मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि सूचनाकर्ता सीताराम पुत्र राजाराम आदिवासी उम्र 27 साल ने थाने आकर सूचना दी कि उनका 5 वर्षीय पुत्र अर्जुन आदिवासी अमराल नदी में नहाने गया था, जो शाम तक नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की, जिसके बाद मौके पर पता चला कि वह नहाते वक्त नदी में डूब गया, जिसकी गोताखोरो की मदद से तलाश शुरू की तो शाम 6 बजे उसका शव नदी से निकाला जा सका। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### प्रेमसर की पुलिया के नाले में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्रेमसर की पुलिया के नाले में डूबने से एक बुजुर्ग की सोमवार की शाम 5.30 बजे मौत हो गई। मामले में पुलिस ने सोमवार की रात्रि 11.30 बजे मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि सूचनाकर्ता हरजिंदर सिंह ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रेमसर की पुलिया का नाला खातौली रोड पर विष्णु पुत्र धननू आदिवासी उम्र 60 साल नि. संजय कॉलोनी कराहल की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मना जन्मदिन

**श्योपुर।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिन मनाया हैं। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष सरदार मुख्तिार सिंह ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पार्टी कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी अध्यक्ष के विचारो से सभी को अवगत कराया गया साथ ही आगामी चुनावो में पार्टी को मजबूत कर अधिक से अधिक लोगो को पार्टी सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव शोषित, वंचित औरर गरीबो की लड़ाई लड रहे हैं, जिनके इस मिशन में पार्टी का एक एक कार्यकर्ता साथ है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष देवी शंकर गुर्जर ने भी अपने विचार रखे।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, दी धमकी

**श्योपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक कॉलोनी में एक महिला ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई कि रविवार-सोमवार की रात्रि 2 बजे उसके घर में घुसकर एक आरोपी ने बुरी नियत से छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादिया माया पांचाल उम्र 22 साल ने कोतवानी थाने आकर रिपोर्ट लिखाई कि 29 जून की रात्रि में उसके ससुर अमरलाल खाना खाकर बाहर कमरे में सो गये और वह ट्रक

मायके पक्ष ने लगाए हत्या के आरोप, मामला कराहल कस्बे का

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

जिले की कराहल तहसील मुख्यालय पर गर्भवती विवाहिता ने संधिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, वहीं ससुरालीजनों ने हड़बड़ी में महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतार लिया। इस दौरान मृतिका के मायके पक्ष के लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी ने फांसी नहीं लगाई है बल्कि उसकी मारपीट कर उसे फांसी के फंदे से लटकाया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम कराहल निवासी महिला आरती कुशवाह की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। जब यह घटना हुई तब घर पर कोई भी सदस्य नहीं था। मृतिका का पति और उसके परिजन खेत पर काम कर रहे थे.शाम को जब घर लौटे तो यह घटना देख पैरों तले जमीन खिसक गई। और उन्होंने मृतिका का शव फांसी के फंदे से नीचे उतार लिया। सूचना मिलने के बाद कराहल थाना पुलिस और तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया और शव को कब्जे में ले लिया, घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग भी आ गये जिन्होंने इस घटना में ससुरालपक्ष के लोगो पर आरोप लगाये है। मृतिका आरती कुशवाह के पिता गजन लाल कुशवाह निवासी बैराड़ ने बताया कि उसके दामाद छोटू कुशवाह का फोन आया कि आप गाड़ी लेकर कराहल आ जाओ हम कराहल पहुंचे तो हमने देखा कि हमारी बेटी की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाये कि उनकी बेटी की मारपीट कर हत्या की गई है, जिसके लिए दामाद और उसके परिजनो के खिलाफ कार्यवाही की जाये। मामले में कराहल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



**इनका कहना है**

कराहल कस्बे के कुशवाह मोहल्ला में आरती पतिन गोपाल कुशवाह उम्र 20 नि. बेराढ़ की फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना हुई है, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया है। परिजनो ने बताया कि मृतका 8 माह की गर्भवती भी है। मृतका के परिजन ससुराल पक्ष पर आरोप लगा रहे हैं, मामले में जांच की जा रही है, साक्ष्य के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

**बृजेश राजोरिया, एएसआई, कराहल थाना**

# अंतर्विभागीय एडवोकेसी एवं सामाजिक जुड़ाव कार्यशाला का आयोजन

मलेरिया उन्मूलन हेतु सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें




सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत जिला स्तरीय जिला टास्क फोर्स एवं मलेरिया उन्नमूलन कमेटी व अंतर्विभागीय एडवोकेसी एवं सामाजिक जुड़ाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल, डॉ पचैरी, सहायक संचालक रिशु सुमन, सीएमओ राधेरमण यादव, सीएमओ बडौदा तारा चंद धूलिया, सीईओ जनपद एसएस भटनागर, विजयपुर आफिसर सिंह गुर्जर, आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा, परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा, डीपीएम सोहनकृष्ण मुदगल सहित आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि मलेरिया उन्नमूलन के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किये जायें तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में मलेरिया जांच हेतु स्लाइड बनाई जायें। उन्होने कहा कि निर्माण साइडो पर श्रमिकों की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच की जायें एवं मच्छरदानी के उपयोग को बढावा दिया जायें। उन्होंने कहा कि टैमोफेस दवा का छिडकाव करें तथा मच्छरो के लार्वा को समाप्त करने हेतु गम्बुसिया मछली डाली जायें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के द्वारा कार्यशाला में मलेरिया, डेंगू के बारे में सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा कर मलेरिया कार्यक्रम में समन्वय स्थापित कर कार्य दायित्व की जानकारी दी गई। साथ ही मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों को नियंत्रण हेतु सहयोग की अपील की गई।

### मलेरिया नियंत्रण में सफल रहा अभियान

मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि वर्ष 2024 में 135 केस मलेरिया के चिन्हित किये गये थे, इस वर्ष 31 मार्च तक केवल तीन केस सामने आए हैं, जिसमें एक वायवेक्स और फैल्सीफेरम के दो मरीज आईडेंटीफाई हुए हैं, इसके अलावा जिले में अभी तक कोई मरीज सामने नहीं आया है।

# मारपीट के 4 आरोपियों को 3-3 साल की कठोर सजा

5-5 हजार रूपये का लगाया अर्थदंड, जिला कोर्ट का फैसला

**श्योपुर।** जिला न्यायालय ने मंगलवार को दोपहर 3 बजे मारपीट करने के मामले में चार साल पुराने केस का फैसला देते हुए चार आरोपियों को 3-3 साल की कठोर सजा एवं पांच-पांच हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है वहीं एक आरोपी को दो दिवस का करावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में राज्य की और पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने की। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि फरियादी ने 26 दिसम्बर 2021 को पुलिस थाना देहात में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह 8.30 बजे वह ग्राम तुलसेफ में अपने चाचा के घर के पास खडा था कि तभी वहां आरोपीगण प्रहलाद बैरवा, रामलखन, मुकेश और रामभरत कुल्हाड़ी, लाठी लेकर आ गये और पत्थर हटाने की बात को लेकर गाली गलौच करने लगे तथा मारपीट कर दी, इस दौरान बीच बचाव में फरियादी की मां नटीबाई, पिता कैलाश बैरवा और जमाई पुरूषोत्तम बैरवा के साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी, फरियादी ने थाने में चारो आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत जे.एम.एफ.सी. न्यायालय श्योपुर में अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पत्र पेश किया एवं विचारण हेतु न्यायालय सत्र न्यायाधीश जिला श्योपुर के समक्ष कमिट किया, जहां परसादी बाई बैरवा को धारा 323 भा.द.वि. में अपराध के विचारण दोरान निरोध मे बिताई गई।

### तीन को एक-एक एवं एक आरोपी को दो दिन की सजा

देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुलसेफ में चार साल पुराने पत्थर हटाने के मामले में क्रॉस प्रकरण में दूसरे पक्ष के फरियादी मुकेश की रिपोर्ट पर जिला न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को एक-एक दिन का कारावास एवं एक आरोपी को एक दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि तुलसेफ गांव में पत्थर हटाने की बात को लेकर दो पक्षो में मारपीट और विवाद हो गया था, जिसमें दोनो पक्षो की जिरह के पश्चात दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर आरोपीगण सत्र न्यायालय श्योपुर द्वारा आरोपी कैलाशचन्द्र बैरवा, रघुवीर बैरवा, शंभू निवासी तुलसेफ को धारा 323 भा.द.वि. में एक-एक दिवस का साधारण कारावास एवं एक-एक हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया वहीं आरोपी नटीबाई को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त कर दिया है।

# स्यावडी में डीपी ठीक कराने के निर्देश, परीक्षण कर सहायता राशि का प्रकरण भेजने के निर्देश

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं में जहां हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। जनसुनवाई के दौरान आवेदक सद्दाम निवासी कागजी टोडी के आवेदन पर उनकी पुत्री जुनेरा का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये गये।

इसके साथ ही जनसुनवाई में कराहल विकासखंड के ग्राम स्यावडी के ग्रामीणों ने डीपी मरम्मत कराये जाने का आवेदन सौंपा था, जिसमें तत्काल विद्युत मंडल के अधिकारियों को डीपी बदलने एवं पीएचई को ट्यूबबेल की मोटर ठीक करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही हीरापुर निवासी रामनिवास आदिवासी ने आवेदन दिया कि उसकी पत्नि सबीना बाई की मृत्यु क्यारपुरा के समीप चम्बल नहर में गिरकर होई थी, इस मामले में आरबीसी 6-4 के तहत परीक्षण कर सहायता राशि का प्रकरण भेजने के निर्देश कलेटक्र ने नायब तहसीलदार मानपुर को दिये हैं।



### दो हितग्राहियों के आवास स्वीकृत

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने आवास संबंधी दो आवेदनों का तत्काल निराकरण करते हुए हितग्राहियों को अवगत कराया कि पीएम आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत कर दिये गये है। आवेदक पूजा पत्नि धारा सिंह एवं मलखान मीणा द्वारा आवास के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन का परीक्षण कर आवेदको को जानकारी दी गई कि योजना के तहत आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही कर दी गई है तथा शीघ्र ही आवास की किस्त बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी।

# श्रीमद्भागवत कथा में छटवें दिवस पूतना वध, गोवर्धन पूजा और सजा छप्पन भोग

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित पीली कोठी में श्रीदुर्गामाता मंदिर पर जारी श्रीमद्भागवत कथा के छटवें दिवस कथाव्यास पं. वैद्यनाथ मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया और पूतना वध, गोवर्धन पूजा एवं रास वर्णन का प्रसंग सुनाया। कथा आचार्य पं. वैद्यनाथ मिश्र ने बताया कि श्री कृष्ण के जन्म के बाद कंस ने उन्हें मारने के लिए बलवान राक्षसी पूतना को भेजा जहां गोकुल पहुंचकर पूतना ने वेश बदलकर कृष्ण को जहरीला दूध पिलाने का प्रयास किया। लेकिन श्री कृष्ण ने उसका वध कर दिया। कथा में कार्तिक माह की एक रोचक कथा भी सुनाई गई। जब ब्रजवासी इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, कृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने भारी वर्षा की। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी ब्रजवासियों की रक्षा की। एक सप्ताह बाद इंद्र ने वर्षा रोक दी। इस रोचक कथा में भगवान ने इंद्र का घमंड तोड़ने का काम करते हुए गोवर्धन पर्वत को उठाया था। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र काफी लीलामय रहा हैं, उन्होंने संसार को प्रेम और त्याग की मिसाल पेश की। इस दौरान कथा में अन्नकूट महाप्रसाद एवं छप्पन भोग सजाया। इस दौरान मुख्य यजमान ठा. अनिल सिंह चैहान, प्रदीप सिंह चैहान, आलोक चैहान, आदित्य चैहान, सौरभ चैहान, प्रियंक चैहान, अमित सिंह चैहान, सुशील चैहान, अतुल चैहान, निशांत चैहान, आशीष चैहान, अखिल भदौरिया, प्रशांत भदौरिया, राहुल चैहान सहित बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे। अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।



सुविधा

बडौदा कस्बे को मिला स्वर्ग रथ

# अंतिम यात्रा निकालने के लिए मिलेगी सुविधा

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

जिले के बडौदा कस्बे में नगर परिषद द्वारा अंतिम संस्कार के लिए स्वर्ग रथ की व्यवस्था की गई है, जिसे मंगलवार को शाम 4 बजे नगर परिषद अध्यक्ष भरोसीबाई सुमन ने शहर को समर्पित कर दिया है। इस सुविधा के बाद विपरीत परिस्थितियों में अंतिम संस्कार के लिए यह वाहन लोगो को सुविधा प्रदान करेगा। नगर परिषद अध्यक्ष भरोसीबाई सुमन ने बताया कि कई बार लोग हाथ ठेले पर रखकर शव ले जाते हैं तो वहीं लावारिश शव मिलने पर उसे श्मशान तक ले जाने में दिक्कते आती थी, लेकिन अब नगर परिषद द्वारा स्वर्ग रथ के माध्यम से सम्मान पूर्वक शव को अंतिम यात्रा निकालते हुए मुक्तिधाम तक पहुंचाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद के सीएमओ ताराचंद धूलिया ने बताया कि बडौदा नगर में दूरस्थ इलाको से अंतिम संस्कार के लिए पैदल अंतिम यात्रा निकालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था तो वहीं बारिश के मौसम में कस्बावासी मुश्किलो का सामना करते थे, इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष भरोसीबाई सुमन एवं पार्षदो द्वारा एक अंतिम यात्रा निकालने के लिए स्वर्ग रथ का निर्माण कराने की स्वीकृति दी जिसके बाद मंगलवार को स्वर्ग रथ नगर परिषद को प्राप्त हो गया, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया गया है। अब बडौदा कस्बे में किसी को भी अंतिम यात्रा के लिए यह स्वर्ग रथ निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा, इसके लिए नगर परिषद में सम्पर्क किया जा सकता है। इस मौके पर उपाध्यक्ष दारासिंह बंजारा, अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, पार्षद सतीश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि महावीर नागर, भाजपा मंडल बड़ौदा के अध्यक्ष गिर्राज नागर, भूपेंद्र गोयल, चरण सिंह तोमर नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।




# पुत्र के उपचार के लिए पिता को दी 10 हजार की सहायता



**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम बडौदाराम निवासी रामराज बैरवा को सडक दुर्घटना में घायल पुत्र संजय के उपचार हेतु 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्होने एसडीएम श्योपुर को आरबीसी 6-4 के तहत सडक दुर्घटना का प्रकरण तैयार कर साढे सात हजार रूपये की राशि प्रदान किये जाने के निर्देश भी दियें है। आवेदक रामराज बैरवा ने अवगत कराया कि उसका पुत्र संजय घर के बाहर खेल रहा था, तभी बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया, जिसका उपचार कोटा के हॉस्पीटल में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते आर्थिक सहायता की मांग की गई थी, जिस पर 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। सहायता राशि का चैक एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया।

# सभ्य, उन्नति शील व शिक्षित समाज में नशे का कोई स्थान नहीं: डॉ. रीता मिश्रा

## सकल ब्राह्मण महासमिति ने किया ब्रह्म चिकित्सक रत्न सम्मान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




सकल ब्राह्मण महासमिति के तत्वाधान में प्रधान कार्यालय पर नशा मुक्ति एवं उत्तम स्वास्थ्य पर परिचर्चा का आयोजन गोग्स की अध्यक्षा डॉ. रीता मिश्रा के मुख्य अतिथि में हुई। अध्यक्षता सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा की। मुख्य वक्ता के रूप में शिशु एवं बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ अजय गौड़, न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश उदैनिया, न्यूरोसर्जन डॉ. अविनाश शर्मा, चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्जवल शर्मा, कैंसर हॉस्पिटल आरएमओ डॉ. आलोक पुरोहित, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राम रावत, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुव पाठक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा मंचासीन थीं। मुख्य वक्ता डॉ. अजय गौड़ ने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड से बचना होगा। न्यूरोलॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉ. दिनेश उदैनिया ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित दिनचर्या का पालन और स्वस्थ आहार लेना जरूरी है, जिससे माइग्रेन ,टेंशन, सिरदर्द और ब्रेन अटैक डिमेंशिया जैसी बीमारियों से बचा जा सके। न्यूरोसर्जन डॉ. अविनाश शर्मा ने कहा कि सभी को नित्य वैदिक मंत्र उच्चारण, पूजा पाठ करने से बीमारियां कम होती है। डॉ. आलोक पुरोहित ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा करने से बचें। नशा जीवन के लिए अभिशाप है। चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. उज्जवल शर्मा ने कहा कि रात्रि में सोने से दो घंटे पहले हल्का खाना खा लें और जल्दी सोएं। अगर किसी को बीपी और शुगर की शिकायत है तो नियमित रूप से दवा का सेवन करते रहें। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुव पाठक ने कहा कि रात्रि में बच्चे मोबाइल ज्यादा ना देखें। मुख्य अतिथि आसान से डॉ. रीता मिश्रा ने कहा कि महिलाएं अपनी बीमारियों पर ध्यान नहीं देती। आज बेस्ट कैंसर जैसी बीमारी से महिलाएं भी भयभीत हैं, लेकिन उन्हें भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, सबका समाधान है। उन्होंने कहा कि सभ्य, उन्नति शील, शिक्षित समाज में नशा को कोई स्थान नहीं है। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा नौ देवियां एवं भगवान परशुराम का पूजन पं. ब्रह्मदत्त पाण्डेय के मुख्य आचार्यत्व में किया। अतिथियों की रूपरेखा एवं परिचय कार्यक्रम संयोजक कपिल भार्गव एवं महिला संयोजिका श्रीमती अनीता योगेंद्र दीक्षित ने दिया। स्वागत भाषण महंत दीपक शर्मा ने किया। डॉ. रीता मिश्रा, डॉ. अजय गौड, डॉ. दिनेश उदेनिया, डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. आलोक पुरोहित. डॉ. उज्जवल शर्मा, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. राम रावत, डॉ. ध्रुव पाठक को ब्रह्म चिकित्सक रत्न से सम्मानित किया। संचालन संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज ने एवं आभार कपिल भार्गव व अनिता योगेंद्र दीक्षित ने व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम बाबू शर्मा, डॉ. मुन्ना लाल शर्मा, शैलेन्द्र दीक्षित, देवेन्द्र पाठक, जयदेव शर्मा, सुधा दीक्षित, शशि शर्मा, संगीता शर्मा, कांता शर्मा, रेनू शर्मा, रूबी शर्मा, नीतू शर्मा, अनीता दीक्षित, संध्या शर्मा, प्रीती शर्मा, विमला मिश्रा, माया भारद्वाज, अंजू दीक्षित, पुष्पा मिश्रा, अलका मिश्रा, शशि गोस्वामी, किरण त्रिवेदी, आशा त्रिपाठी उपस्थित रहीं।

# चिकित्सा सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि यह समाज के प्रति समर्पण और दायित्व का प्रतीक है

## चिकित्सक दिवस पर ब्रह्माकुमारीज नें किया डॉक्टर्स का सम्मान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सहयोगी संस्था राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर ओल्ड हाईकोर्ट लेन स्थित ब्रह्माकुमारीज संगम भवन केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित कर शहर के वरिष्ठ चिकित्सको का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ग्वालियर की सेक्रेटरी डॉ. स्नेहलता दुबे, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, इंडियन ऑर्थोपेडिक सोसाइटी ग्वालियर ब्रांच के सेक्रेटरी डॉ. आशीष दुबे (जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ), यूरोलोजिस्ट डॉ. रुस्तम सिंह कौरव, एनेस्थीसिया कंसल्टेंट डॉ. मुकेश शर्मा, माहेश्वरी नर्सिंग होम मेडिकल डायरेक्टर डॉ. स्वेता माहेश्वरी (सर्जन), एनेस्थीसिया कंसल्टेंट बीके डॉ. गुरचरण सिंह, मोटिवेशन स्पीकर ब्रह्माकुमार प्रहलाद भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में बीके डॉ. गुरचरण सिंह ने सभी का स्वागत अभिनन्दन करते हुए चिकित्सक दिवस की शुभकामनायें दीं। तत्पश्चात बीके प्रहलाद ने सभी को चिकित्सक दिवस की शुभकानाएं दीं और कहा कि चिकित्सा सिर्फ एक पेशा नहीं वल्कि यह समाज के प्रति समर्पण और दायित्व का प्रतीक है। डॉक्टर जीवन रक्षक होने के साथ साथ समाज के आधार स्तंभ होते है। उनका सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। कोविड -19 के दौरान डॉक्टर्स का साहस और समर्पण देखने को मिला। ऐसे ही किसी भी अन्य आपदा के समय में भी या ग्रामीण क्षेत्रों में भी सेवा की बात हो तो डॉक्टर्स हमेशा समाज की भलाई के लिए तैयार रहते हैं। आज संस्थान की ओर से उनका सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के अंत में सभी को अंग वस्त्र ओढ़ाकर तथा ईश्वरीय उपहार (स्मृति चिन्ह) भेंटकर बीके प्रहलाद भाई, बीके डॉ. गुरचरण सिंह, बीके महिमा बहन नें सभी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीके पवन, बीके महिमा बहन, बीके सुरभि, रोशनी, जितेन्द्र, संतोष, नारायण, निशु, विनीत, योगेश, आरएस वर्मा, रवि, धर्मेन्द्र, माधवी, ममता, ऋतु, गीता, शोभा आदि उपस्थित थीं।

# माधव महाविद्यालय में शुरू हुआ तीन दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




नेक से बी ग्रेड प्राप्त माधव महाविद्यालय में मंगलवार से तीन दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह प्रारम्भ हुआ। समारोह के अतिथि महाविद्यालय की पूर्व छात्र परिषद के सदस्य एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता नवल किशोर कुशवाह थे, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने की। नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ हुए दीक्षारम्भ समारोह में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नवल कुशवाह ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा स्वरोजगार को लेकर विशेष प्रयासों के कारण कई विद्यार्थी आज बेहतर जीवन जी रहे हैं। विद्यार्थी विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, स्कॉलरशिप्स, शासकीय योजनाओं के अतिरिक्त एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स गतिविधियों व सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए मूल्य आधारित शिक्षा का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक विद्यार्थियों की सुविधा हेतु काउंसलिंग के लिए शिक्षक उपलब्ध रहते हैं जो विद्यार्थी कुछ जानना समझना चाहते हों तो काउंसिलिंग के लिए महाविद्यालय आ सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन दीक्षारम्भ समारोह के संयोजक डॉ. मनोज अवस्थी ने किया। इस अवसर पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ साथ द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

## बन्हेरी सरपंच हत्याकांड में फरार पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### चीनोर क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां आते ही पुलिस ने धरदबोचा

**ग्वालियर।** बन्हेरी सरपंच विक्रम रावत हत्याकांड में फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश को पड़ाव थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह चीनोर क्षेत्र के ग्राम अमरौल में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां जैसे ही आया, सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा फरार इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर पड़ाव थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र में हुई बन्हेरी सरपंच विक्रम रावत हत्याकांड के मामले में दर्ज आईपीसी की धारा 302, 147, 148, 149, 150बी व 25/27 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में फरार चल रहा पांच हजार रुपए का इनामी आरोपी चीनोर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम आमरोल में रिश्तेदार के यहां आया हुआ है। उक्त जानकारी एएसपी सुमन गुर्जर को देने पर उनके द्वारा इंरदगंज सर्किल सीएसपी रॉबिन जैन के मार्गदर्शन में पड़ाव थाने की टीम को तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचाया। तो वहां मौजूद संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए धरदबोचा। जिसने पूछताछ में स्वयं को ग्राम बन्हेरी थाना आरोन का रहने वाला बताते हुए उक्त अपराध को अंजाम देना स्वीकार लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी पर एसपी द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उक्त कार्रवाई में पड़ाव टीआई आलोक सिंह परिहार, एसआई संतोष भदौरिया, प्रधान आरक्षक कमल सिंह परिहार, आरक्षक अंकित शर्मा, मनीष, रवि यादव एवं अवधेश गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

## दहेज के लिए इतना सताया कि शादी के दो माह बाद ही दे दी जान

### पति सहित सास- ससुर व जेठ पर दर्ज हुई एफआईआर

**ग्वालियर।** नवविवाहिता को ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर इतना सताया कि तंग आकर उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना पांच दिन पूर्व की कंपू थाना इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा जांच उपरांत पति सहित सास- ससुर व जेठ को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

कंपू थाना क्षेत्रांतर्गत नई बस्ती खजांची बाबा की दरगाह पर रहने वाली नवविवाहिता शबनम बानो ने बीती 25 जून की दोपहर अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पीएम हेतु पहुंचाने के उपरांत तत्समय मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया था। चूंकि मामला नवविवाहिता की मौत से जुड़ा था, जिससे इंदरगंज सर्किल सीएसपी रॉबिन जैन द्वारा केस की पड़ताल की गई। जिन्होंने मृतका के रिश्तदारों एवं आस- पड़ोस में रहने वाले लोगों से पूछताछ की, तो सामने आया, कि मृतका को पति शेर खान, ससुर अयूब खान, सास नाजरा खान व जेठ ईदुल खान द्वारा मायके से दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इससे तंग आकर ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उक्त हकीकत सामने आते ही पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 80(2), 3(5) व 3/4 दहेज एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

**इनका कहना है**

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की विवेचना में स्पष्ट हुआ है कि पति व उसके परिजनों द्वारा दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था, इसी से तंग आकर उसने यह कदम उठाया था। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-रॉबिन जैन
सीएसपी, इंदरगंज सर्किल

### मांग रहे थे एक लाख रुपए कैश व एक बीघा जमीन

पुलिस विवेचना में सामने आया है कि शबनम और शेर खान की शादी महज दो माह पूर्व ही हुई थी। शबनम के परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान- दहेज भी दिया था, उसके बावजूद शादी के बाद ससुराल पहुंचते ही पति व उसके परिजनों द्वारा उस पर मायके से और दहेज लाने के लिए दबाव बनाया जाने लगा। जो उससे एक लाख रुपए नगदी सहित एक बीघा जमीन व सोने की अंगूठी लाने की डिमांड कर रहे थे। जब शबनम ने अपने मायकों वालों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उनकी मांग पूरी कर पाने में असमर्थता जाहिर की, तो बात-बात पर उसके साथ तानाकशी व मारपीट की जाने लगी। घटना वाले दिन भी पति व उसके परिजनों ने उसको बेरहमी से पीटा था। जब यातनाएं असहनीय हुईं, तो कोई रास्ता नहीं दिखने पर उसने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

# जेसीबी किराए पर नहीं ली तो बंदूक- पिस्टल से कर दी फायरिंग

### आधी रात को सिरोल इलाके की घटना, आरोपी फरार

**ग्वालियर।** कंस्ट्रक्शन के लिए जेसीबी किराए पर नहीं लेने के विवाद पर बदमाशों ने ठेकेदार को धमकाते हुए बंदूक व पिस्टल से हवाई फायरिंग कर दी। घटना आधी रात को सिरोल थाना इलाके की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा दो नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल आरोपी फरार बने हुए हैं। सिरोल थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम आदर्शपुरा (रौरा) निवासी मुकेश पुत्र रामचरण रजक (45) पेशे से कंस्ट्रक्शन ठेकेदार है। जो गांव के लोगों से ठेके लेकर उनकी जमीन पर निर्माण कार्य करवा रहा है। उसके गांव में ही रहने वाला संजू गुर्जर द्वारा मुकेश पर विगत कई दिनों से दबाव बनाया जा रहा था, कि वह उक्त निर्माण कार्य के लिए बाहर से जेसीबी बुलवाने की जगह हमारी जेसीबी क्यों नहीं लगवाता है। इस पर संजू का कहना था, कि तुम पर जेसीबी कहां है, और अगर तुम पर जेसीबी है, तो डायरेक्ट जमीन मालिक से बात करो। बीती रात भी मुकेश और संजू के बीच इसी बात को लेकर कहा- सुनी हो गई, जिस पर संजू उसे गाली बकने लगा। जब मुकेश ने उसे गाली बकने से मना किया, तो संजू उस वक्त धमकाते हुए वहां से चला गया। जो कुछ देर बार कार में सवार होकर अपने दोस्त महेंद्र गुर्जर निवासी सिरोल व अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा। इन लोगों ने गाली- गलौज करते हुए बंदूक व पिस्टल से हवाई फायरिंग करना शुरू कर दी। आधी रात को गोलियां चलने की आवाज सुनकर दहशत में आए ग्रामीण घरों से बाहर निकले, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

**घर से फरार मिले आरोपी:** देर रात फायरिंग होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के उपरांत मुकेश की शिकायत पर संजू गुर्जर व महेंद्र गुर्जर को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 296, 351(3) व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने जब उनके घरों पर दबिश दी, तो घर से गायब मिले। जिससे अब अन्य छुपने के संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की जा रही है।

**तो निरस्त होगा आर्म्स लायसेंस:** पुलिस द्वारा जब चेक किया गया, तो रिकॉर्ड में आरोपियों के नाम पर कोई शस्त्र लायसेंस नहीं है। ऐसे में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पता लगेगा, कि उन्होंने जिन हथियारों से फायरिंग की थी, वह अवैध हैं अथवा लायसेंसी। यदि वह लायसेंसी हथियार होंगे, तो उनके लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है**

कंस्ट्रक्शन वर्क में जेसीबी लगवाने के विवाद पर दो आरोपियों ने हवाई फायरिंग की है, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। यदि वारदात में लायसेंसी हथियारों का उपयोग हुआ होगा, तो आर्म्स लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

-गोविंद बागौलीए टीआई, सिरोल




## लायंस क्लब ग्वालियर गैलेक्सी ने किया सम्मान

**ग्वालियर।** लायन्स क्लब ग्वालियर गैलेक्सी द्वारा 2025-26 नए सत्र के प्रथम दिवस मंगलवार को 10 डॉक्टर्स व 7 सीए का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी डॉक्टर एवं सीए को माल्यार्पण कर सर्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा मोमेंटो भी प्रदान किए गए। जिसमें मेंबर्स ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक जनकगंज में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन संदीप टावरी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जेडसी पीएमजेएफ लॉयन एलडी बलौदी थे। कार्यक्रम के अंत में क्लब के मानसेवी सचिव लॉयन महेश गोयल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लॉयन रविन्द्र दलवी, लायन अजय रणधीवे, लायन अभिषेक शर्मा, लायन डॉ. सुनील सिंघल, लायन डॉ. पंकज श्रीवास्तव, लायन हेमंत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# पीड़ित अब न्याय प्रक्रिया में कर सकते हैं सक्रिय भागीदारी: मोहिनी वर्मा

### कोतवाली थाना प्रभारी ने सेंट्रल लायब्रेरी में दी नए कानून की जानकारी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भारतीय न्याय प्रणाली में अब पीड़ितों को अधिक सशक्त और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए गए हैं, जिसके अंतर्गत पीड़ित अब अपनी बात खुलकर रखकर न्याय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं। साथ ही इसमें शिकायत की स्थिति, जांच की प्रगति और आरोप पत्र जैसे दस्तावेजों तक भी उनकी पहुंच सुनिश्चित की गई है। यह बात नवीन कानून लागू होने का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर एएसपी गजेंद्र सिंह वर्धमान व लश्कर सर्किल सीएसपी मनीष यादव के मार्गदर्शन में मंगलवार को सेंट्रल लायब्रेरी के सभागार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा ने लायब्रेरी के स्टूडेंट्स व स्टाफ को नए कानून की जानकारी देते हुए कही। कोतवाली थाना प्रभारी ने कहा कि नवीन कानून में सुनवाई और अपील का अधिकार एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा, निजी वकील नियुक्त करने का अधिकार, चार्जशीट की प्रति प्राप्त करने का अधिकार, विशेष मामलों में पीड़ित मुआवजा योजना, गवाह संरक्षण योजना, यौन अपराधों में गोपनीयता और पहचान की रक्षा, पीड़ित के बयान की वीडियों रिकॉर्डिंग, जांच की प्रगति जानने का अधिकार आदि शामिल हैं। उपस्थित छात्र- छात्राओं ने इन सभी जानकारियों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों से अपने प्रश्न भी पूछे, जिनकी शंकाओं का समाधान भी अधिकारियों ने सरल भाषा में उत्तर देते हुए किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान सेंट्रल लायब्रेरी को क्षेत्रिय ग्रंथपाल कार्यक्रम में पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं सहित राकेश कुमार शर्मा, प्रबंधक विवेक कुमार सोनी, ग्रंथपाल पूजा साहू, हरीश कुमार शर्मा, अनीता औडिया, कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक शैलेंद्र भारती, रमेश सिंड, महिला आरक्षक प्रीती रावत, सुमन तोमर, कुमकुम दुबे, पूजा रावत, शिवम शर्मा, आकाश पाल, अनिल प्रताप सिंह सहित लायब्रेरी के स्टूडेंट्स व स्टाफ आदि उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ग्वालियर आरिश ने किया 51 डॉक्टरों और सीए का सम्मान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



लायंस क्लब के नवीन सत्र 2025-26 की शुरुआत 51 डॉक्टरों और सीए के सम्मान के साथ लायंस क्लब ग्वालियर आरिश द्वारा कैंसर हॉस्पिटल के शीतला सहाय सभागार में हुई। आरिश द्वारा कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. बीआर श्रीवास्तव, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. रवि अम्बे, ऋचा अम्बे, गायनिक डॉ. अनीता अग्रवाल, डॉ. मुरारी लाल अग्रवाल सहित 51 डॉक्टर्स का सम्मान शॉल, सर्टिफिकेट, स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक गवर्नर लायन सुधीर बाजपेई, विशिष्ट अतिथि डॉ. बीआर श्रीवास्तव, कार्यक्रम में डिस्ट्रिक सेक्रेट्री लायन रमेश श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक कोषाध्यक्ष लायन रामकिशन सिंघल, डिस्ट्रिक पीआरओ लायन जुबेर रहमान, रीजन चेयरमैन सतेंद्र यादव, सिटी के पास्ट प्रेसिडेंट सलिल गुप्ता, रीजन सेक्रेटरी लायन रजनीश नीखरा, जोन चेयरपर्सन एवं संस्थापक अध्यक्ष रजनी अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन नीलम अग्रवाल ने की। संचालन लायन सीमा मित्तल एवं आभार सचिव कामिनी गोयल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में दीपाली सक्सेना, कोषाध्यक्ष स्मिता गोयल, लायन सुशीला, निर्मला अग्रवाल, रीना अग्रवाल, ममता अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

## ब्रीफ न्यूज

### भारत-अमेरिका में व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता, सफलता की गारंटी नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत-अमेरिका के रिश्तों में मतभेद और टकराव हो सकते हैं, लेकिन दोनों देशों को संबंधों को लगातार आगे बढ़ाते रहना होगा। एक अमेरिकी मैगजीन से बातचीत में जयशंकर ने दोनों देशों के ट्रेड डील, यूक्रेन युद्ध, और इंडो-पैसिफिक में भारत की भूमिका को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर वार्ता अंतिम दौर में है, लेकिन इसमें सफलता की गारंटी नहीं दी जा सकती क्योंकि बातचीत में दूसरा पक्ष भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक साझा आधार ढूंढना होगा और आने वाले कुछ दिनों में तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति पर कहा कि देश में इस समय एक गहरा परिवर्तन हो रहा है। हमने पिछले 50-60 सालों की तुलना में हाल के वर्षों में दोगुनी गति से विकास किया है। जब तक यह सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन नहीं होता, भारत वैश्विक निवेश के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य नहीं बन सकता।

### उम्र बढ़ने की रफ्तार कम कर सकती है कॉफी: शोध

**लंदन।** कॉफी पीने से न केवल ताजगी मिलती है बल्कि यह बढ़ती उम्र की प्रक्रिया को धीमा करने और लंबी उम्र पाने में भी मदद कर सकती है। यह दावा किया शोधकर्ता वैज्ञानिकों ने। शोध के अनुसार, कॉफी में मौजूद कैफीन को पहले भी कई स्वास्थ्य लाभों से जोड़ा गया है, जैसे उम्र बढ़ने पर होने वाली बीमारियों का खतरा कम होना, लेकिन इस बार वैज्ञानिकों ने यह समझने की कोशिश की है कि यह असर हमारे शरीर की कोशिकाओं में कैसे होता है। यूके की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि कैफीन हमारे शरीर की कोशिकाओं में एक पुराने ऊर्जा-संबंधी सिस्टम को सक्रिय करता है, जिसे एएमपीके कहा जाता है। यह सिस्टम यीस्ट और इंसानों दोनों में पाया जाता है। जब कोशिकाओं में ऊर्जा की कमी होती है, तो यह एएमपीके सक्रिय होकर कोशिकाओं को संभालने और उनके कामकाज को बेहतर बनाने में मदद करता है।

### ल्यूकेमिया जैसे रक्त कैंसर के जोखिम को पहचान सकेंगे नए खून टेस्ट से

**वाशिंगटन।** ब्लड टेस्ट के नए सरल तरीके से ल्यूकेमिया जैसे जानलेवा रक्त कैंसर का शुरुआती जोखिम को अब आसानी से पहचान सकेंगे। इजरायल और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक सरल लेकिन अहम रक्त परीक्षण विकसित किया है। इसे मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम (एमडीएस) नामक रक्त विकार की जांच में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। एमडीएस एक ऐसा विकार है जो गंभीर एनीमिया और माइलॉयड ल्यूकेमिया का कारण बन सकता है। अभी तक एमडीएस का पता लगाने के लिए मरीजों को बोन मैरो का नमूना देना पड़ता है, जिसमें लोकल एनीस्थीसिया की जरूरत होती है और यह प्रक्रिया काफी दर्दनाक और असुविधाजनक मानी जाती है।



तुर्की में इजमिर प्रांत के जंगलों में लगी आग के बाद उठता हुआ धूआं।

### दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने की कवायद शुरु

**ल्हासा।** बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा अपनी किताब में संकेत दिए थे कि जब वह 90 साल के हो जाएंगे, तो उत्तराधिकारी के बारे में जानकारी देंगे। अब बौद्ध नए धर्मगुरु और दलाई लामा के उत्तराधिकारी चुने जाने की चर्चा चल रही है। हालांकि, इसे लेकर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। दलाई लामा का उत्तराधिकारी का चुना जाना चीन, भारत और अमेरिका के लिए भी बहुत अहम है। तिब्बती परंपरा में ऐसी मान्यता है कि जब किसी वरिष्ठ बौद्ध भिक्षु का निधन होता है, तो उनकी आत्मा फिर जन्म लेती है।

बता दें 14वें दलाई लामा का जन्म 6 जुलाई 1935 को हुआ था। पूर्व उत्तरी तिब्बत में वह एक कृषि परिवार में जन्में और नाम रखा ल्हामो थोंधुप। उनकी पहचान पुनर्जन्म लेने वाली उस आत्मा के रूप में हुई थी। तब तिब्बत सरकार की तरफ से भेजे गए एक दल ने कई संकेत मिलने के बाद उनकी पहचान की थी।

# अमेरिका में मौजूदा दोनों पार्टियां एक जैसी, अब नई पार्टी की ज़रूरत

## ट्रंप को लगेगा झटका, एलन मस्क ने फिर की बिल की आलोचना

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप क्या चाहते हैं यह कोई नहीं जानता उनके खास दोस्त और जिस एलन मस्क ने चुनाव प्रचार करके उन्हें राष्ट्रपति बनाने में मदद की उन्हें भी ट्रंप अपना नहीं बना सके। इस दर्द छलका तो एलन मस्क ने अपने एक्स पर लिखा- अमेरिका में अब नई पार्टी की ज़रूरत है क्योंकि मौजूदा दो पार्टियां एक जैसी ही हो चुकी हैं।



टेस्ला के मालिक और अरबपति एलन मस्क ने फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खर्च संबंधी बिल की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बिल दिखाता है कि देश को अब एक नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत है। उन्होंने न सिर्फ ट्रंप के बिल में किए गए खर्चे को 'पागलपन' बताया, बल्कि कर्ज की सीमा को 5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने पर भी तंज़ कसा।

बता दें पहले भी ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल वाले खर्च को लेकर एलन मस्क कह चुके हैं। ट्रंप से इस बिल को लेकर सार्वजनिक तौर पर बहस भी हुई थी लेकिन उन्होंने बाद में अपना बयान वापस ले लिया था। मस्क के कारोबार पर भी इसका असर पड़ा था और उनकी कंपनी की मार्केट वैल्यू 150 अरब डॉलर तक गिर गई थी। इसके बाद से मस्क और ट्रंप के बीच बिल को लेकर बहस होती रहती है लेकिन एलन मस्क का नई राजनीतिक पार्टी वाला बयान ट्रंप को ज़रूर झटका देगा।

मस्क ने अपनी पोस्ट में अमेरिका के पॉलिटिकल सिस्टम पर करारा तंज कसते हुए पोर्की पिग पार्टी जुमले का इस्तेमाल किया है। यहां पर पोर्की पिग उन्होंने किसी औपचारिक पार्टी के लिए सीधे तौर पर नहीं लेकिन अमेरिका की राजनीति नीतियों और खर्चीले बिल को लेकर इस्तेमाल किया है। पोर्की पिग लूनी ट्यून्स के कार्टून कैरेक्टर का नाम है, जो अपनी कॉमिक छवि और भोलेपन की वजह से जाना जाता है। मस्क इस जुमले के जरिए अमेरिका के एकल पार्टी सिस्टम को निशाना बना रहे हैं और उनका कहना है कि ये पार्टियां जनता को छोड़कर सिर्फ अपने बारे में सोचती हैं। एलन मस्क का राजनीतिक सिस्टम पर प्रहार और नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत वाले बयान को मिलाकर देखा जाए, तो ये अमेरिका के भविष्य की कुछ और कहानी दिखा रहा है। पहले ट्रंप व्यापार के रास्ते से राजनीति तक पहुंचे, तो क्या अब मस्क भी इसी तैयारी में हैं हालांकि इस मामले में भी पेंच फंसे हैं।

### ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जून को एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उन्होंने सीरिया पर लागू अधिकांश अमेरिकी प्रतिबंध हटा दिए। यह कदम सीरिया के पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। व्हाइट हाउस के अनुसार यह आदेश सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को समाप्त करता है, जबकि बशर अल-असद और उनके सहयोगियों, मानवाधिकार उल्लंघनकर्ताओं, ड्रग तस्करों, रासायनिक हथियारों से जुड़े व्यक्तियों, आइएसआइएस और ईरान समर्थित समूहों पर प्रतिबंध जारी रखता है। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा, जो पूर्व में अल-कायदा से जुड़े रहे हैं।

## इंडो-पैसिफिक में अमेरिका का सबसे अहम रणनीतिक साथी है भारत: लेविट



एजेंसी ■ वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप का भारत को लेकर रुख हमेशा एक जैसा नहीं रहा है। कभी वो भारत को अपना दोस्त बताते हैं, तो कभी तल्ख बयानबाजी करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त ट्रंप ने भारत का साथ नहीं दिया था, उल्टा पाकिस्तान को अपना दोस्त बताया था, लेकिन अब तस्वीर फिर बदली है। ट्रंप न सिर्फ पीएम मोदी से अपनी मजबूत दोस्ती की बात कह रहे हैं, बल्कि भारत को इंडो-पैसिफिक में अमेरिका का सबसे अहम रणनीतिक साथी मान रहे हैं।

सोमवार को अमेरिका की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट ने कहा कि भारत इंडो-पैसिफिक इलाके में अमेरिका का सबसे अहम और भरोसेमंद साथी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और भारत के पीएम मोदी के बीच मजबूत निजी रिश्ता है। दोनों देश मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। ये बयान ऐसे वक्त आया है जब चीन का असर इस इलाके में लगातार बढ़ रहा है और कई देश इससे चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जब चीन के बढ़ते दखल पर सवाल किया गया, तो उन्होंने साफ कहा कि इस पूरे क्षेत्र में भारत की भूमिका बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत ही रणनीतिक और अहम साझेदार है। अमेरिका, भारत को एक ताकतवर देश के रूप में देख रहा है, खासकर चीन के मुकाबले। इस समय भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका में हैं। वे क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने गए हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में एक खास प्रदर्शनी की शुरुआत की है, जिसका नाम है- द हुमेन कॉस्ट ऑफ टेरिज्म। इस प्रदर्शनी का मकसद है दुनिया को बताना कि आतंकवाद सिर्फ गोलियां नहीं चलाता, वह आम लोगों की जिंदगी पर बुरा असर डालता है।

# जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट खरीदी को लेकर चीन से कोई समझौता नहीं हुआ

एजेंसी ■ इस्लामाबाद



पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा ने कहा- ये सब मीडिया में चल रहा

चीन से पांचवीं पीढ़ी के जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने की खबरों के बीच पाकिस्तान सरकार ने अब यू-टर्न लिया है। पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने साफ कहा है कि पाकिस्तान और चीन के बीच इस लड़ाकू विमान को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है ये सब मीडिया में चल रहा है, चीनी डिफेंस सेल्स को बढ़ावा देने के लिए। हमारे पास ऐसा कोई एग्रीमेंट नहीं है। अब सवाल ये उठा रहा है कि अगर कोई डील नहीं हुई, तो फिर पिछले कुछ हफ्तों से ये खबरें कहां से आ रही थीं कि पाकिस्तान 40 जे-35ए फाइटर जेट चीन से आधी कीमत पर खरीदने जा रहा है? कई मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान वायुसेना ने इन विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है और पायलटों का प्रशिक्षण भी चीन में शुरू हो गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक डिलीवरी अगस्त 2025 तक शुरू हो सकती है और भुगतान शर्तें भी आसान रखी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक हालत ऐसी है कि वह 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर खरीद सके? देश ने अभी-अभी 1000 अरब पाकिस्तानी रुपये की 118 विकास परियोजनाएं रद्द कर दी हैं, जबकि रक्षा बजट में 20 फीसदी की बढ़ोतरी करते हुए उसे 2.5 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए कर दिया है। चीन आज के समय पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। 80 फीसदी मिलिट्री इन्वेंट्री चीन से आती है। जे-10सी फाइटर जेट से लेकर एचक्यु-9 एयर डिफेंस सिस्टम तक। भारत के साथ पिछली झड़प में भी यही हथियार इस्तेमाल हुए थे। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब आसिफ की किसी टिप्पणी ने सवाल खड़े किए हों।

### सुमी शहर पर कब्जा करने 12 किमी दूर है रुसी सेना, यूक्रेनी सेना भी मोर्चे पर डटी


**मास्को।** रूस की सेना यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी शहर सुमी से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर है। रूस ने हजारों सैनिक इस मोर्चे पर उतार रखे हैं, जो तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने अब पूरा ध्यान बॉर्डर पर रखा है। रूस एक 50 हजार सैनिक सुमी शहर की ओर बढ़ रहे हैं। यूक्रेन के सैनिक युद्ध में रूस की मोर्चाबंदी के सामने फंस गए हैं। यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने बताया कि भारी सैनिक उतार रूस की मुख्य रणनीति हमें कमजोर करना है। रूस ने सुमी शहर में भीषण हमला अमेरिकी राष्ट्रपति के युद्ध विराम की अपील को ठुकराने के बाद किया है। तुर्की में ही पिछले हफ्ते दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सीजफायर को लेकर बातचीत हुई थी। बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। इसी बीच रूस ने भारी तादाद में मिसाइल और ड्रोन से यूक्रेन के कई शहरों में भीषण हमला किया। यूक्रेन के एफ-16 विमान और पायलट को भी रूस ने मार गिराया था।

# सीमा विवाद जटिल है भारत के साथ इसे बातचीत से सुलझाएंगे

## चीन ने सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखने की जताई इच्छा

एजेंसी ■ बीजिंग

चीन ने अब भारत के साथ चले रहे सीमा विवाद को बातचीत से सुलझाने की बात कही है। चीनी विदेश मंत्री माओ निंग ने कहा कि सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि बीजिंग परिसीमन पर चर्चा करने के लिए तैयार है। चीन ने सीमा को तय करने और सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखने पर बातचीत करने की इच्छा जताई। चीन का ये बयान भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एससीओ के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून के साथ बैठक के दौरान की गई टिप्पणियों के जवाब में आया है। इस बैठक में राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव दिया कि भारत और चीन एक संरचित रोडमैप के तहत जटिल मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करें। उन्होंने वास्तविक



नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने के लिए कदम उठाने और सीमा का सीमांकन करने के लिए मौजूदा तंत्र को फिर से सक्रिय करने की अपील की है। राजनाथ के बयान पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि दोनों देशों ने पहले ही विशेष प्रतिनिधि तंत्र कायम कर लिया है और सीमा समझौते के लिए राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति जाहिर की है। उन्होंने एसआर स्तर की 23 दौर की बातचीत के बाद इस मुद्दे को सुलझाने में हो रही देरी के बारे में कहा कि सीमा का सवाल जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगता है। बातचीत के लिए चीन की तत्परता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि चीन भारत के साथ परिसीमन वार्ता और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती इलाकों में शांतिपूर्ण कायम रखने व सीमा पार आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

## भारत ने प्रदर्शनी लगाकर पाक की आतंकवाद में भूमिका को किया उजागर

# पाक ने की यूएनएससी की अध्यक्षता, भारत ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा

एजेंसी ■ जेनेवा

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद मंगलवार को भारत ने 'इस्लामाबाद' की सीमा पार आतंकवाद में संलिप्तता को उजागर किया। भारत ने पहलगाम हमले का जिक्र किया, जो पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया था। यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता की चिंता के बीच उठाया गया है, जब भारत ने हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान के अध्यक्ष बनने से एक दिन पहले भारत ने यूएन भवन के प्रवेश द्वार पर द



ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म नामक प्रदर्शनी लगाकर पाकिस्तान की आतंकवाद में भूमिका को उजागर किया, जिसमें न केवल भारत बल्कि 9/11 जैसे वैश्विक हमलों में भी उसकी संलिप्तता दिखाई गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी आतंकवाद के पीछे के दोषियों को बेनकाब करने के खिलाफ एकजुट होने की मांग के लिए है। सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान अपने खास दोस्त चीन के साथ मिलकर काम करता है। अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान को प्रक्रिया के नियमों और कूटनीतिक परंपराओं का पालन करना होगा, जिसमें सदस्यों को बोलने की अनुमति देना और प्रस्ताव पेश करना शामिल है। महीने का एजेंडा परिषद की बैठक के पहले दिन सर्वसम्मति से अपनाया जाता है। 2023 में रूस ने अमेरिका और अल्बानिया की अध्यक्षता के दौरान इसे अवरुद्ध किया था, जिसके कारण परिषद को अस्थायी एजेंडा के साथ काम करना पड़ा था। अध्यक्ष के रूप में इस्लामाबाद उच्च-स्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रम और अपनी पसंद के विषयों पर खुली बहस के रूप में जाना जाता है। पाकिस्तान उच्च-स्तरीय बैठकें और खुली बहस आयोजित कर सकता है। इसका स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ज्यादातर बैठकों की अध्यक्षता करेंगे, लेकिन उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार जैसे नेता भी शामिल हो सकते हैं।

इस बीच पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित कर सकता है, लेकिन ईरान और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर वह रूस और चीन के साथ है, पिछले महीने ईरान पर आपातकालीन सत्र में पाकिस्तान ने अमेरिका और इजराइल के हमलों की निंदा करने की मांग की थी। चीन और रूस के साथ पाकिस्तान ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई बमबारी की निंदा करते हुए एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि, सीजफायर के कारण इस पर विराम लग गया और मामले में उसे अमेरिकी वीटो का सामना करना पड़ता था। इजराइल-हमास संघर्ष में पाकिस्तान फिलिस्तीन के साथ है और कश्मीर को इस मुद्दे से जोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन अब तक वह समर्थन पाने में कामयाब नहीं हुआ है।

## व्हाइट हाउस में नेतन्याहू से मिलेंगे ट्रंप, युद्धविराम पर होगी चर्चा

एजेंसी ■ यरुशलम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 7 जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करेंगे। ट्रंप प्रशासन ने यहां के एक स्थानीय समाचार पत्र के जरिए इस बैठक की पुष्टि की है। यह नेतन्याहू की जनवरी 2025 में ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात मुख्य रूप से गाजा में चल रहे संघर्ष, ईरान की परमाणु गतिविधियों और इजरायल के क्षेत्रीय राजनयिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा, इस संघर्ष की भयावह तस्वीरें देखकर राष्ट्रपति इसे जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहते हैं। ट्रंप ने हाल ही में इशारा दिया था कि अगले सप्ताह तक गाजा में युद्धविराम संभव है। नेतन्याहू की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका ने हाल ही में ईरान की एक न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमला किया था। ट्रंप ने इस कार्रवाई के बाद इजरायल और ईरान के बीच युद्ध को टालने का दावा किया था। इधर, इजरायल के रणनीतिक मंत्री रॉन डेरमर पहले ही अमेरिका में ट्रंप प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं।

# बिहार में अपने ही बुने जाल में फंस गया चुनाव आयोग

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया अब स्वयं आयोग के लिए सिरदर्द बन गई है। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के नाम पर शुरू की गई, चुनाव आयोग की इस कवायद से जनता के मन में संदेह, भय और असुरक्षा की भावना पनप रही है। आयोग ने 2003 के बाद वोटर बने करोड़ों नागरिकों से नागरिकता के प्रमाणपत्र की मांग की है। जो न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर सीधा अतिक्रमण है। आशंका इस बात की व्यक्त की जा रही है, कि यह प्रक्रिया एक अघोषित रूप से एनआरसी की कार्यवाही है। जिसे सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से पूरा करा रही है। चुनाव आयोग द्वारा अपने ही बनाए गए पुराने वोटर कार्ड के साथ ही आधार या पैन जैसे दस्तावेज मान्य नहीं किये जा रहे हैं। आयोग द्वारा निर्धारित 11 वैध दस्तावेजों की सूची में अधिकांश आम नागरिकों की पहुंच से बाहर के दस्तावेज हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जहां जन्म प्रमाण-पत्र या स्थायी निवास प्रमाण-पत्र आज भी दुर्लभ हैं। गरीब एवं मजदूर परिवार जहां दो वक्त की रोटी के लिए लगातार पलायन करता है, वह कैसे अपने दस्तावेजों को संभाल कर रखेगा। जिनका खुद का घर, मकान नहीं है, स्थाई रहने का प्रबंध नहीं है, उनसे उनके और उनके मां-बाप के जन्म मृत्यु के प्रमाण-पत्र की मांग करना एक तरह से मौलिक अधिकारों पर सीधा हमला है। यह स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब आयोग खुद स्वीकार करता है, कि मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रस्तावित प्रक्रिया चुनाव आयोग के लिए भारी तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियों से भरी है। विपक्षी दलों द्वारा संयुक्त रूप से विरोध के स्वर तेज होते ही, आयोग ने कुछ राहतों की घोषणा कर अपने कुछ कदम पीछे खींचे हैं। जैसे 2003 से पहले वोटर बने लोगों के बच्चों को अब स्वतः ही योग्य माना जायेगा। चुनाव आयोग का यह स्पष्टीकरण और संशोधन चुनाव आयोग के प्रति अविश्वास को बढ़ा रहे हैं। स्पष्ट है चुनाव आयोग ने बिना पूरी तैयारी और राजनीतिक दलों से बात किए बिना मतदाता सूची में संशोधन के इतने बड़े फैसले को मतदाताओं पर थोप दिया है। जिसमें करोड़ों मतदाताओं के हित जुड़े थे। उन्हें नकारने




का काम चुनाव आयोग ने किया है। वह भी ऐसे समय पर जब चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर लगातार विपक्ष चुनाव आयोग पर तीखे आक्षेप लगा रहा था। उस समय चुनाव आयोग द्वारा यह कदम उठाया गया। चुनाव आयोग के इस तुगलकी आदेश से बिहार जैसे राज्य की सामाजिक-राजनीतिक संरचना पर गहरा असर पड़ना तय है।

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री



महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फ़टकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है।

ललित गर्ग

जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा। सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है। भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था।

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है



प्रहलाद सबनानी

**कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुईं, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा।**

भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः ÷सोने की चिड़िया÷ बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है। वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है। भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है। एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है। इस भंडार के बाद गुयाना कच्चे तेल के उत्पादन के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है जबकि अभी गुयाना का विश्व में 17वां स्थान है। वर्ष 1947 में प्राप्त हुई राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के लगभग 70 वर्षों तक भारत की समुद्री सीमा की क्षमता का उपयोग करने का गम्भीर प्रयास किया ही नहीं गया था। हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में किए गए



प्रयास सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के भारी मात्रा में जो भंडार मिले हैं उनका अन्वेषण का कार्य समाप्त हो चुका है एवं अब ड्रिलिंग का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। ड्रिलिंग का कार्य समाप्त होने के बाद कच्चे तेल एवं गैस के भंडारण का सही आंकलन पूर्ण कर लिया जाएगा। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आधारभूत संरचना का विकास भी बहुत तेज गति से किया जा रहा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के समुद्रीय इलाकों से भी भारी मात्रा में कच्चा तेल निकाला जा रहा है तथा भारत का अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भी इंडोनेशिया से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसके कारण यह आंकलन किया जा रहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्रीय क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के अपार भंडार मौजूद हो सकते है। हर्ष का विषय यह भी है कि इस क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के साथ साथ अन्य दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल/मेटल) के भारी मात्रा में मिलने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। भारी मात्रा में मिलने जा रहे कच्चे तेल के चलते भारत अपनी परिष्करण क्षमता को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। चूंकि चीन ने कुछ दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों का भारत को निर्यात करना बंद कर दिया है अतः भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इन पदार्थों का मिलना भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबर है। पूर्व में भी भारत में कच्चे तेल एवं गैस के भंडार का पता चला था, जैसे बॉम्बे हाई, काकीनाड़ा, बलिया एवं समस्तिपुर, आदि। इन समस्त स्थानों पर कच्चे तेल को निकालने के संबंच में आवश्यक कार्य प्रारम्भ हो चुका है। दरअसल, इस कार्य में पूंजीगत खर्च बहुत अधिक मात्रा में होता है। जापान, रूस एवं अमेरिका से तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए इन देशों की बड़ी कम्पनियों के साथ करार करने के प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भारत का समुद्रीय क्षेत्र 5 लाख किलोमीटर का है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल के समुद्रीय इलाके में भी खोज जारी है एवं इस क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के भंडार मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अंडमान एवं निकोबार क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात आगामी लगभग 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल के आयात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। द्वितीय शुभ समाचार यह प्राप्त हुआ है कि भारत के कर्नाटक राज्य में कोलार क्षेत्र में स्थित अपनी सोने की खदानों में भारत एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के सम्बंध में विचार कर रहा है। कोलार गोल्ड फील्ड (चत्नस्न) को वर्ष 2001 में खनन की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। परंतु, अब 25 वर्ष पश्चात स्वर्ण की इन खदानों में खनन की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इस संदर्भ में कर्नाटक सरकार ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। आज पूरे विश्व में सोने की कीमतें आसमान छूते हुए दिखाई दे रही है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर इन देशों का विश्वास कुछ कम होता जा रहा है। बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में अमेरिकी डॉलर के बाद एक बार पुनः स्वर्ण मुद्राएं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के भुगतान का माध्यम बनें। ऐसे समय में भारत के कोलार क्षेत्र में स्थित स्वर्ण की खदानों में एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करना एक अति महत्वपूर्ण निर्णय कहा जा सकता है। कोलार स्थित स्वर्ण की इन खदानों में 750 किलोग्राम स्वर्ण की प्राप्ति की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

# मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं। बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है।

फीचर



# हेयर कलर के समय रखें इन बातों का ध्यान

**आजकल युवा लड़कियों में बालों को रंग करने (हेयर कलर) का फैशन तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। यह एक प्रकार से फैशन स्टेट्स तक बन गया है।**

ऐसे में बाजार में अनेक प्रकार के हेयर कलर आ गये हैं पर केवल बालों को कलर कर लेना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उससे भी ज्यादा जरूरी है कि वह कलर जो आप करने जा रही है आपके चेहरे और त्वचा (स्किन) के रंग से भी मेल खाना चाहिए।

**त्वचा के अनुसार हो हेयर कलर:** येलो स्किन टोन: यदि आपकी त्वचा हल्के पीलेपन को लिए हुए टोन की है तो आपके बालों के लिए डार्क हेयर कलर अच्छा रहेगा। आपको लाइट हेयर कलर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि यह आपके बालों को प्राकृतिक लुक नहीं देगा।

**पिंक स्किन टोन:** यदि आपकी त्वचा गुलाबी है तो लाल और गोल्डन कलर से बचना चाहिए। इस तरह की स्किन टोन वाले लोगों को एश टोन हेयर कलर करवाना चाहिए।

**फेयर स्किन टोन:** जिन लोगों की स्किन फेयर होती है वह कोई भी हेयर कलर शेड करवा सकते हैं क्योंकि इनपर कोई भी कलर जम जाता है।

**सांवली त्वचा:** सांवली त्वचा वाली लड़कियों पर ब्लू ब्लैक, कॉफी ब्राउन, मीडियम एस ब्राउन, मीडियम गोल्डन ब्राउन और साफ्ट एंड पिपर जैसे रंग बहुत अच्छा लगते हैं। इस तरह के रंग आपके चेहरे पर चमक लाते हैं।

**आंखे के अनुसार हेयर कलर:** भूरी और पीली आंखेः लाल और गोल्डन वार्म टोन वाले हेयर कलर शेड्स उन लोगों के लिए सही रहेंगे, जिनकी आंखे भूरी होती हैं। यह कलर पीले बेस वाली आंखों के लोगों पर भी अच्छा लगेगा।

**नीली, ग्रे और काली आंखे:** अगर आपकी आंखों का कलर नीला, ग्रे या फिर काला है तो आपको गोल्ड या एश रंग का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरह के हेयर कलर आपको खूबसूरत लुक देंगे।

## प्रेरणा

# हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे



सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं।

## अपनी बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कि दस वर्ष पहले हमने एक साहसिक यात्रा की शुरुआत की थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसे विविधतापूर्ण और विशाल देश में डिजिटल क्रांति संभव भी है या नहीं। लेकिन आज यह सवाल 140 करोड़ भारतीयों के जीवन में आए बदलावों ने स्वयं ही उत्तर दे दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि वर्ष 2014 में इंटरनेट का दायरा सीमित था, डिजिटल साक्षरता कम थी और सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच नाममात्र को ही थी।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोध करेगी और वह अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेगी। बंग्लुरु में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे होसबाले को मनुस्मृति का समर्थक बताया। उन्होंने कहा कि वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे स्टेशन के बाहर से अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया

**गुना।** शहर की कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की एक वारदात सामने आई है। फरियादी कुलदीप सेन पुत्र संजय सेन निवासी भदौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी मोटर साइकिल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक एमपी 08 एमजे 5907 को कोई अज्ञात चोर रेलवे स्टेशन के बाहर से चोरी कर ले गया। कुलदीप ने बताया कि गत शाम करीब 7:15 बजे वे अपनी लाल-काली रंग की बाइक को रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा कर अंदर गए थे। मात्र पांच मिनट बाद जब वे लौटे तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर वे थाने पहुंचे और चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं शहरवासियों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

### शारदा विद्या निकेतन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गुना।** स्थानीय शारदा विद्या निकेतन केंट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दिनेश अग्रवाल के द्वारा देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 04 सत्र रहेंगे। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आवश्यकता, महत्व, उपयोगिता और प्रमुख विशेषताओं जैसे 21वी के शिक्षण कौशल शिक्षण में उपयोग आदि विषयों का विद्यालय में क्रियान्वयन सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित संस्था अध्यक्ष अमित सोगानी ने बताया शारदा विद्या निकेतन इस सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षण प्रदान करेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय समस्त स्टाफ शामिल हो रहा है।

### डॉक्टर डे पर मीनाक्षी हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

**गुना।** डॉक्टर डे के अवसर पर मीनाक्षी हॉस्पिटल गुना में वरिष्ठ चिकित्सक और संचालक डॉ. दिनेश कुशवाहा द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने मुख्य अतिथि के रूप में भगवान धन्वंतरि की पूजन अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सिकरवार एवं डॉ. कुशवाहा एक-दूसरे को डॉक्टर डे की शुभकामनाएं देते नजर आए। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, श्वास रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, त्वचा रोग, ईसीजी, ब्लड टेस्ट समेत सामान्य बीमारियों की जांच की गई। मरीजों को उचित परामर्श एवं आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित की गई। शिविर में गुना शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

---

एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक वारदातें

# शहर में रात के अंधेरे में मौत बनकर घूम रहे हथियारबंद लुटेरे

## सीसीटीवी में कैद हुई दहशत, कैंट थाने में मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए हथियारबंद लुटेरे और चोर इन दिनों रात के अंधेरे में मौत बनकर शहर की गलियों में घूम रहे हैं। पिछले कुछ समय से शहर के कई इलाकों में लगातार चोरी और सेंधमारी की वारदातें सामने आ रही हैं, जिससे शहरवासी गहरे डर और तनाव में जी रहे हैं। चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि अब वे घरों के ताले तोड़कर, खिड़की की ग्रिल उखाड़कर और हथियारों के साथ वारदातों को अंजाम देने से भी नहीं हिचक रहे। पूर्व में बीजी रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद बदमाशों द्वारा घरों में घुसने की कोशिश की गई थी। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी, जिसके फुटेज सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश और डर का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में बीती रात कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्ला कॉलोनी सहित कई मोहल्लों में चोरों ने आतंक मचाया। चोर इस कदर बेखौफ है सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज में वह डांस करते और मस्ती करते दिखे रहे हैं। शुक्ला कॉलोनी में गत दरमियानी रात करीब 2:20 बजे अज्ञात चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया। वारदात से पहले उन्होंने घरों की तांका-झांकी की और कुछ मकानों के ताले भी तोड़ दिए। गनीमत रही कि बड़ी वारदात घटित नहीं हुई, लेकिन चोरों की हरकतें शुक्ला कॉलोनी स्थित शिव शक्ति स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी



कैमरों में कैद हो गई। कैमरे में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि दो से तीन युवक लगातार एक-एक घर के बाहर घूमकर मौका तलाश रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ये घटनाएं पहली बार नहीं हुई, बल्कि यह चोरों की संगठित गैंग है जो कई दिनों से क्षेत्र में सक्रिय है। लोगों ने पुलिस से नियमित रात्रि गश्त और चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

वहीं, इसी रात कैंट थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 33, जाट मोहल्ला में भी चोरी का प्रयास किया गया। यहां निवासी वीरू चौहान रात करीब 1:35 बजे अपने घर में सो रहे थे, तभी उन्हें खटपट की आवाज आई। उठकर देखने पर उन्होंने देखा कि अज्ञात व्यक्ति उनके घर की खिड़की की ग्रिल को सब्बल से उखाड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे ही चोरों को भनक लगी कि कोई जाग गया है, वे भाग निकले। बाद में पता चला कि इसी रात आंगनबाड़ी केंद्र में सेंध लगाकर चोरी की गई थी। इसके अलावा विवेक कॉलोनी में शिवराम चंदेल और पटेल नगर में नसीम खान बजरंगगढ़ वाले के घर भी चोरों ने धावा बोला और वहां से सामान पार कर दिया। एक ही रात में शहर के चार स्थानों पर चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके अलावा नजूल कॉलोनी रघुनाथ मंदिर के पीछे भी चोरों की गैंग ने धावा बोला। यहां डकैती की योजना बनाते हुए कुछ घरों के ताले तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन चोरी नहीं कर पाए। बहरहाल इन बढ़ती घटनाओं से शहर में भय का माहौल है। लोग रात्रि में चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। आमजन का कहना है कि वे अपने घरों के भीतर भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। नगरवासी अब सक्रिय चोर गिरोह के खुलासे और गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है और रात्रि गश्त बढ़ाने की बात कही है।

---

# पहली ही परीक्षा में... फेल हुआ हमारे शिक्षक ऐप, ई-अटेंडेंस बना ई-समस्या

## शिक्षक बोले—पहले ट्रायल जरूरी था, रजिस्टर ही भला था!

सत्ता सुधार ■ गुना

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से लागू की गई हमारे शिक्षक मोबाइल एप्लीकेशन पर आधारित ई-अटेंडेंस प्रणाली अपने पहले ही दिन तकनीकी अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ती नजर आई। जिले के उत्कृष्ट विद्यालय समेत कई शालाओं में शिक्षक नई व्यवस्था के तहत उपस्थिति दर्ज कराने में मशक्कत करते देखे गए, लेकिन बार-बार सर्वर डाउन और लॉगिन समस्याओं ने इस नवाचार को शुरूआत में ही सवालों के घेरे में ला खड़ा किया। शिक्षकों ने सुबह तय समय पर शाला पहुंचकर अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ई-अटेंडेंस दर्ज करने का प्रयास किया, लेकिन अधिकांश को 'सर्वर रिस्पॉन्ड नहीं कर रहा', 'आईडी-पासवर्ड इनवैलिड' या 'पेज नॉट अवेलेबल' जैसे संदेश दिखाई दिए। शिक्षकों के मुताबिक, किसी ने हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से प्रयास किया तो किसी ने वैकल्पिक पोर्टल एमपी 3.0 के जरिए लॉगिन



करने की कोशिश की, लेकिन नतीजा वही रहा—सिर्फ इंतज़ार और निराशा। उत्कृष्ट विद्यालय गुना में तो स्थिति और भी गंभीर रही। यहां करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद केवल चार शिक्षकों की ही ई-अटेंडेंस दर्ज हो सकी। बाकी शिक्षकों ने मजबूरी में परंपरागत तरीके से उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर किए और अपनी उपस्थिति के प्रमाणस्वरूप विद्यालय परिसर के सामने खड़े होकर फोटो लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। यह कदम उन्होंने प्रशासन को यह दिखाने के लिए उठाया कि वे निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहे, भले ही ऐप ने उनका समर्थन न किया हो। ज्ञात हो कि यह योजना शिक्षकों के भारी विरोध के बीच शुरू की गई थी। शिक्षकों का मानना है कि नई तकनीक को लागू करने से पहले उसका सफल ट्रायल आवश्यक होता है, जिससे फील्ड लेवल पर आने वाली समस्याओं का पूर्व अनुमान लगाया जा सके। एक शिक्षक ने बताया कि उन्होंने नियमों के अनुरूप पहले ही अपनी आईडी 'एमपी 3.0' पोर्टल पर रजिस्टर की थी, लेकिन लॉगिन करते समय बार-बार 'इनवैलिड आईडी' का संदेश मिला।

स्कूल शिक्षा विभाग की यह डिजिटल पहल प्रशासनिक नियंत्रण और पारदर्शिता की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही थी, लेकिन पहले ही दिन की तकनीकी खामियों ने इसे सवालों के घेरे में ला दिया है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों के शिक्षक जहां नेटवर्क की उपलब्धता पहले से ही सीमित है, उनके लिए यह प्रणाली और भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस असफल शुरूआत से सबक लेकर तकनीकी सुधार करता है या फिर यह योजना केवल कागजों और घोषणाओं में ही दम तोड़ती नजर आएगी। फिलहाल शिक्षक समुदाय इस नई प्रणाली को लेकर असमंजस और असंतोष की स्थिति में है। यदि जल्द तकनीकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यह प्रयास, सुधार के बजाय शिक्षकों के लिए एक और प्रशासनिक बोझ बनकर रह जाएगा।

---

# एनडीपीएस एक्ट के 6 साल से फरार स्थायी वारंटी को जामनेर पुलिस ने दबोचा



सत्ता सुधार ■ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन और एएसपी मानसिंह ठाकुर व डीएसपी युवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में गुना जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जामनेर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी सुरेश सिंह कुशवाह व टीम ने एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने प्रकरण में 6 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी महेश पुत्र मांगीलाल कुशवाह निवासी ग्राम बरसत थाना जामनेर, वर्ष 2019 में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पकड़ा गया था। उसके विरुद्ध जामनेर थाने में अपराध क्रमांक 17/19 धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। न्यायालय में पेश न होने के कारण विशेष न्यायालय गुना ने उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए जामनेर पुलिस ने महेश कुशवाह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। खास बात यह है कि आरोपी राजस्थान के छबड़ा थाने में भी चोरी के एक प्रकरण क्रमांक 302/22 में स्थायी वारंटी था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना छबड़ा पुलिस को भेज दी गई है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में सउनि अजमेर सिंह रावत, प्रधान आरक्षक भानुप्रताप सिंह तोमर, प्रवेन्द्र भदौरिया, महेन्द्र सिंह मीना और गिरजेश मीना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सीटू ने बनाई रणनीति साझा

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

सत्ता सुधार ■ गुना

मंगलवार को शहर के हनुमान चौराहा स्थित निजी होटल में सीटू द्वारा एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता को सीटू के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के राज्य उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता डॉ. विष्णु शर्मा ने की। वार्ता में आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों की जानकारी दी गई। प्रमोद प्रधान ने कहा कि सीटू समेत देश की 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों और 100 से अधिक स्वतंत्र फैडरेशनों एवं कर्मचारी संगठनों ने मिलकर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को देशव्यापी कामबंदी की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इस हड़ताल



को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस दिन पूरे मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों, कारखानों व कार्यस्थलों पर रैलियां और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने 18 सूत्रीय मांगपत्र भी प्रस्तुत किया, जिसमें मुख्य रूप से चारों श्रम संहिताओं को समाप्त कर पुराने श्रम कानूनों की बहाली, न्यूनतम वेतन 26,000 मासिक घोषित करने, न्यूनतम पेंशन 10,000 देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, ठेका व अस्थाई नियुक्तियों पर रोक लगाने, सरकारी विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोकने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी, आशा व ऊषा कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने, शिक्षा और स्वास्थ्य की निशुल्क व्यवस्था लागू करने जैसी जनहितकारी बातें भी शामिल हैं।

---

### वाहन चेकिंग: 89 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 51,300 का समन शुल्क वसूला

**गुना।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु गुना पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन एवं एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर संचालित हो रहा है। इसी क्रम में गत शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक जिले के सभी थानों और चौकियों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निर्धारित चेकिंग पॉइंट्स पर व्यापक स्तर पर वाहनों की तलाशी और दस्तावेजों की जांच की गई। विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट के वाहन, क्षमता से अधिक सवारी ले जा रही बसें, नशे की हालत में वाहन चला रहे चालक और अन्य संदेहास्पद गतिविधियों पर निगरानी रखी गई। चेकिंग की यह प्रक्रिया न केवल यातायात नियमों के पालन हेतु थी, बल्कि अपराध नियंत्रण की दृष्टि से भी अहम रही।

---

# शिक्षक ब्रह्मदास के घायल परिजनो की हालत देख भावुक हुए विधायक

## ऐसी दर्दनाक कभी हिंसा नहीं देखी - जयवर्धन

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के आरोन थानांतर्गत गेहूंखेड़ा गाँव में जमीनी विवाद के चलते शिक्षक ब्रह्मदास की नृशंस हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह मंगलवार को गुना के अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने इस घटनाक्रम में गंभीर रूप से घायल हुए ब्रह्मदास के भाई और पुत्र से मुलाकात की।



मुलाकात के बाद जयवर्धन सिंह ने बताया कि यह खूनी संघर्ष 10 बिस्वा जमीन के छोटे से टुकड़े को लेकर हुआ। ब्रह्मदास के पुत्र सत्या अहिरवार के दोनों पैरों में फ्रैक्चर है और सिर पर भी गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, ब्रह्मदास के भाई आईसीयू में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जयवर्धन सिंह ने इस घटना को आश्चर्यजनक और समझ से परे बताते हुए कहा कि ऐसी हिंसा असाधारण है। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में गुना के एसपी और कलेक्टर के संपर्क में हैं। जयवर्धन सिंह के साथ वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, डॉ. देवेंद्र सूर्यवंशी, राजू भारती, बमोरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल, हरिशंकर विजयवर्गीय, शेखर वरिष्ठ और हीरालाल अहिरवार भी घायलों से मिलने पहुंचे। सभी नेताओं ने घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ब्रह्मदास के परिवार ने शिक्षा और व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में खुद को स्थापित किया था, और ऐसे परिवार पर इस तरह की घटना होना वाकई चिंताजनक है। जयवर्धन सिंह ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि उनके उपचार में जो भी खर्च आएगा, वह स्वयं वहन करेंगे। पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मोहन सरकार और मोदी सरकार को सुरक्षा के मोर्चे पर विफल बताया।

---

स्मार्ट मीटर के झटकों से परेशान नागरिक पहुंचे कलेक्टोरेट, बोले-

# पुराना मीटर लगाओ, नहीं तो हम खुद उखाड़ फेंकेंगे

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में हाल ही में लगाए गए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए नई मुसीबत बनते जा रहे हैं। मंगलवार को लक्ष्मीनगर, सरस्वती नगर, बालाजी नगर और सकतपुर क्षेत्र के दर्जनों उपभोक्ता जिला जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर से बिजली बिल में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी को लेकर गुहार लगाई। इस दौरान उपभोक्ताओं ने दो टूक कहा कि हमें स्मार्ट नहीं, पुराने एनालॉग मीटर वापस चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो हम मीटर स्वयं इन मीटर को उखाड़ फेंकेंगे। इस मौके पर



जनसुनवाई में पहुंचे लक्ष्मीनगर निवासी अभिषेक चंदेल ने बताया कि उनकी मासिक आय मात्र 8000 है, जबकि इस माह बिजली बिल 13,500 आ गया है। पिछले महीने यही बिल 137 था। इसी तरह कुलदीप ओझा का बिल सीधे 207 से 37,195 पर पहुंच गया। उन्होंने कहा इतना बिल तो किसी फैक्ट्री का नहीं आता। हमारे घर में एक बल्ब और एक पंखा चलता है। सरस्वती नगर के सुरेश जैन ने बताया कि पहले उनका बिल 800 आता था, लेकिन इस बार 8,500 का बिल थमा दिया गया है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि कॉलोनी में हाल ही में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं और इन्हीं के बाद से बिल कई गुना बढ़े हैं। बिजली विभाग से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन न तो कोई मीटर जांचने आया और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। शनिवार को भी लोगों ने बिजली कार्यालय जाकर समस्या बताई थी, वहां आश्वासन मिला था कि सोमवार को जांच होगी, लेकिन कोई नहीं आया। इस पर मंगलवार को सैकड़ों लोग जनसुनवाई में पहुंचे और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। लोगों ने यह भी आरोप लगाए कि स्मार्ट मीटर लगाने के पीछे कंपनियों का निजी लाभ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली को निजी हाथों में सौंप दिया है और अब अडानी जैसी कंपनियों के मीटर आम आदमी को लूट रहे हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह कोई सामान्य गड़बड़ी नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से आम उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ डाला जा रहा है। लक्ष्मीनगर कॉलोनी के निवासी पवन कुशवाह, सुरेश जैन, रामेश्वर ओझा, धनपाल यादव और अन्य ने कलेक्टर के समक्ष स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि बिजली विभाग ने सात दिन में समस्या का समाधान नहीं किया तो कॉलोनीवासी स्वयं मीटर हटाकर आंदोलन करेंगे। गौरतलब है कि इन कॉलोनियों में अधिकतर लोग मजदूर या निम्न आय वर्ग से हैं। 5000 से 36000 तक के बिल उनके लिए असंभव से हैं। फिलहाल, बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और स्मार्ट मीटर की कार्यक्षमता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

---

# डॉक्टर्स और सीए दिवस पर विशिष्टजनों का हुआ सम्मान

**गुना।** रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा संचालित साई दृष्टि स्कूल में नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सह प्रांतपाल चार्टर्ड एकाउंटेंट अमित गोयल और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी सौरभ जैन उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष सौरभ जैन एडवोकेट एवं सचिव जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि आयोजन में शहर के डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के विशेष दिवस पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में शामिल डॉक्टर्स में डॉ. राजेश दिवाकर, डॉ. अशोक गोयल, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. राजेन्द्र जैन म्यान, डॉ. शांति सुमन दिवाकर, डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव, डॉ. पारुल जैन, डॉ. विम जैन, डॉ. संजीव जैन और डॉ. रैना चौधरी को सम्मानित किया गया। वहीं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए अतुल अग्रवाल सहित सीए सचिन जैन, सीए पंकज वैश्य, सीए दिनेश नेमा, सीए पवन राठी, सीए निकुंज जैन, सीए सिद्धार्थ सराफ, सीए विभूति जैन, सीए पल्लवी जैन और सीए आस्था सराफ को भी मंच से सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वस्थ रहने के लिए हम हर उस बात का अनुसरण करने के लिए तैयार रहते हैं, जो सेहतमंद रखने का दावा करती हैं. मगर कुछ अच्छी बातें भी हमारे स्वास्थ को नुकसान पहुंचा सकती हैं..

# मुश्किल में न डाल दें ये सेहतमंद आदतें



**सेहत को लेकर सचेत रहना अच्छी बात है, लेकिन आपको इस बात के प्रति भी सचेत रहना चाहिए कि अपनी सेहत के लिए आप जिन आदतों को फायदेमंद मानती हैं, वे वाकई में फायदेमंद हैं या नहीं। क्योंकि ऐसा कई बार देखने में आया है कि हम अपने मन में सेहत, खाने-पीने की आदतों, साफ-सफाई को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं, लेकिन इस बात से बेपरवाह रहते हैं कि हमारी ये आदतें सेहत के लिए फायदेमंद न होकर नुकसानदेह साबित हो सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं कि वे सेहतमंद आदतें कौन सी हैं, जो आपके लिए घाटे का सौदा साबित हो सकती हैं।**

### हर बार खाने के बाद ब्रश करना

कई लोगों को लगता है कि हर बार खाना खाने के बाद ब्रश करना आपके दांतों को कीटाणु-मुक्त और दांतों को मोतियों-सा दमकता हुआ बनाये रखने में मददगार होता है। लेकिन हकीकत यह है कि यह आपके दांतों पर से सुरक्षाकारी एनामेल को घिस सकता है और इससे आपको दांतों में सेंसिटिविटी की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए अपनी मां की हर दिन दो बार ब्रश करने की सलाह को याद कीजिए। आपके लिए वही फायदेमंद है। खाना खाने के बाद हर बार ब्रश करने की बजाय अच्छी तरह से कुल्ला करना आपके लिए ज्यादा उपयोगी है।

### ठीक नहीं हैंड सैनिटाइजर का बार-बार इस्तेमाल

क्या आप बाहर निकलने के बाद कुछ भी छूने, किसी चीज को पकड़ने के बाद बार-बार अपने हाथों में सैनिटाइजर मलती हैं? तो आप सतर्क हो जाइए। यह आदत आपको नुकसान पहुंचा सकती है। यह सही है कि हैंड सैनिटाइजर हाथों को साफ करने का सुविधाजनक तरीका है, लेकिन इस बात का ख्याल रखना भी जरूरी है कि इसका समझदारी से उपयोग किया जाये। अमेरिका में किये गये एक शोध के मुताबिक ज्यादातर सैनिटाइजर में ट्राइक्लोसान नामक एक केमिकल होता है, जिसे हाथ की त्वचा तुरंत सोख लेती है। अगर यह रक्त संचार में शामिल हो जाये, तो यह मांसपेशी को-ऑर्डिनेशन के लिए जरूरी सेल-कम्युनिकेशन को बाधित करता है। इसका लंबे समय तक ज्यादा इस्तेमाल त्वचा को सूखा बनाने, बांझपन और हृदय के रोग को न्योता दे सकता है। इसलिए अगर आपको हाथ धोने की जरूरत महसूस हो रही है, तो इंतजार कीजिए और मौका मिलते ही साबुन और पानी से ही अपने हाथों को धोइए।

### क्या आप अपने कॉस्मेटिक्स को बार-बार बदलती हैं?

अगर आप विज्ञापनों के प्रभाव में अपने कॉस्मेटिक्स को बार-बार बदलती हैं, तो इस आदत को बदल दीजिए। त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि इनसानी त्वचा का पीएच स्तर 5.5 होता है। अलग-अलग कंपनियों के कॉस्मेटिक्स के पीएच मान अलग-अलग होते हैं। जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उनके लिए अलग-अलग पीएच मानकों के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नकुसानदेह साबित हो सकता है। इससे आपकी त्वचा लाल पड़ सकती है। इसमें जलन या चकत्ते आने की शिकायत आ सकती है। इसलिए सिर्फ भरोसेमंद ब्रांड्स के कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल करें और इस्तेमाल से पहले सबके पीएच मानकों को जरूर पढ़ लें।

### हर बार बोतल बंद पानी नहीं

कई लोगों को लगता है कि बोतलबंद पानी आपको रोगों से दूर रखने में मददगार होता है। लेकिन ध्यान रखिए। बोतलबंद पानी प्रोसेस्ड पानी होता है, जिसमें खनिज तत्व मौजूद नहीं रहते हैं। लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करने से आपके शरीर में मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटैशियम, सिलिका, सल्फेट जैसे खनिजों की कमी हो सकती है। यह आपके लिए नुकसानदायक है, क्योंकि ये खनिज आपके शरीर में कई काम करते हैं। ये तत्व आपको ऊर्जा मुहैया कराने के साथ-साथ कोशिका और मांसपेशियों की मरम्मत भी करते हैं।

### फ्लिप फ्लॉप और पांव

क्या आपको लगता है कि हील वाली चप्पल आपके पांवों को नुकसान पहुंचाती हैं, इसलिए आपको चपटे सोल वाली चप्पल का इस्तेमाल करना चाहिए? लेकिन यह ख्याल आपके लिए वास्तव में नुकसानदायक साबित हो सकता है। क्योंकि आर्क नहीं होने के कारण फ्लिप फ्लॉप (चपटे सोल वाली चप्पल) आपके पांवों को कोई सपोर्ट नहीं दे पातीं। चलते वक्त चपटे स्लिपर को कंट्रोल करने के लिए अंगूठों को लगातार चप्पल पर ग्रिप बनाना पड़ता है, ताकि वह पांव से फिसल न जाये। इससे पांवों का नैचुरल लिफ्ट ऑफ और पांव रखना गड़बड़ा जाता है। इससे पांवों के तलवे में दिक्कत आ सकती है। अगर आपको अपने पांवों का ख्याल है, तो कोशिश रहे कि आप फ्लिप फ्लॉप कम ही पहनें।

# क्यों जरूरी है पैरेंट्स मीटिंग





**ऐसे कई अभिभावक हैं जिन्हें लगता है कि उनके बच्चे तो स्कूल में बहुत अच्छा कर रहे हैं फिर उन्हें पैरेंट्स मीटिंग में जाने की क्या जरूरत, लेकिन सच्चाई स्कूल जाकर टीचर से मिलने पर ही पता चलती है. इसलिए आपको भी अपने बच्चे की प्रोग्रेस जानने के लिए उनके स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग में जाना चाहिए.**

रितेश के स्कूल से जब भी पैरेंट्स मीटिंग का नोटिस आता है, शोभा का मूड खराब हो जाता है। उसे लगता है कि पैरेंट्स मीटिंग केवल उसके वीकेंड को खराब करने के लिए ही होती है। शोभा की तरह ऐसे कई अभिभावक हैं जिन्हें लगता है कि उनके बच्चे तो स्कूल में बहुत अच्छा कर रहे हैं फिर उन्हें पैरेंट्स मीटिंग में जाने की क्या जरूरत, लेकिन सच्चाई स्कूल जाकर टीचर से मिलने पर ही पता चलती है। इसलिए आपको भी अपने बच्चे की प्रोग्रेस जानने के लिए उनके स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग में जाना चाहिए। यह मीटिंग आपको बच्चे से जुड़ी कई अहम बातें जानने का मौका देती है।

- बच्चे के रिपोर्ट कार्ड पर लाल निशान न होना इस बात का सबूत नहीं है कि आपका बच्च पढ़ाई में अव्वल है और उसे आपके ध्यान की बिल्कुल जरूरत नहीं है। अगर आपका बच्चा क्लास में अच्छा परफार्म कर रहा है तो भी आपको उसके टीचर से जरूर बात करनी चाहिए कि वह अपने काम में और सुधार कैसे ला सकता है। जाहिर है आपको यह जानने का मौका पैरेंट्स मीटिंग के जरिये ही मिल सकता है।
- अगर बच्चा अच्छा परफार्म नहीं कर रहा होता है तो कई पैरेंट्स मीटिंग में इसलिए नहीं जाते कि उन्हें शर्मिंदगी झेलनी पड़ेगी। इस तरह के विचार आपके बच्चे पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। अगर स्कूल से बच्चे की कोई शिकायत आती है, तो उसे दूर करने का रास्ता जानने के लिए पैरेंट्स मीटिंग में जरूर शामिल हों।
- बच्चे स्कूल में क्या गतिविधियां करते हैं, यह बात हर मां-बाप को पता होनी चाहिए। हो सकता है कि आपका बच्चा अपने टेस्ट पेपर पर आपके ही साइन कर लेता हो। बच्चों की इस तरह की गलतियों को जानने के लिए पैरेंट्स मीटिंग में टीचर से मिलना न भूलें।
- क्या बच्चा क्लास में दूसरे बच्चों और टीचर से घुल-मिल कर बात करता है या फिर वह चुप-चुप किसी कोने में बैठा रहता है। इन सब जरूरी सवालों के जवाब आपको इसी पैरेंट्स मीटिंग में मिलेंगे।
- इसके अलावा अगर आपको टीचर से कोई शिकायत है, तो भी आप उसे पैरेंट्स मीटिंग में सुलझा सकती हैं। अगर टीचर आपके बच्चे पर ठीक से ध्यान न देती हो या फिर कॉपी ठीक से चेक न करती हो तो पैरेंट्स मीटिंग में इस बारे में टीचर से बात कर सकती हैं।
- पैरेंट्स मीटिंग में आपकी अपने बच्चे के दोस्तों के पैरेंट्स से भी मुलाकात हो जाती है। इससे आप उन पैरेंट्स से पैरेंटिंग के कुछ अनमोल सुझाव ले सकती हैं।
- टाइम न होने का बहाना बनाना आज से ही छोड़ दें। इससे आप न केवल खुद को धोखा दे रही हैं, बल्कि अपने बच्चे के भविष्य से भी खिलवाड़ कर रही हैं। आपके पास समय न हो तो आप बच्चे के पापा से समय निकाल कर पैरेंट्स मीटिंग में शामिल होने के लिए कह सकती हैं।

# खुशबू से महके आपका घर

- अगर आप चाहती हैं कि आपका कमरा बेहतरीन खुशबू से महके तो उसमें तेज महकने वाली खुशबूदार अगरबत्तियां जला दें.
- हल्की खुशबू के लिए कमरे में इत्र वाली मोमबत्तियां जलायी जा सकती हैं. ये मोमबत्तियां बाजार में कई अलग-अलग खुशबुओं में उपलब्ध हैं.
- अगर आपके घर पर पानी की केतली है, तो उसमें कुछ मसाले जैसे-लौंग, इलायची या फिर दालचीनी उबालें. इससे पूरे घर में खुशबूदार मसालों की अच्छी सुगंध भर जायेगी.
- कपूर और सम्ब्रानी भी तेज खुशबू के लिए जाने जाते हैं. इनकी महक न केवल पूरे घर को महका देगी, बल्कि घर के कीड़े-मकौड़े को भी मार देगी.
- एक बूंद यूकेलिप्टस ऑयल को खौलते हुए पानी में डाल देने से भी घर के जितने भी कीटाणु हैं, वे मर जायेंगे और कमरे की हवा भी शुद्ध हो जायेगी.
- आप चाहें तो अपने कमरे के गुलदस्ते में तेज खुशबू वाले फूल भी सजा सकती हैं. इन फूलों की खुशबू पूरे दिन आपके कमरे को महकाती रहेगी.





# फाउंडेशन का बेस, चमकाए फेस

**मेकअप बेस के तौर पर फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे पर आए कील-मुंहासे, झाइयां तथा दाग-धब्बे छिप जाते हैं। पर इसका सही इफेक्ट तभी आता है, जब यह सही तरीके से लगाया जाए। आइए समझते हैं फाउंडेशन की एबीसीडी।**

मेकअप बेस के रूप में फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे की त्वचा चिकनी और समतल बनती है तथा मेकअप को अधिक देर तक रखने के लिए भी फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह मेकअप का आधार होने के साथ-साथ त्वचा की रक्षा भी करता है और इसके इस्तेमाल से कील-मुंहासे, झाइयां तथा दाग-धब्बे छिप जाते हैं। फाउंडेशन लगाने का सही तरीका फाउंडेशन लगाने से पहले चेहरे और गर्दन की त्वचा को क्लींजिंग क्रीम या लोशन से साफ करें। उसके बाद रुई की मदद से चेहरे और गर्दन पर फाउंडेशन लगाना चाहिए। या फिर अपने चेहरे के विभिन्न हिस्सों पर फाउंडेशन को डॉट्स की तरह लगाएं। फिर अपनी अंगुलियों या गीले स्पंज से चेहरे पर अंदर से बाहर की ओर हल्के से मसाज करते हुए फाउंडेशन को मिलाएं।

तैलीय त्वचा पर फाउंडेशन लगाने से पहले रुई से एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं। और फिर कुछ देर बाद फाउंडेशन लगाएं। एस्ट्रिजेंट लोशन से त्वचा की चिकनाई दूर होती है। इसी तरह ड्राई स्किन पर फाउंडेशन लगाने से पहले ग्लिसरीन या मॉइश्चराइजर पूरे चेहरे पर लगाना चाहिए। सामान्य त्वचा के लिए कोई भी फाउंडेशन चल सकता है, मगर ऑयली त्वचा के लिए वॉटर बेस्ड और शुष्क त्वचा के लिए मॉइश्चराइजर फाउंडेशन अच्छा होता है। आपकी स्किन ड्राई है, तो फाउंडेशन में दो-तीन बूंद पानी मिलाकर चेहर पर लगाएं। चेहरे पर फाउंडेशन अधिक न लगाकर उचित मात्रा में ही लगाएं। फाउंडेशन लगाने के बाद टिश्यू पेपर से उसे इकसार कर लें और थोड़ी देर सूखने दें। उसके बाद उस पर फेस पाउडर लगाएं। रात और दिन के हिसाब से फाउंडेशन का चयन करना उचित होता है। इसमें गोल्ड फाउंडेशन नाइट पार्टी के लिए सही होता है। फाउंडेशन का मतलब सिर्फ त्वचा के रंग को बदलना ही नहीं होता, बल्कि त्वचा के निकटतम रंग से मैच करना होता है। इसलिए फाउंडेशन का चुनाव अपने चेहरे के रंग के अनुसार ही करें। इनका चुनाव आप अपनी स्किन को ध्यान में रखकर कर सकती हैं। बाजार में फाउंडेशन कई रूपों में उपलब्ध हैं, जैसे लिक्विड, क्रीम, स्टिक, पाउडर फॉर्म में। यदि कोई दुविधा हो, तो ब्यूटी एक्सपर्ट से पूछने में जरा भी न हिचकें। गर्मियों में पैनस्टिक या केक फाउंडेशन हार्ड हो जाते हैं। इस स्थिति में फाउंडेशन लगाने से पहले थोड़ा पानी मिलाएं।



## कॉमेडियन शो में दूसरों का मजाक उड़ाने वाले कपिल खुद बन गए मजाक

कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने शो पर सिलेब्रिटीज के मजे लेने का मौका नहीं छोड़ते लेकिन कहावत है कि सेर को भी सवा सेर मिल ही जाता है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के ताजा एपिसोड में कुछ ऐसा ही हुआ। जहां भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, बल्लेबाज ऋषभ पंत और युजवेंद्र चहल पहुंचे। कपिल शर्मा ने पूछा कि मुश्किल परिस्थितियों में ड्रेसिंग रूम का माहौल कैसा रहता है। जो कपिल ने सोचा भी नहीं उन्हें गौतम गंभीर ऐसा जवाब दिया।

गौतम अपने नाम के अनुरूप ही बहुत ही गंभीर दिखते हैं। उन्हें अक्सर गंभीर मुद्रा में ही देखा जाता है लेकिन कपिल शर्मा के शो में उनका अलग ही अंदाज नजर आया। प्रोमो में कपिल शर्मा पूछते हैं, ड्रेसिंग रूम में क्या माहौल होता है? गौतम भाई सीरियस भी होते हैं आपके साथ? पंत अपनी बात अभी खत्म ही किए कि गौतम गंभीर ह्यूमर का बल्ला ऐसा चलाते हैं कि हंसी के फव्वारे फूट पड़े। वह कहते हैं, ये तो वही बात है कि शो अच्छा नहीं चल रहा हो तो कैसी सिचुएशन होगी।इस अचानक और अप्रत्याशित पलटवार से कपिल शर्मा हैरान होने का नाटक करने लगते हैं। उन्हें अहसास हो गया कि सेर को सवा सेर मिल गया है। वह कहते हैं 'सारी बातें मेरे पे ही डालनी है। आज आपने देखा गौतम जी का नया रूप। कपिल शर्मा शो का तीसरा सीजन बिल्कुल नए कलेवर में है। नवजोत सिंह सिद्धू की लंबे समय बाद वापसी हो रही है। वह अर्चना पूरन सिंह के साथ शो में हंसी-मजाक, अपनी चिर-परिचित तुकबंदी और ठहाकों का तड़का लगाते दिखेंगे। तो गुरु... ठोको ताली।



### अपहरण और जबरन वसूली मामले में अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी...

## भगवान सब देखा रहा

टीवी और बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री पूजा बनर्जी और उनके अभिनेता–पति कुणाल वर्मा वर्तमान में एक गंभीर आपराधिक मामले के चलते सुर्खियों में हैं। उन पर फिल्म निर्माता श्याम सुंदर डे के अपहरण और जबरन 23 लाख रुपये की वसूली करने का आरोप लगा है। इस मामले में गोवा पुलिस ने कपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना गोवा के कलंगुट इलाके की है।

मामले की शुरुआत 12 जून को कोलकाता के पनाचे पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई एफआईआर से हुई थी, इस श्याम सुंदर डे की पत्नी मालबिका डे ने दर्ज कराया था। मालबिका ने आरोप लगाया कि उनके पति को गोवा में पूजा और कुणाल वर्मा ने बंधक बनाया और जान से मारने की धमकी देकर 23 लाख रुपये की फिरौती वसूली। मामले में भारतीय दंड संहिता की कई धाराएं लगाई गई हैं, जिसमें गलत तरीके से रोकने, अपहरण, फिरौती के लिए अपहरण, वसूली, जानबूझकर चोट पहुंचाना और आपराधिक धमकी देने की धाराएं शामिल हैं।

**गोवा पुलिस ने श्याम सुंदर डे और उनकी पत्नी को पूछताछ के लिए बुलाया**

बताया जा रहा है कि मामला कोलकाता पुलिस के पास दर्ज हुआ था लेकिन घटना गोवा में हुई इसलिए जीरो एफआईआर के रूप में गोवा पुलिस को केस ट्रांसफर किया गया। अब गोवा के कलंगुट पुलिस स्टेशन में केस की जांच चल रही है। पुलिस ने श्याम सुंदर डे और उनकी पत्नी को भी 2 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया है। मामले को लेकर पुलिस की ओर से जांच में तेजी लाई जा रही है और आरोपों की पुष्टि के लिए कई पहलुओं पर काम हो रहा है।

वहीं, अब पहली बार अभिनेत्री पूजा ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने पोस्ट शेयर किया जिसमें लिखा, हम अपनी जिंदगी के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जो लोग हमारे साथ खड़े हैं, उनके हम हमेशा आभारी रहने वाले है। जो लोग हमारे खिलाफ फैलाए जा रहे झूठ पर यकीन कर रहे हैं, भगवान उन्हें भी आशीर्वाद दें। मैं भगवान में विश्वास करती हूं और जानती हूं कि भगवान सब देख रहा है। उनकी यह प्रतिक्रिया बताती है कि वे इन आरोपों को गलत मान रही हैं और खुद को निर्दोष साबित करने के लिए कानूनी प्रक्रिया का सामना करने को तैयार हैं।



## फिल्म 'मां' को लेकर बहुत उत्साहित हैं काजोल

बालीवुड एक्ट्रेस काजोल की होम प्रोडक्शन फिल्म 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान काजोल ने अपने बचपन के अनुभवों, हॉरर फिल्मों को लेकर अपने नजरिए, ब्लैक मैजिक और भारतीय पौराणिक कथाओं के प्रति अपने आकर्षण के बारे में खुलकर बात की।

**मां काली और रक्तबीज की कहानी है फिल्म में...**

काजोल ने बताया कि वह अपनी फिल्म 'मां' को लेकर बहुत उत्साहित हैं क्योंकि इसकी कहानी वही पौराणिक कथा है जिसे वह खुद कई बार अपने बच्चों को सुना चुकी हैं। यह कहानी काली मां और रक्तबीज की है, जो भारतीय पौराणिक गाथाओं में अत्यंत प्रसिद्ध है। काजोल ने कहा कि वह इस कहानी को पर्दे पर लाने को लेकर बेहद भावुक और गंभीर थीं क्योंकि यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मायने रखती है। हॉरर फिल्मों को लेकर काजोल ने कहा कि वह कभी भी इनकी प्रशंसक नहीं रहीं। उन्होंने बताया कि उनकी बहन को हॉरर फिल्में देखने का बड़ा शौक था लेकिन उन्हें खुद डरावनी फिल्में पसंद नहीं थीं। मजाकिया लहजे में काजोल ने कहा कि वह अपनी बहन से कहती थीं कि अगर डरने का इतना ही शौक है तो मुझे बोलो, मैं फ्री में डरा दूंगी, लेकिन उनकी बहन ने कभी यह ऑफर स्वीकार नहीं किया। ब्लैक मैजिक यानी काले जादू के सवाल पर काजोल ने कहा कि अगर आप रोशनी में यकीन करते हैं तो आपको अंधेरे में भी यकीन करना होगा। उनके मुताबिक कभी-कभी इंसान को कुछ चीजें ऐसी लगती हैं जो तर्कसंगत नहीं होतीं और उन्हें लगता है कि यह सब पूरी तरह से गलत या असंभव नहीं कहा जा सकता। भारतीय पौराणिक कथाओं पर बात करते हुए काजोल ने कहा कि उन्हें मायथोलॉजी बेहद पसंद है, चाहे वह भारतीय हो, वाइकिंग हो या ग्रीक। उन्होंने कहा कि वह मायथोलॉजिकल फिल्मों में काम करने की ख्वाहिश रखती हैं।

## ऑस्कर हेतु भारतीय सितारों को मिला न्योता

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह, द एकेडमी अवॉड्र्स यानी ऑस्कर्स का अगला आयोजन 15 मार्च 2026 को डॉल्बी थिएटर में होने जा रहा है। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व की बात है कि इस बार बॉलीवुड के कई कलाकारों को ऑस्कर वोटिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। कुल 534 नए मेंबर्स को यह सम्मानजनक न्योता मिला है, जिसमें दिग्गज अभिनेता कमल हासन और आयुष्मान खुराना भी शामिल हैं। इनके अलावा सिनेमैटोग्राफर रणवीर दास, कास्टिंग डायरेक्टर करण माली, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर स्मृति मुंदड़ा, कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु और फिल्म निर्देशक पायल कपाड़िया को भी वोटिंग मेंबर बनने का अवसर मिला है। ऑस्कर की मेंबरशिप किसी भी कलाकार के लिए बड़े सम्मान की बात मानी जाती है, क्योंकि इससे उन्हें विजेताओं का चुनाव करने का अधिकार मिल जाता है।

## 'राहु केतु' की शूटिंग मनाली में पूरी की शालिनी पांडे ने

बालीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली शालिनी पांडे ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'राहु केतु' की शूटिंग मनाली की वादियों में पूरी की। शालिनी ने शूटिंग खत्म होने के बाद सोशल मीडिया पर एक भावुक और आत्मीय पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने इस पूरे अनुभव को एक प्रेम–पत्र और कृतज्ञता से भरी डायरी की तरह बयां किया।

उन्होंने तस्वीरों की एक खूबसूरत सीरीज शेयर करते हुए लिखा॰ मनाली के लिए एक छोटा सा लव लेटरज मैंने यहाँ एक महीने बिताया, शूटिंग करते हुए, पहाड़ों की गोद में रहते हुए, और एक नई लय में खुद को ढालते हुए। मुझे अपने डॉग्स एजी और बीर की बहुत याद आई। हर दिन। कभी-कभी ये चुप्पी भारी लगती थी... लेकिन धीरे-धीरे, मनाली ने मुझे थाम लिया। अजनबियों की चुप्पी में छिपी दया में, हिमाचली कुत्तों के प्यार में जो बस पास आकर बैठ जाते थे, सुबह की शांति और देवदार की खुशबू में... शालिनी ने आगे बताया कि 'अविर' नाम का एक छोटा कैफे, गौतम द्वारा बनाई गई नुटेला टोस्ट और अदरक-नींबू की चाय, सैम के स्टूडियो में मिट्टी से जुड़ाव, और मनाली स्ट्रेज़ जैसे एनिमल रेस्क्यू सेंटर इन सबने उनके दिनों को खास बना दिया। मैं एक एक्टर के तौर पर मनाली काम के लिए गई थी, लेकिन वापस लौट रही हूं एक भरे हुए दिल और अनगिनत यादों के साथ। कुछ ऐसे पल जो मुझे फिर से ज़मीन से जोड़ते हैं। ऐसी जगहें जो मुझे याद दिलाती हैं कि मैं कौन हूं। और एक ऐसा शहर जो बिना कुछ मांगे बहुत कुछ दे गया।

**शालिनी पांडे न भावुक और आत्मीय पोस्ट शेयर की...**



## पटना में मल्लिका ने लिट्टी-चोखा खाने की जताई इच्छा

पहली बार बिहार की राजधानी पटना पहुंचीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने यहां के खान-पान और संस्कृति के प्रति अपनी दिलचस्पी खुलकर जाहिर की। एक्ट्रेस मल्लिका ने कहा कि वह पहली बार बिहार आई हैं और यहां के हर कोने को एक्सप्लोर करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने बिहार की मशहूर डिश लिट्टी-चोखा और कचौड़ी खाने की इच्छा जताई। मल्लिका ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें सड़क के किनारे मिलने वाला खाना बहुत पसंद है और उन्होंने सुना है कि यहां का देसी खाना बेहद स्वादिष्ट होता है। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि बिहार के असली स्वाद का अनुभव करें। पटना एयरपोर्ट और राज्य के विकास की तारीफ करते हुए मल्लिका ने कहा कि वह यहां का एयरपोर्ट देखकर काफी खुश और हैरान हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब काफी डेवलप हो गया है और यहां की सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर देखकर अच्छा लगता है। मल्लिका ने माना कि बिहार में बदलाव साफ नजर आ रहा है और यह देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई है। बिहार और यहां के कलाकारों के प्रति अपने लगाव का इजहार करते हुए मल्लिका ने कहा कि वह भोजपुरी सुपरस्टार और सांसद रवि किशन की बहुत बड़ी फैन हैं। उन्होंने कहा कि रवि किशन एक शानदार कलाकार हैं और अगर मौका मिला तो वह उनके साथ काम करना जरूर चाहेंगी। मल्लिका ने यह भी कहा कि अगर सही मौका और कहानी मिले तो वह खुद बिहार में फिल्म बनाना चाहेंगी ताकि यहां की खूबसूरती और संस्कृति को पर्दे पर दिखाया जा सके। हरियाणा के रोहतक की रहने वाली मल्लिका शेरावत का असली नाम रीमा लांबा है।

**पहली बार बिहार आई... यहां के हर कोने को एक्सप्लोर करना चाहती हूं...**





## 'कन्नप्पा' का अहम सीन ऑनलाइन लीक

रिलीज के पहले ही फिल्म 'कन्नप्पा' के ट्रेलर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिससे दर्शकों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह था। रिलीज के तुरंत बाद ही फिल्म का एक अहम सीन ऑनलाइन लीक हो गया, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। बताया जा रहा है कि जो वीडियो सामने आया है उसमें प्रभास का एंट्री सीन शामिल है जिसमें अक्षय कुमार भी नजर आते हैं। फिल्म में अक्षय भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं जबकि प्रभास रुद्र की भूमिका में हैं। लीक हुए वीडियो में पहले प्रभास की आंख दिखाई देती हैं और फिर कैमरा उनकी बैक शॉट लेता है। इस दौरान थिएटर में बैठे दर्शक काफी उत्साहित नजर आते हैं। लोग सीटियां बजाते, चिल्लाते और नाचते दिख रहे हैं, जिससे यह साफ है कि यह सीन सिनेमाघर में जबरदस्त रिस्पॉन्स ले रहा था। हालांकि राहत की बात यह है कि इस वीडियो से फिल्म की स्टोरीलाइन या उसके प्लॉट का ज्यादा खुलासा नहीं होता।



लीक होने के बाद वीडियो को सोशल मीडिया से हटा दिया गया है, लेकिन तब तक यह तेजी से वायरल हो चुका था और चर्चा का विषय बन गया। फिल्म 'कन्नप्पा' को फिलहाल मिक्स रिव्यूज मिल रहे हैं। कुछ दर्शकों और समीक्षकों ने इसे पसंद किया है तो कुछ ने इसमें कमजोरियां भी गिनाई हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर बहस और चर्चाएं लगातार जारी हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से कुछ दिन पहले ही फिल्म के मेकर्स ने एक आधिकारिक नोटिस जारी किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि फिल्म देखे बिना नेगेटिव कमेंट्स करने वालों के खिलाफ वे कानूनी कार्रवाई करेंगे।

उन्होंने दर्शकों और समीक्षकों से अपील की थी कि वे पहले फिल्म देखें और फिर अपना निष्कर्ष दें। 'कन्नप्पा' भगवान शिव के परम भक्त की कहानी पर आधारित फिल्म है। इसमें विष्णु मंचू लीड रोल में नजर आते हैं। काजल अग्रवाल ने माता पार्वती का किरदार निभाया है जबकि मोहनलाल ने क्रिता का रोल किया है। मोहन बसु महादेव शास्त्री की भूमिका में हैं और फिल्म में आर. सरथकुमार, मुकेश ऋषि और मधू भी अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के सितारों और इसके धार्मिक-पौराणिक विषय के चलते दर्शकों में खास दिलचस्पी देखी जा रही है। बता दें कि फिल्म 'कन्नप्पा' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसमें प्रभास, विष्णु मंचू, काजल अग्रवाल, मोहनलाल और अक्षय कुमार जैसे बड़े सितारे नजर आ रहे हैं।

### ब्रीफ न्यूज

#### प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 1877 हितग्राही होगें लाभान्वित

**अशोकनगर।** नगर परिषद शाढ़ौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बीएलसी घटक अंतर्गत जांच में बिना कारण दर्शाये घोषित 1924 हितग्राहियों की पुनः जांच कर आवास प्रदाय कराने के संबंध में पांच दलों का गठन किया गया था। उक्त पांचों दलों द्वारा जांच पूरी कर रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत कर दी गई है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह द्वारा उक्त अनुमोदित सूची में पात्र 1877 एवं अपात्र 38 हितग्राही पाये गये है। कलेक्टर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शाढ़ौरा को उक्त पात्र 1877 हितग्राहियों को नियमानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त प्रदाय कर आवास निर्माण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दे दिये गये है। इस प्रकार नगर परिषद शाढ़ौरा में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य प्रारंभ हो गया है।

#### खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तेल सहित अन्य सामग्रियों का लिया सैंपल

**हरदा।** कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जालाराम स्टोर यूनिट हरदा व इंडस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तेल टैंकर का निरीक्षण किया वहीं एक सोया तेल का सैंपल जांच हेतु लिया गया। उक्त सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा जांच उपरांत रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान फूड सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र कांबले उपस्थित रहे।

#### माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत वंदे मातरम गायन

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

#### बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की होगी एनीमिया जांच

**हरदा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 5 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बालक बालिकाओं की डिजीटल विधियों से एनीमिया की जांच कर यथोचित उपचार व रिपोर्टिंग की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि बच्चों की एनीमिया जांच के लिये एनीमिया जांच दल गठित किया गया है। शालेय एनीमिया जांच अभियान के लिये आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. जे.एस. कुशवाहा को प्रभारी बनाया गया है। उन्होने बताया कि सम्पूर्ण विकासखण्ड खिरकिया के लिये ए.एम.ओ. डॉ. आशुतोष करोड़े, विकासखण्ड टिमरनी के लिये ए.एम.ओ. डॉ. योगेश अग्रवाल, विकासखण्ड हरदा के लिये ए.एम.ओ. डॉ. फजल खान व डॉ. विजय मीणा तथा नगरीय क्षेत्र हरदा के लिये ए.एम.ओ. डॉ. मंजू वर्मा तथा डॉ. पीएन छलोत्रे को दायित्व सौंपा गया है। साथ ही क्षेत्रीय एएनएम, सीएचओ एवं एक सपोर्ट स्टाफ की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# ग्राम बडेरा में दबंग द्वारा जमीन पर कब्जा करने की कोशिश

## आवेदक ने कलेक्टर से की रास्ता रोकने,ज़मीन की बुवाई नहीं करने देने वाले पर कार्रवाई करने की मांग

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिले की चंदेरी तहसील अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी आवेदक हरि गोपाल पुत्र बाबूलाल सिहारे ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर,शिकायत की है कि उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने, उसे अपनी जमीन की बुवाई नहीं करने देने वालों पर पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आवेदक हरि गोपाल सिहारे ने बताया कि उसकी भूमि सर्वे नंबर 136,197 एवं 203 ग्राम बडेरा तहसील चन्देरी में स्थित है। तथा इसी से लगा हुआ पुराना सर्वे नम्बर 146 (वर्तमान सर्वे नम्बर 202) है जिस पर प्रार्थी पूर्वजों के समय से पूर्व दिशा की और उक्त सर्वे नम्बर के आधे भाग पर काबिज होकर करीब 50 वर्षो से कास्त करता चला आ रहा है। उक्त रकबा करीब दो बीघा है जो शासकीय है उक्त रकबे को प्रार्थी द्वारा काबिज कास्त बनाया गया था। उक्त भूमि सर्वे नम्बर 202 पर बली सिंह पुत्र घनश्याम लोधी द्वारा दिनांक




22/06/2025 को रात्रि के 8 बजे के करीब अपना ट्रैक्टर चलाकर कब्जा करने की कोशिश की गई। प्रार्थी के मना करने पर अश्लील गालियां देने लगे। और कहने लगे कि तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे क्यों कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं, गांव का सरपंच हूं, मेरे खिलाफ थाने वाले अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करेंगे,क्योंकि सरकार मेरी है।आवेदक ने बताया कि न्यायाधीश ने म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1953 की धारा 250 के तहत बली सिंह लोधी पुत्र घनश्याम लोधी भूमि जिसका सर्वे नम्बर 197 है, से बेदखल कर मुझे कब्जा दिलाया था। बलीसिंह लोधी एवं उसके साथी शेर सिंह, मंगल, कलेक्टर पुत्र जंडेल लोधी ने दिनांक 30/06/2025 को उक्त भूमि पर मुझे बुआई नहीं करने दी तथा भूमि जिसका सर्वे नम्बर 202 है, को भी जोतने एवं बुवाई करने नहीं दी, मुझे अश्लील गालियां दी और प्रार्थी को जान से मारने की धमकियां दी। एक ही खेत तक जाने का जो सरकारी रास्ता है, उस पर बली सिंह एवं उसके साथी शेर सिंह, मंगल एवं कलेक्टर पुत्र जंडेल सिंह लोधी जाने नहीं देते, प्रार्थी को खेत तक जाने में बड़ी कठिनाई होती है। आवेदक ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि उसे खेत तक पहुंचने हेतु रास्ता दिलाया जाए एवं प्रार्थी उक्त भूमि पर खेती कर सके इसके लिए बली सिंह पुत्र घनश्याम लोधी एवं उसके साथी शेर सिंह, मंगल व जंडेल लोधी पर कठोरतम कार्यवाही की जाए।

## आदिवासियों की भूमि पर अवैध कब्ज़ा एक सामाजिक अन्याय है

# भूमि सुधार कानून लागू कर गरीबों के स्वामित्व की पेशकश करें: नरेंद्र खंगाराले

सत्ता सुधार ■ सीहोर

चतुर्थ जाति जनजाति जनजाति वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद म.प्र. के प्रदेश सरदार खंगाराले जाटव दलित चिंतक समाज के सेकड़ों की संख्या में जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। अनावेदकगण मो.शकील के पिता वकील रेजिडेंट दीवान बाग को सीहोर, सामायिक बेग के पिता टुकड़ा बैग, श्रीमती लामाशा मस्जिद पति अलीम जागीरदार के स्वामी भूपाल द्वारा संबद्ध जिला बैंक से बंधक भूमि का फ़र्ज़ी वैवक्तिकृत अनुबंध पत्र तैयार कर संस्था की भूमि का आदेश बिना संस्था, संस्था, भिक्षुक के आदेश के बिना संस्था की भूमि का खसरे से हटा दिया गया है। इसमें यह कास्ट क्लास रजिस्ट्रार एक्ट 1989 की धारा 3/1/10 एवं 420 की धारा और कास्ट क्लास की सुनवाई ना करने वाले अधिकारियों के रिकार्ड धारा 4 का रिकार्ड शामिल है, जो दंडनीय एवं संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। श्री खंगाराले ने बताया कि इस प्रकार की आदिवासियों की भूमि पर





अवैध कब्जा एक सामाजिक अन्याय है। भूमि सुधार कानून को लागू करके भूमि कानून के स्वामित्व में इस प्रकार के फूलमोगरा के दलित परिवार व ग्राम डोबरा, सीहोर की भगवती बाई अहिरवार तथा भरोस धावरे पलासीकला भैरूदा की भूमि पर अवैध व्यवसाय को छोड़ दिया गया, जिला प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शासन की अनदेखी का कारण ग्रामीण इलाकों में तानाशाही का कब्जा है। मासूम दलित वर्ग के लोग शासन के चक्कर लगा रहे हैं, कठोर कठोरता की जावे। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से नरेंद्र खंगाराले, सीताराम भारती, पूर्व मंदिर मठवासी कलाकार नरेंद्र खंगाराले, धर्मप्रकाश आर्य, अतिलाल टिमराई, दीपक सोनकर, नंदकिशोर नागार्जुन पूर्व सरपंच, महेश आश्रम, राजाराम पुरातन, जीवन आयाम, कैलाश आश्रम, भंवरलाल पठारी, कमल अहिरवार, धन्नालाल परचौले, पानालाल खंगाराले, विजय कार्यशाला, बाबूलाल तुलावट आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# हॉकी संघ एवं मास्टर गेम एसोसिएशन सीहोर के खिलाड़ियों ने किया खेल अधिकारी का स्वागत

सत्ता सुधार ■ सीहोर



आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीहोर ने भोपाल से आई नव नियुक्त खेल अधिकारी रुबिका दीवान ने पदभार ग्रहण किया। नौसेना अधिकारी का स्वागत करने के लिए, सीहोर हॉकी संघ के खिलाड़ी और कोचों ने खेल विभाग कार्यालय सीहोर क्षेत्र और रुबिका मैडम को सीहोर में चल रही हॉकी की मेहनत से कठोर अभ्यास हॉकी संघ के अधिकारियों में डॉ. अनीस खान संरक्षण मास्टर एसोसिएशन गेम राजा राम बड़े पूर्व ओलंपिक हॉकी कोच राशुल ड्राइंग, अफ्सरा ड्वी, हॉकी संघ के अध्यक्ष राजीव गांधी एसोसिएट। खिलाड़ियों में राज्य स्तरीय खिलाड़ी आयुषी मेवा, साक्षी सूर्यवंशी, अरिसा साहबा, किरण, मुस्कान, मानवी, त्रिवेणी, राशि, श्रावस्ती सूर्यवंशी। राज्यस्तर पर वैद्य नरेश मीना, हर्षित पुरबिया, लक्की रैकवार, कृष्ण वैभव सिंह सिसौदिया, आदित्य, रिजवान, आकाश, तनिष्क आदि खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 417 आवेदकों की समस्याएं



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को समक्ष में रूबरू होकर ध्यानपूर्वक तरीके से सुना। इस दौरान आवेदकों द्वारा समस्याओं,शिकायतों के आवेदनों पर त्वरित रूप से निराकरण हेतु मौके पर निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 417 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर,डिप्टी कलेक्टर इसरार खान सहित जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वेयरहाउस,उपार्जन समिति, ट्रांसपोर्टर पर होगी ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई

## वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान उपार्जित गेहूं में 1200 बोरी का अंतर पाया गया था



**अशोकनगर।** करीब एक माह पूर्व 29 मई को मुस्कान वेयरहाउस में रखे समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के स्टॉक में अंतर की शिकायत पर कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोक नगर ब्रिज बिहारी लाल श्रीवास्तव, प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्रीमती प्रावी शर्मा शाखा प्रबंधक वेयरहाउस उदय सिंह राजपूत केंद्र प्रभारी नागरिक आपूर्ति निगम नीरज यादव द्वारा वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया था। तथा प्राथमिक जांच में उपार्जित गेहूं में 1200 बोरे (600 कुंटल) का अंतर पाया गया था। जांच दल द्वारा वेयरहाउस का रिकॉर्ड तथा उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मिलान किया गया, जिसमें 1200 बोरे कम होने तथा एक ही ट्रक द्वारा बार-बार परिवहन किए जाने एवं तौल कांटे की पर्ची एक ही नंबर की होने पर गेहूं का भंडारण कम पाया गया। जांच दल द्वारा सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जांच की गई थी। वेयरहाउस में उपलब्ध गेंहू,समितियों से प्राप्त गेहूं का मिलान सहित विस्तृत जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा गया था। और कहा गया था कि वेयर हाउस में रखे गेहूं में हेरा- फेरी करने वालों के विरुद्ध नियम अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के करीब एक माह बाद,पता लगाया कि कौन दोषी है, और क्या कार्रवाई हुई तब यह जानकारी मिली कि उपार्जन समिति, ट्रांसपोर्टर और वेयरहाउस पर ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की जा रही है। ना तो दोषी व्यक्ति पर कोई कार्रवाई सामने आई ना ही जांच के बाद क्या रिपोर्ट आई इसका जांच दल द्वारा या प्रशासन द्वारा खुलासा किया गया। बल्कि वेयरहाउस से गायब गेहूं की पूर्ति किसने की या नहीं की, इसकी जानकारी भी नहीं मिली। इससे लगता है कि मुस्कान वेयर हाउस में किए गए निरीक्षण का राज, राज ही रह जाएगा। जब इस संबंध में प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्रीमती प्रावी शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि करीब 10-12 दिन पहले प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी गई है, उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग को प्रेस नोट दे दिया गया था। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस, सहकारी समिति,परिवहन कर्ता पर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई हुई है। वहीं जब इस संबंध में सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती दिव्या नामदेव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व खाद्य विभाग से उपार्जन संस्था को ब्लैक लिस्टेड कराने के लिए पत्र आया था। उसमें कलेक्टर को पुटअप किया है।

#### इनका कहना है

मामले में जांच पूरी हो गई है,जिला उपार्जन समिति की बैठक ली जाएगी, ट्रांसपोर्टर, उपार्जन समिति और वेयरहाउस के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

आदित्य सिंह, कलेक्टर अशोक नगर।

करीब 10- 12 दिन पहले सहकारिता विभाग को पत्र दे दिया गया था, सहकारी संस्था वेयरहाउस और परिवहन कर्ता पर ब्लैक लिस्ट स्टेट की कार्रवाई की जा रही है।

प्राची शर्मा, प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अशोकनगर।

करीब एक सप्ताह पूर्व खाद्य विभाग से पत्र आया था,जिला उपार्जन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर हैं,तो उनके साईन से ही ब्लैक लिस्टेड करवाना है।

दिव्या नामदेव, सह आयुक्त सहकारिता विभाग अशोकनगर।

## पट्टेदार एवं खदान धारकों को खुले छूटे स्थलों का उचित प्रबंधन किये जाने के निर्देश

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री आदित्य सिंह द्वारा पट्टेदार एवं खदान धारकों को निर्देशित किया है कि मानसून 2025 में वर्षा के पूर्व बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव के संबंध में बंद पड़ी खदानों एवं खनन पश्चात खुले, छूटे स्थलों / गड्ढ़ों में जल भराव की स्थिति के कारण जनहानि / पशुहानि होने की संभावना के दृष्टिगत इन खुले छूटे स्थलों का उचित प्रबंधन किया जाए। स्वीकृत खदान क्षेत्रों में यह उपाय सुनिश्चित किए जाए कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में खनन गतिविधियों से छूटे हुए गड्ढ़ों में बाढ़ एवं अतिवृष्टि का जल भराव से जन हानि/पशुहानि को रोका जाए। मानसून 2025 में वर्षा के पूर्व समस्त आवश्यक सावधानियों सुनिश्चित करते हुए समुचित कार्यवाही की जाए।शासन द्वारा जारी उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्देशों का उल्लंघन करने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# कलेक्टर जैन ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में आये नागरिकों की कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सुश्री रजनी वर्मा एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम हरदा कुमार शानू देवड़िया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम कपासी निवासी लक्ष्मीबाई ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर शिकायत की कि पिछले 3 माह से राशन नहीं मिल रहा है, जिस पर उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में



हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 25 के निवासियों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को नाले से अतिक्रमण हटावाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में प्रताप सिटी कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बरसात के पानी की निकासी नहीं होने तथा खाली प्लाटों में पानी जमा होने व गंदगी के संबंध में शिकायत की। जिस पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पचौला निवासी सोनु गाडरी ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने की मांग की, जिस पर उन्होंने तहसीलदार हंडिया को सीमांकन कराने के निर्देश दिये।

# लीनेस क्लब ने जिला अस्पताल जाकर मनाया डॉक्टर्स-डे, डॉक्टर का किया सम्मान




सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

डाक्टर्स -डे उन फरिश्तों को समर्पित जो सादा जीवन जीकर दूसरों को नया जीवन देते है?। लीनेस क्लब द्वारा मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर्स डे मनाया इस दौरान क्लब की सदस्यों ने कुछ डॉक्टरों का सम्मान भी किया। इस मौके पर सरकारी जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ गौरव बंसल, डॉ आस्था अग्रवाल, डॉ मनीषा यादव को उनके द्वारा किए गए कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट वाइस प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल व दीपा रघुवंशी द्वारा डॉ की महत्ता बताई गई। क्लब की अध्यक्ष डॉ रजनी शुक्ला ने अपने भावों को व्यक्त करते हुए कहा कि सफेद कोट वाले हमारे लिए, मसीहा बनकर दिन रात सेवा में लगे रहते हैं। उनकी मेहनत,समर्पण और करुणा को हमारा शत-शत नमन। नवजात शिशुओं के लिए हमारे क्लब की सदस्य सीमा बत्रा द्वारा नए वस्त्र दिए गए। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ , अंजना दुबे,राखी तिवारी, संगीता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अल्का अग्रवाल, विजया अग्रवाल , संध्या अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# संदीपनी विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर के शंकरपुर टोरिया में निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणकार्यो की प्रगति के बारे में संबंधित ठेकेदार से जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को बारीकी से देखा। उन्होंने निर्देश दिये कि संदीपनी विद्यालय भवन के निर्माण का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन साथ थे।



## ब्रीफ न्यूज

### खजराना गणेश मंदिर को मिली 5 स्टार रेटिंग

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर को भारत व दुबई में कार्यरत कंपनी दी पेट्रोन्स वर्ल्ड ने 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया है। श्री खजराना गणेश मंदिर इंदौर सहित प्रदेश का पहला पांच सितारा मंदिर कहलाएगा। यह अवॉर्ड कंपनी के सीईओ और कंट्री हेड की उपस्थिति में मंदिर समिति को दिया गया। अवॉर्ड को भगवान गणेश के चरणों में समर्पित किया गया। लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र खजराना गणेश मंदिर को 5 स्टार रेटिंग का सम्मान मिला है। मंदिर के पुजारी पं.अशोक भट्ट ने बताया कि दी पेट्रोन्स वर्ल्ड के सीईओ संजय तिवारी, कंट्री हेड कृपाशंकर दुबे, मनोज वाणी और कुमार अशोक की उपस्थिति में ये अवॉर्ड मंदिर समिति को दिया गया। इसके बाद ये अवॉर्ड भगवान गणेश के चरणों में समर्पित किया गया और विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा कंपनी के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट, जयदेव भट्ट ने किया। कंपनी के अधिकारियों को मंदिर प्रागंण का भ्रमण भी कराया गया।

### दीपावली के पहले शहर में बनेंगे 5 नए बिजली झोन

**इंदौर।** बिजली वितरण कंपनी शहर में नए बिजली झोन बनाने जा रही है। प्रत्येक डिवीजन अंतर्गत एक-एक झोन बढ़ाने के लिए सर्कल से प्रस्ताव बुलाए गए हैं। इस तरह शहर के पूर्व, पश्चिम, मध्य, दक्षिण, उत्तर डिवीजनों से एक-एक झोन नया खोला जाएगा। इसके बाद सबकुछ ठीकठाक रहा तो शहर में दीपावली से पहले, यानी दो तीन माह बाद मौजूदा 30 के बजाय 35 झोन हो जाएंगे। इंदौर शहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बिजली वितरण केंद्र, यानी झोन का अनुपात भी उपभोक्ताओं की क्षमता अनुसार ही रहना चाहिए। शहर में कुछ झोन ऐसे हैं, जिनकी उपभोक्ता संख्या 30,000 या इससे अधिक भी पहुंच रही है। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण और विद्युत सप्लाई आदि व्यवस्था का संचालन आसन नहीं रहता। इसलिए इंदौर शहर में नए झोन की दरकार लंबे से बनी हुई है। इन्हीं बातों के मद्देनजर प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर रीजन एवं सर्कल कार्यालय की ओर से इसकी एक पखवाड़े से तैयारी की जा रही है। सभी झोन वहां होंगे, जहां शहर के सीमावर्ती लोगों की पहुंच में हो।

### भारतीय किसान संघ ने समस्याओं के लिए कलेक्टर से की बात

**उज्जैन।** भारतीय किसान संघ जिला उज्जैन की जिला टोली ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से भेंट की। किसानों की विभिन्न समस्याएं रबी 2023 का बीमा, खरीफ 2024 का बीमा एवं उज्जैन तहसील में पूर्व में ओला सृष्टि से 2021 में गेहूं की फसल में हुए नुकसान का निराकरण, नकली खाद एवं दवाई बेचने वालों पर कार्रवाई, खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने, उज्जैन इंदौर नए फोरलेन एवं जावरा रोड निर्माण की ऊंचाई कम रखना आदि विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा की। कुछ मामलों का कलेक्टर ने संबंधित विभाग को फोन लगाकर तुरंत निराकरण किया एवं शेष बिंदुओं का निराकरण शीघ्र कर दिया जाएगा।

---

### डॉ. पटेल ने आभार जताते हुए कहा इंदौर का कार्यकाल प्रेरक और सीख से भरपूर रहा

# इंदौर से भोपाल स्थानांतरण होने पर संयुक्त संचालक डॉ. आरआर पटेल का किया सम्मान

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, इंदौर में पदस्थ संयुक्त संचालक डॉ. आर.आर. पटेल का भोपाल स्थानांतरण होने पर सोमवार को जमसंपर्क कार्यालय परिसर में गरिमामय समारोह में उनका सम्मान कर विदाई दी। कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही इंदौर के मीडिया संगठनों के प्रतिनिधियों ने डॉ. पटेल के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मध्यप्रदेश स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, वुमन्स प्रेस क्लब की अध्यक्ष शीतल राय सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

#### प्रशासन और प्रेस के बीच सेतु के रूप में निभाई भूमिका

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने कहा डॉ. पटेल ने प्रशासन और प्रेस के बीच सेतु के रूप में भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव सहित अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर उन्होंने कुशल समन्वय और दक्ष प्रबंधन से विभागीय कार्यों को उत्कृष्ट रूप से निभाया। डॉ. पटेल की कर्मठता, लगनशीलता और सकारात्मक सोच की प्रशंसा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. पटेल राज्य स्तर पर भी अपनी जिम्मेदारियों को उसी दक्षता से निभाएंगे जैसे इंदौर में निभाया।



#### मीडिया और प्रशासन के बीच सशक्त समन्वय किया स्थापित

इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि डॉ. पटेल एक विलक्षण अधिकारी हैं, जिन्होंने मीडिया और प्रशासन के बीच सशक्त समन्वय स्थापित कर इंदौर को नई पहचान दी। वे सदैव सहजता, संवेदनशीलता और कुशल संवाद के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा ने भी अपने अनुभव साझा किया। समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. पटेल के प्रशासनिक योगदान, मीडिया से उनके सौहार्दपूर्ण संबंधों और जनसंपर्क क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उपस्थित जनों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर शुभकामनाएं दीं। डॉ. आर.आर. पटेल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इंदौर में कार्यकाल उनके लिए अत्यंत प्रेरक और सीख से भरपूर रहा। उन्होंने मीडिया और प्रशासन के बीच सहयोग की भावना को हमेशा प्राथमिकता दी और विश्वास जताया कि यह परंपरा आगे भी बनी रहेगी। समारोह में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन, जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों और मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों आदि ने भी डॉ. पटेल को शॉल, श्रीफल, दुपट्टा और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

---

# घूमने निकले पांच दोस्तों की कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

### देर रात बायपास पर हुआ हादसा, तीन छात्र गंभीर घायल

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास स्थित ब्रिज के पास सोमवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छात्र महेश्वर के पास ढापला गांव के रहने वाले थे और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान धीरज पाटीदार (20) पुत्र किशोर पाटीदार निवासी ग्राम ढापला, थाना मंडलेश्वर और ध्रुव पाटीदार पुत्र डालूराम पाटीदार, निवासी धरगांव, मंडलेश्वर के रूप में हुई है। दोनों इंदौर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक कर रहे थे और रेडियो कॉलोनी में किराए के फ्लैट में रहते थे।

हादसे में हेमंत पाटीदार, आदित्य और यशराज नामक तीन छात्र घायल हुए हैं। इनमें हेमंत महाराणा रणजीत सिंह कॉलेज से बीएससी कर रहा है। सभी घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार धीरज लेकर आया था। सभी दोस्त देर रात शहर घूमने निकले थे, इसी दौरान बायपास पर ब्रिज के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। आशंका है कि कार तेज रफ्तार में थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने छात्रों के परिजनों को मंडलेश्वर में सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

### जादू-टोने की आड़ में लाखों की ठगी का पर्दाफाश, दो शातिर ठग गिरफ्तार

**बड़वानी।** पुलिस की सतर्कता और तकनीकी अनुसंधान से ठगोरों का पर्दाफाश किया। फरियादी पाटूसिंह निवासी स्नेह नगर, बड़वानी ने थाने में शिकायत की थी कि उसने घर की समस्याओं को दूर करने के लिए एक तथाकथित तांत्रिक ओमप्रकाश से संपर्क किया था। आरोपी ने पूजा-पाठ कराने के बहाने घर में प्रवेश कर फरियादी और परिजनों को अलग-अलग स्थानों पर भेजकर अलमारी से 12 लाख से अधिक के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। पूरे घटनाक्रम में इतनी चतुराई से विश्वासघात किया गया कि फरियादी को कई दिन तक चोरी का पता ही नहीं चला। पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन और एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी ओमप्रकाश और उसके साथी श्याम निवासी सोन्दुल जांगरवा बसाहट को गिरफ्तार किया।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सत्ता सुधार ■ बड़वानी**

शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी की ईको क्लब ईकाई के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं धरती मां को हरा भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ईको क्लब प्रभारी प्रो. सीमा नाईक ने बताया कि पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत नवीन सत्र में प्रवेशित छात्राओं को ईको क्लब का सदस्य बनाते हए पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर वृक्षारोपण के महत्व को बताया। प्राचार्य डॉ. कविता भदौरिया के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि विनय मोरे प्रबंधक, वित्तीय समावेशन और विकास विभाग भारतीय रिजर्व बैंक, संदीप अग्रवाल जिला प्रबंधक, नवीन श्रीवास्तव जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड बड़वानी एवं यश सेठी आरसेटी बड़वानी द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया एवं छात्राओं से इनकी देखरेख कर इन्हें विकसित करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अतिथियों को ईको क्लब द्वारा निर्मित जूट के बैग वितरित कर पोलिथिन मुक्त शहर बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन.एल. गुप्ता, डॉ. स्नेहलता मुझाल्दा, डॉ. जगदीश मुजाल्दे, डॉ. महेश कुमार निंगवाल, डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ. सुनीता भायल, डॉ. प्रियंका देवड़ा, डॉ. इन्दु डावर, डॉ. रिमता यादव, डॉ. अंकिता पागनिस, डॉ. शोभाराम वास्केल सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

---

# महेश परमार ने कहा, आमजन की आवाज दबाने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर कराया केस

**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

मप्र में भाजपा की तानाशाह सरकार आम लोगों की पीड़ा की आवाज को दबाने के लिए फर्जी एफआईआर दर्ज करा रही है। इसका सबूत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोक नगर में दर्ज कराई गई एफआईआर है। भाजपा सरकार चाहती है कि कांग्रेस आम आदमी की पीड़ा को सामने नहीं लाए। यह आरोप तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने प्रेसवार्ता में लगाए।

उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी ने मामले की जानकारी लगते ही कलेक्टर को फोन लगाकर कार्रवाई के लिए अवगत कराया था। अगर कांग्रेस राजनीति करना चाहती तो कलेक्टर को फोन नहीं लगाती। सीधे प्रेसवार्ता करके मामले का खुलासा करती। परन्तु ऐसा नहीं किया गया था, इसका कारण था कि कांग्रेस लोगों को न्याय दिलाने में विश्वास करती है। परमार ने दावा किया कि पूरा मामला अशोक नगर जिले के एक गांव का है। सरपंच ने पीड़ितों के साथ मारपीट की। इसकी शिकायत जनसुनवाई में की थी। लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। परमार ने कहा कि दस दिन से पीड़ित की आवाज कलेक्टर, एसपी नहीं सुन रहे थे। जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मामला उठाया तो उनके खिलाफ ही झूठी एफआईआर दर्ज कर ली गई। इसका खुलासा भी पीड़ित ने ही कर दिया है। अब फर्जी एफआईआर रद्द नहीं की गई और दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो 8 जुलाई को अशोक नगर में पूरे प्रदेश से विधायक पहुंचेंगे और आंदोलन के माध्यम से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएंगे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, जिला अध्यक्ष कमल पटेल, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक लाला, पार्षद छोटेलाल मंडलोई मौजूद थे।



# इंदौर-चंडीगढ़ के बीच 14 जुलाई से डेली फ्लाइट, बेसिक किराया 5 हजार रुपए

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

इंदौर से चंडीगढ़ हवाई यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है। इंदौर से सबसे अधिक उड़ानों का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस 14 जुलाई से इस रूट पर डेली उड़ान शुरू करने जा रही है। अभी यह फ्लाइट सप्ताह में केवल 3 दिन संचालित होती है, लेकिन यात्रियों की मांग को देखते हुए कंपनी ने इसे सप्ताह में सातों दिन संचालित करने का निर्णय लिया है।

इंदौर ट्रेवल एजेंट्स प्रदीप पालीवाल ने बताया कि लंबे समय से दोनों शहर के बीच में उड़ान को डेली संचालित करने की मांग कर रहे थे। अब हमारे इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए इंडिगो ने इस उड़ान की बुंकिग भी शुरू कर दी है। इससे दोनों शहरों के बीच व्यापारिक और पारिवारिक यात्राओं को सुविधा मिलेगी। इस कदम से इंदौर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी में भी इजाफा होगा।




एजेंट ने बताया कि इंदौर से चंडीगढ़ के लिए अब रोजाना उड़ान मिलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। कंपनी पहले सप्ताह में तीन दिन इसे चंडीगढ़ तो तीन दिन इसे जम्मू के लिए संचालित करती थी, लेकिन अब कंपनी ने जम्मू उड़ान को बंद कर दिया है, जिसके बाद इस उड़ान को रोजाना संचालित करने का निर्णय लिया है। बिजनेस के सिलसिले में लगातार चंडीगढ़ जाने वाले परमजीत सिंह ने बताया कि मुझे अक्सर चंडीगढ़ जाना होता है। हफ्ते में सिर्फ तीन दिन की उड़ान से बहुत दिक्कत होती थी। फ्लाइट के हिसाब से शेड्यूल करना होता था। जरूरी होने पर दिल्ली होकर आना होता था। अब नियमित सेवा शुरू होगी तो काफी राहत मिलेगी।

---

# नई तहसील में पहले दिन बिजली गुल, नेट कनेक्शन भी नहीं चला

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

लंबे समय से उद्घाटन का रास्ता देख रही मल्हारगंज तहसील आखिरकार सुपर कॉरिडोर स्थित नए भवन में स्थानांतरित कर दी गई। शनिवार-रविवार के अवकाश के दिन अधिकारियों ने सामान और फाइलों की भी शिफ्टिंग कर दी। पहले दिन बिजली गुल हो गई। अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने मोबाइल के नेट से ही काम करना पड़ा और थक-हारकर आखिरकार शाम को बीएसएनएल का कनेक्शन लेने का आवेदन किया। मुख्यमंत्री द्वारा मल्हारगंज तहसील का उद्घाटन करते ही अधिकारियों ने देर नहीं की और रातोरात तहसील का सामान शिफ्ट कर दिया।



शनिवार और रविवार को छुट्टी के दिन दस्तावेज बस्तों में बांधकर शिफ्ट किए गए। एसडीएम निधि वर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार आवेदकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सारी सुविधाएं नई तहसील भवन में जुटा ली गई हैं। जल्द ही भवन में लोक सेवा केंद्र भी संचालित किया जाएगा, ताकि मल्हारगंज तहसील के आवेदन के लिए आवेदकों को कलेक्टर कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। हालांकि तहसील कार्यालय शिफ्टिंग की जानकारी आवेदकों को नहीं लगी थी, इसलिए कल कलेक्टर कार्यालय स्थित मल्हारगंज तहसील के पुराने कार्यालय में आवेदकों का आना जारी था। सरकारी स्वान कनेक्शन के गति न पकड़ने के कारण मल्हारगंज तहसील में पहले दिन काम की चाल धीमी रही। वहीं ग्रामीण ग्रिड से बिजली की आपूर्ति होने के कारण बार-बार आपूर्ति बाधित हुई। अब विभाग जल्द ही यहां इन्वर्टर की व्यवस्था करेगा।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया

**सत्ता सुधार ■ बड़वानी**



शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. कविता भदौरिया ने सभी को नशा न करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।

शपथ में ये भी कहा गया कि नशे के उत्पादों के भ्रामक प्रचार से लोगों को सावधान करेंगे। जीवन भर नशा नहीं करेंगे। दूसरों को भी नशे की लत छुड़वाने में मदद करेंगे। अपने क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थलों को नशा मुक्त बनाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अदिति विद्वान एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### सुमावली क्षेत्र में तेंदुआ ने किया 9 बकरियों का शिकार

**मुरैना।** जिले की सुमावली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हितावली के कैमारी गांव में मंगलवार की अल सुबह एक तेंदुआ वगैरा में दस्तक देते हुए मकान की पाटोर में घुस गया और गांव में 9 बकरियों का शिकार कर डाला, जिससे वहां दहशत मची हुई है। सूचना मिलने पर जोरा वन विभाग के विनोद उपाध्याय सहित कई कर्मचारी गांव में पहुंच गए हैं तथा अन्य फॉरेस्ट के लोगों को बुलाया गया है ताकि तेंदुआ को पकड़ा जा सके। तेंदुए के कारण गांव के लोग घरों में घुसे हुए हैं और उन्होंने अपने पशुओं को भी घरों में कैद कर लिया है। देर शाम समाचार लिखे जाने तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जा सका और उसको पकड़ने के प्रयास जारी है।

### उप निर्वाचन 2025 के लिए रिटर्निंग ऑफीसर व सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में भी सरपंच, पंच पद हेतु उप निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देश पर रिटर्निंग ऑफीसर जनपद पंचायत मुरैना द्वारा रिटर्निंग ऑफीसर व सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किये गये है। जनपद पंचायत मुरैना में उप निर्वाचन, 2025 के सरपंच एवं पंच हेतु सहायक रिटर्निंग ऑफीसर के रूप में नायब तहसीलदार मुरैना ग्रामीण श्रीमती ज्योति लक्षकार को नियुक्त किया है। जो निर्वाचन के कार्यक्रम अनुसार उप निर्वाचन के अभ्यार्थियों के फॉर्म तहसील ग्रामीण मुरैना के न्यायालय में बैठकर प्राप्त करेंगी।

### जिले में अब तक 262.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 01 जून से 01 जुलाई, 2025 तक 262.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 145.9 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 116.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 01 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना में 414.6 मिलीमीटर दर्ज की गई है। पोरसा में 315, जौरा-सबलगढ़ में 230, कैलारस 212 और अम्बाह तहसील में सबसे कम 170.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मंगलवार को सर्वाधिक 205 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। अम्बाह 67, जौरा में 66, कैलारस में 62, पोरसा में 30 और सबलगढ़ में 21 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### तमाम डॉक्टर, स्टाफ, न्यू बिल्डिंग एवं करोड़ों रुपया प्रतिमाह खर्च के बावजूद मरीज को नहीं मिलती सुविधा

# मुरैना का जिला अस्पताल बना शो पीस, कैसा भी मरीज आए तुरंत करते हैं रेफर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले का एकमात्र बड़ा अस्पताल कुंवर जाहर सिंह शर्मा चिकित्सालय दो बिल्डिंगों में संचालित है और तमाम आधुनिक मशीन, विशेषज्ञ डॉक्टर, भारी संख्या में स्टाफ होने के बावजूद किसी भी दुर्घटना में घायल या गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचते ही प्राथमिक उपचार भी ठीक से नहीं करते और तुरंत रेफर कर देते हैं, यह सिलसिला लंबे अरसे से चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा एक जिला अस्पताल पर करोड़ों रुपया प्रतिमा खर्च किया जाता है, लेकिन बावजूद इसके जनता को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही। हालत यह है कि गरीब मरीज या दुर्घटना में पीड़ित को ग्वालियर तथा अन्य शहरों के लिए भागना पड़ता है।

जिला अस्पताल पुरानी एवं नई बिल्डिंग में संचालित है और यहां आधा सैकड़ा से अधिक विशेषज्ञ अन्य मर्ज के तमाम डॉक्टर तैनात हैं तथा बड़ी संख्या में पुरुष महिला स्टाफ 24 घंटे उपलब्ध है। मॉनिटरिंग के लिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन, आरएमओ सहित तमाम लोग पदस्थ हैं, इस सबके बावजूद राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह करोड़ों रुपया दवाइयां मशीनों मेंटेनेंस एवं सैलरी पर खर्च किया जा रहा है।

जिसका कोई लाभ जिले के लोगों को नहीं मिल पा रहा। यहां जिला अस्पताल में प्रतिदिन तमाम सड़क दुर्घटना झगड़ा मारपीट हत्या के प्रयास मामलों में अनगिनत लोग उपचार के लिए आते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में



देखने को मिलता है कि यहां के चिकित्सक उन्हें प्राथमिक उपचार के तुरंत पश्चात ग्वालियर के लिए रेफर कर देते हैं, जिससे गरीब मरीजों को आर्थिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कई वर्षों के बाद भी नहीं बन सका ट्रॉमा सेंटर

तत्कालीन सांसद द्वारा मुरैना अस्पताल को ट्रॉमा सेंटर उपलब्ध कराने के लिए जोर शोर से प्रचार प्रसार किया गया, लेकिन अभी तक ट्रॉमा सेंटर का निर्माण नहीं हो सका है। कछुआ गति से इसका काम चल रहा है, जिसके कारण मरीज को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। जब इसका शिलान्यास किया गया, तब बड़ी-बड़ी बातें कही गई थी कि मुरैना जिले के लोगों को अब ग्वालियर नहीं जाना पड़ेगा, लेकिन इस बात को कई वर्ष बीत गए और शायद लोग भी भूल गए की मुरैना में कोई ट्रॉमा सेंटर का निर्माण भी हो रहा है।

### एक्सरे एवं जांच के लिए भी लगती है लाइन, मरीज होते हैं परेशान

जिला अस्पताल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह द्वारा तमाम जांच मशीन रखवाई गई थी, जिससे कि जिले की गरीब जनता को निःशुल्क जांच की जा सके, लेकिन वर्तमान में जिला अस्पताल में फै ली अव्यवस्था के कारण मरीजों को जांच के लिए घंटा और कई कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है। जांच समय पर न होने के कारण तथा गरीब मरीज के पास रुपए न होने के चलते उसे विलंब से इलाज उपलब्ध हो पाता है जो अस्पताल के बाहर जांच करवाने में सक्षम होते हैं, वह अपना इलाज बाहर जांच करवाने के पश्चात करवा लेते हैं।

# रात में 8 घंटे की बारिश के बाद शहर का जीवन अस्त व्यस्त, चारों ओर पानी ही पानी

### नगर निगम के दावों की खुली पोल, दूसरे दिन भी पानी की नहीं हुई निकासी





सत्ता सुधार ■ मुरैना

सोमवार की रात 8 घंटे लगातार हुई बारिश के बाद पूरा शहर पानी भर जाने के चलते टापू सा नजर आने लगा और चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा था। कहीं भी पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं थी और सड़कों पर भीषण गंदगी नजर आ रही थी। इस दौरान कई इलाके इतने जलमग्न हो गए कि घरों पर के अंदर तक पानी चला गया और लोगों का घर गृहस्ती का सामान बेकार हो गया। भीषण जल भराव के चलते मंगलवार के दिन दोपहर तक पानी का निकास नहीं हो पा रहा था, लोगों द्वारा स्वयं ही पानी के निकास की व्यवस्था की गई। स्वच्छ मुरैना स्वस्थ मुरैना का नारा देने वाली नगर निगम मुरैना की महापौर एवं निगम आयुक्त के द्वारा बरसात पूर्व जल निकासी के लिए नाले नालियों की साफ-सफाई के दावे खोखले साबित दिखाई दिए। शहर में रात भर की बारिश के बाद सुबह लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। जल भराव के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। शहर के परेड ग्राउंड में बुधवार की शाम तक पानी का विकास नहीं हो सका, वहीं पुरानी कलेक्ट्रेट नगर निगम कार्यालय सहित तमाम सरकारी कार्यालय के प्रांगण में भारी जल भराव हो गया।





### बीटीआई परिसर के क्वार्टर में भरा पानी, सिलेंडर तैरते आए नजर

रात में 8 घंटे हुई लगातार बारिश के बाद बैरियर के पास स्थित इजप परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया और घुटनों से ऊपर पानी भरने से वहां सरकारी क्वार्टर में रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया और घर का सामान पानी में तैरता नजर आया। रात भर लोग सो नहीं सके और तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### एमएस रोड पर सड़क बनी तालाब

रात भर बारिश के बाद सुबह जब 6:00 बजे के पश्चात बारिश थमी तो शहर के पुराना बस स्टैंड, शहिद संग्रहालय, पुलिस पेट्रोल पंप, नेहरू पार्क, बांके बिहारी मंदिर, लोहिया बाजार आदि स्थानों पर भारी जल भराव हो गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जब शहर के मुख्य मार्ग की यह स्थिति है तब शहर के अन्य इलाकों की क्या स्थिति रही होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। कहीं भी पानी का निकास नहीं है, अगर 24 घंटे लगातार बारिश हो जाए तो लोगों को घरों की छत पर ही रात गुजारनी पड़ेगी।

### लालौर फाटक पर रोड धसकी, डंफर पलटने से बचा

सोमवार मंगलवार की रात्रि 8 घंटे से भी अधिक लगातार हुई बारिश के बाद लालौर फाटक पर रोड धसक जाने से वहां से गुजर रहे कई वाहन डंफर पलटने से बच गए और बड़ा हादसा होने से टल गया। उल्लेखनीय कि यहां पर ब्रिज बनने का काम चल रहा है और इसके चलते वाहन कच्चे मार्ग से निकाले जा रहे हैं। बारिश के कारण मिट्टी धसक जाने के चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इसके चलते फाटक पर लगभग 1 घंटे का जाम लगा रहा।

### पशुपतिनाथ मार्केट में जल भराव से लोगों की दुकान हुई प्रभावित

बैरियर बस स्टैंड स्थित पशुपतिनाथ महादेव मार्केट में बीती रात हुई बारिश के बाद भारी जल भराव हो गया और लोगों की दुकान तक में पानी घुस गया, जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। इसके साथ ही पूरे दिन मंगलवार को पानी भरा रहने के कारण लोगों की दुकानदारी पूरी तरह प्रभावित रही और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को सामान खरीदने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मार्केट में प्रति वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति बनी रहती है। उक्त मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर चंद्र गर्ग द्वारा कई बार जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं तत्कालीन सांसद नरेंद्र सिंह तोमर को भी पत्र लिखे गए, लेकिन मार्केट की समस्या का हल अभी तक नहीं हुआ है, जिससे दुकानदारों में जिला प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है।

### खुरई गांव के रपटा पर तेज बहाव के चलते 15 गांव का संपर्क टूटा

जिले की सुमावली विधानसभा क्षेत्र के खुरई गांव में बने रपटा पर पानी का तेज बहाव होने के कारण 15 गांव का संपर्क टूट गया है। इस दौरान एक व्यक्ति बीच रपटा में फंस गया और निकलने का प्रयास कर रहा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस प्रकार के कई नजारे जिले भर के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहे हैं। भारी बारिश के कारण जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है।

## डॉ विनय अग्रवाल देश के टॉप 20 न्यूरोलॉजिस्ट चुने गए

### चिकित्सा में उत्कृष्ट सेवा के योगदान हेतु मिला सम्मान



सत्ता सुधार ■ मुरैना

डॉ विनय अग्रवाल को देश के सर्वोच्च (टॉप) 20 न्यूरोलॉजिस्ट में शामिल किये जाने पर मुरैना के तमाम डॉक्टर बड़वानी नागरिकों के अलावा आगरा उत्तर प्रदेश के चिकित्सकों तथा आम नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ विनय अग्रवाल ने अपने साथ-साथ अपनी माता ख्याति प्राप्त गायनोलाजिस्ट डॉ. श्रीमती इंदु अग्रवाल एवं जानेमाने सर्जन पिता डॉ. एस.एम.अग्रवाल (संचालक इंदू अग्रवाल नर्सिंग होम) तथा आपने बड़े भाई इंजी. आकाश अग्रवाल का नाम रौशन करने के साथ साथ मुरैना जिले का नाम भी रौशन किया है। विगत दिवस नई दिल्ली में आगरा के जाने-माने न्यूरो फिजिशियन डॉ. विनय अग्रवाल को राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें टॉप 20 इंस्पायरिंग न्यूरोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया के रूप में चुना गया और यह सम्मान ग्लैमरयुक्त टाइम्स नाउ डॉक्टर डे कांक्लेव और कॉफी टेबल बुक 2025 कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जो नई दिल्ली के अंदाज दिल्ली एयरोसिटी स्थित हयात होटल में आयोजित हुआ। इस सम्मान से न केवल डॉ. अग्रवाल का समर्पण और पेशेवर कौशल उजागर हुआ, बल्कि आगरा से राष्ट्रीय मंच तक चिकित्सा जगत में उनकी पहचान को भी बल मिला। आज न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में मरीजों के लिए बेहतर उपचार और देखभाल सुनिश्चित करने वाला यह सम्मान उनके अथक प्रयास का परिणाम है। आगरा से जुड़े लोगों के लिए यह गर्व का क्षण है कि शहर के ही एक प्रखर चिकित्सक को देश के बेस्ट न्यूरोलॉजिस्ट्स में स्थान मिला। यह सम्मान युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणा बनकर यह संदेश भी देता है कि लगन और सेवा भाव से चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छुई जा सकती हैं।

## विद्युत सीएमडी के समक्ष रखी नियमित, संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों की मांग

**मुरैना।** मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल के साथ भोपाल में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एल.के.दुबे, प्रदेश महामंत्री विद्याकांत मिश्रा उपस्थित रहे।

इस बैठक में संगठन ने आउटसोर्स कर्मियों न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण उपरांत एरियर का शीघ्र भुगतान, राष्ट्रीय उत्सव अवकाश के दिवस कार्य करने पर संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन का दोगुनी दर से भुगतान के संबंध में, उपकेंद्रों के जलभराव की समस्या के संबंध में, परीक्षण सहायक संविदा के वेतन विसंगति को दूर करने के संबंध में अल्प वेतन भोगी आउटसोर्स कर्मचारियों को 60 से 70 कि.मी. दूर स्थानांतरण आदेश में संशोधन कर निकटम स्थान पर पदस्थ किए जाने के संबंध में, भिण्ड वृत्त अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को 50 वर्ष की आयु में सेवा से पृथक कर दिया गया है, उक्त कर्मचारियों को शीघ्र कार्य पर वापस लिया जावे एवं अर्ध वार्षिकी आयु 62 वर्ष हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने के संबंध में, आउटसोर्स विद्युत सहायकों (मीटर वाचक) का प्रतिमाह 2000 रूपए राशि का कटौत्रा बंद किए जाने के संबंध में, क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत फील्ड अधिकारियों की तरह ही फील्ड के तकनीकी कर्मचारियों को भी उपस्थिति पोर्टल में छूट प्रदान करने के संबंध में, तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करायें जाने के संबंध में, उक्त विद्युत कर्मियों की जायज मुद्दों व मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु अनुरोध किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ोखर तालाब में गम्बूसिया मछली डाली



**मुरैना।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को मलेरिया, डेंगू व चिकुनगुनिया की रोकथाम के लिए बी.टी.आई. 5 प्रतिशत डब्लूपी पाउडर का घोल तैयार न्यू जिला पंचायत के सामने तालाब में डाला गया। यह घोल मलेरिया, डेंगू चिकुनगुनिया मच्छर के लार्वा को नष्ट करने का कार्य करेगा। मुरैना जिले शहरी क्षेत्र में मलेरिया टीम द्वारा बडोखर इंद्रा सरोवर तालाब, बडोखर तालाब एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे तालाबों में गम्बूसिया मछली (लार्वा भक्षी मछली) डाली गई। ये मछली तालाबों में पैदा हो रहे मलेरिया, डेंगू व चिकुनगुनिया लार्वा को भक्षण करेगी, जिससे जनमानस को मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया की फे लने वाली बीमारियों को कंट्रोल किया जायेगा।

## कलेक्टर ने विवाद निपटान के लिये तहसीलदार से खसरा रिपोर्ट मांगी

सत्ता सुधार ■ मुरैना



गत कई महिनों से मुरैना गांव में खसरा नंबर 990 पर जाटव समुदाय के लोगों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगा दी गई है। इस पर जाटव और किरार समाज का विवाद आये दिन बना रहता है। इस स्थिति का समाधान करने के लिये कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मुरैना गांव पहुंचकर सर्वे क्रमांक 990 भूमि पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का मौका मुआयना किया और संबंधित पटवारी और तहसीलदार को निर्देश दिये कि बंदोबस्त के पूर्व और बंदोबस्त के बाद खसरा रिपोर्ट की जानकारी तत्काल मुझे अवगत कराई जाये ताकि दो समुदाय के बीच आपसी झगड़े का समाधान किया जा सके। भ्रमण के समय तहसीलदार मुरैना तथा पटवारी एवं बड़ी संख्या में दोनों पक्ष उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में 131 आवेदनकर्ताओं को सुना

# भूरा और बंटी कुशवाह को सरस्वती स्कूल में मिलेगा निःशुल्क दाखिला

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 131 आवेदनकर्ताओं को सुना जिनमें से तीन आवेदन ऐसे पाये गये जिनका समाधान टीएल बैठक में अधिकारियों के समक्ष किया जाना संभव था। उन आवेदनों को एनआईसी के माध्यम से उत्तरा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही 128 आवेदनकर्ताओं को कलेक्टर ने बारी-बारी से सुना और उनकी समस्या का समाधान करने का आवेदनकर्ताओं को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 43 के भोंड़ेरी (पन्ना का पुरा) निवासी भूरा और बंटी पुत्र रामप्रकाश



कुशवाह ने आवेदन प्रस्तुत किया कि हम दोनों भाई ग्वालियर में कक्षा 9वीं के छात्र हैं। ब्लाइंड होने के कारण उस वक्त हम रेडक्रॉस द्वारा संचालित हॉस्टल में निवासरत हैं। प्रतिदिन हमें ग्वालियर जाने में काफी असुविधा होती है। हमारा एडमीशन मुरैना के सरस्वती स्कूल में कराने का आग्रह किया। कलेक्टर ने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लिया और बंटी और भूरा का कक्षा 10वीं में दाखिला सरस्वती स्कूल मुरैना में निःशुल्क कराने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी को दिये। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, नामांतरण, महिला बाल विकास, पीएचई, पेंशन, जिला कोषालय खाद्यान्न, कृषि, सिंचाई, श्रम आदि विभागों को आवेदनों को कलेक्टर ने बारी बारी से सुना और उनका समाधान भी अधिकारियों से कराया।

## रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन सत्र के शुभारंभ पर किया डॉक्टर्स और सीए का सम्मान



सत्ता सुधार ■ मुरैना

रोटरी की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 जुलाई मंगलवार को डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख 2 डॉक्टर्स एवं 2 सीए डॉ सुरेश गुप्ता, डॉ राहुल गुप्ता, सीए आदित्य गोयल, सीए राहुल गुप्ता का सम्मान किया। आयोजत गतिविधियों में रोटरी क्लब चम्बल की ओर से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आनंद गुप्ता, सह प्रान्तपाल आकाश चांदिल, अध्यक्ष अभय परमार, सचिव नीरज बांदिल, कोषाध्यक्ष अनूप सिंघल, कोषाध्यक्ष रोहित शिवहरे, सीए गोविंद चांदिल, प्रमोद उपाध्याय, गिर्राज अर्गल, कमल गोयल, राहुल वर्मा आदि सदस्य उपस्थित होकर सभी डॉक्टरों और सीए सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया, साथ ही साथ डॉ और सीए डे की शुभकामनाएं दी।

रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर्स और सीए दोनों की अहमियता हमारे जीवन मे बहुत होती है, क्योंकि डॉक्टर्स हमारी हेल्थ का खयाल रखते है और सीए हमारी वेल्थ का इसलिये इन दोनों से सदैव जुड़ाव बना रहना चाहिए और समय-समय पर जब भी मौका मिले, इनका सम्मान करना चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 4 को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित करेंगे लैपटॉप

**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है।

### कोचिंग व्यवस्था हेतु शिक्षकों से 10 तक आवेदन

**हरदा।** जनजातीय कार्य विभाग हरदा द्वारा जिले में संचालित 7 उत्कृष्ट संस्थानों में विशेष कोचिंग के तहत वर्ष 2025-26 में कक्षा 9 वी व 10 के लिये गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, कम्प्यूटर व सामान्य ज्ञान तथा कक्षा 11 वी व 12 वी में गणित, भौतिक, रसायन, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, प्राणी शास्त्र व वनस्पति शास्त्र विषय के लिये शासकीय एवं अशासकीय अनुभवी व्याख्याताओं व शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। इन संस्थानों में हरदा विकासखण्ड के जिला स्तरीय बाल एवं कन्या, टिमरनी विकासखण्ड के बालक एवं कन्या छात्रावास तथा खिरकिया विकासखण्ड में विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास शामिल है।

जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि इसके लिये आवेदक को संबंधित विषय में 60 प्रतिशत या अधिक अंकों से स्नातकोत्तर होना अनिवार्य है। चयनित शिक्षकों को 20 कालखण्ड का भुगतान किया जावेगा। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में संचालित महाविद्यालयीन बालक एवं कन्या छात्रावास हरदा व टिमरनी में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को वर्ष 2025-26 में मात्र अंग्रेजी विषय की कोचिंग के लिये प्रति संस्था एक अशासकीय अनुभवी व्याख्याता की आवश्यकता है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 21.5 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 21.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 17.8 मि.मी., टिमरनी में 26.2 मि.मी., खिरकिया में 12.4 मि.मी., सिराली में 23.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 27.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 264.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।

# खंडवा में धूनीवाले दादाजी मंदिर निर्माण के शुभारंभ पर उठी 'दादाजी महालोक' की मांग

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जिले में आयोजित राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान समापन कार्यक्रम और वॉटरशेड सम्मेलन के अवसर पर नए 'धूनीवाले दादाजी' मंदिर निर्माण के शुभारंभ पर क्षेत्रीय नागरिकों को बधाई दी गई। इस मौके पर मंच से यह मांग उठी कि उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर खंडवा में ÷दादाजी महालोक÷ का निर्माण किया जाए, ताकि धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को उचित स्वरूप मिल सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नदियों को भारतीय संस्कृति में माँ का दर्जा दिया गया है, ऐसे में जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा के लिए चल रहे प्रयास सराहनीय हैं। जलदूतों के माध्यम से जिले और प्रदेश में जल बचाने की दिशा में उल्लेखनीय काम हुए हैं।

**जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी :** इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के धर्मस्व, पर्यटन व संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, खंडवा विधायक कंचन तनवे, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस, खंडवा महापौर अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, बुरहानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, खंडवा जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

**जल गंगा अभियान में बने हजारों तालाब :** कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश में 90 दिनों में 84,930 खेत तालाब बनाए गए, जबकि लक्ष्य 77,940 था। इसके अलावा 1,283 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। तीन महीने चले इस अभियान के अंतर्गत 20,955 पुराने कार्य भी पूरे किए गए। यह अभियान प्रदेश के जल-संवर्धन इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, और अब मांग उठ रही है कि धार्मिक-सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण खंडवा को भी एक नया पहचान 'दादाजी महालोक' के रूप में दी जाए।



### जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

- 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों से भोपाल की महापौर मालती राय, इंदौर के पुष्यमित्र भार्गव और जबलपुर के जगत बहादुर सिंह को सम्मान मिला।
- 1 से 10 लाख आबादी वाले निकायों में उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, खंडवा की अमृता यादव, छिंदवाड़ा के विक्रम अहाके और भिंड की वर्षा वाल्मीकि को सम्मानित किया गया।
- 1 लाख से कम आबादी वाले निकायों से टिकमगढ़ के अब्दुल गफ्फार मलिक, मंडलेश्वर के विश्वदीप मोयदे और बिजूरी की शाहबीन पनिका को सम्मान मिला।

इसके साथ ही टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# मूंग खरीदी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं करीब 36200 किसानों ने कराया पंजीयन

सत्ता सुधार ■ हरदा

मूंग खरीदी को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। कितनी खरीदी होगी इसका निर्धारण नहीं हो पाया है किसानों का धरना आज भी जारी है। अपनी मांग को लेकर अनशनरत है। 5 जुलाई तक मूंग खरीदी के लिए पंजीयन होना है। 7 जुलाई से 6 अगस्त तक मूंग खरीदी होना है। अब तक करीब 36 हजार 200 के लगभग किसानों ने पंजीयन करवा लिया है। 5 जुलाई तक पंजीयन होना है। 5 दिन का और समय शेष है। यह संख्या और बढ़ सकती है। 1 लाख 10 हजार कृषि भूमि हेक्टेयर में जिले में मूंग की बोनी हुई है।

**खरीदी की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसान परेशान:** मूंग खरीदी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है कि मूंग की खरीदी कितना होना है। इसको लेकर किसान परेशान है। आंदोलन कर रहे हैं फिर भी किसानों की मांग को नजरंदाज किया जा रहा है। जिसके कारण किसान पशोपेश है। खाद, बीज, मजदूरी आदि के भुगतान को लेकर परेशान है। खरीदी में विलंब के कारण अधिकतर किसानों ने तो मजबूर होकर औने-पौने दाम पर मूंग बेच दी है। इसके कारण किसानों की चिंता परेशानी बढ़ गई है।

**पंजीयन में पारदर्शीता बरतने की जरूरत :** व्यापारी किसान बनकर पंजीयन कराकर सबसिढी का लाभ ले लेते हैं। उस नाते पंजीयन कार्यवाही में पूरी पारदर्शिता बरती जाय किसानों से सांठगांठ जिन व्यापारियों ने पंजीयन करवाया है या फिर पंजीयन कराने की फिराक में है। उसकी जांच पड़ताल कार्यवाही की जाये और केवल किसानों का ही मूंग खरीदी हेतु पंजीयन कराया जाये। व्यापारी मूंग खरीद कर समर्थन मूल्य पर बेचने के फिराक में है।



### प्राकृतिक आपदा में किसानों की स्थिति दयनीय

हर वर्ष किसी न किसी रूप में किसान प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हैं। इससे किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। कर्ज के बोझ तले किसान दब गये हैं और कर्ज से उबर नहीं पा रहे हैं। उनके समक्ष किम कर्तव्य विमूढ मूंग की स्थिति बन गई है। जिसके कारण उस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मूंग की फसल से कर्ज की भरपाई करने को सोचे थे किंतु कितना खरीदी होगी उसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसान परेशान हैं।

### मांग न माने जाने तक जारी रहेगा आंदोलन

मांग न माने जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। जब तक खरीदी की सीमा निर्धारित नहीं की जायेगी तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा। काफी संख्या में किसान अनशन स्थल पर मौजूद रहते हैं। बारी-बारी से किसान संगठित होकर आंदोलन कर रहे हैं।

### किसानों के हकहित की अनदेखी

किसान के हकहित की मांग की अनदेखी की जा रही है। मूंग खरीदी को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग को लेकर किसान अनशनरत हैं फिर भी उनकी मांग को सुना नहीं जा रहा है और न ही इस तरफ ध्यान दिया जा रहा है। जिसके कारण किसान परेशान है। किसान मांग कर रहे हैं फिर भी उनकी मांग की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसान हितैषी होने का दंभ भरने वाली सरकार ने किसान की जायज मांग को नहीं माना जा रहा है।

**क्या करते जवाबदार**



मूंग खरीदी के लिए अब तक करीब 36,200 किसानों ने पंजीयन कराया है जो गत वर्ष की अपेक्षा में अधिक है 1,10,000 हेक्टेयर पर मूंग की बोनी हुई थी। 7 जुलाई से 6 अगस्त के बीच खरीदी होगी पंजीयन कार्यवाही 5 जुलाई तक होना है।

**जवाहर लाल कासदे,**
**उपसंचालक, कृषि विभाग,हरदा।**

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं शिकायतें, दिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश



सत्ता सुधार ■ खंडवा

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने आमजनों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर केआर बडोले, अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर एसआर सोलंकी, रमेश खतेड़िया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत धनोरा के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच नंदकिशोर पर पंचायत कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं ग्राम राजनी के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव की लापरवाही की शिकायत की। बताया गया कि सचिव छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने इस मामले में भी संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम अजंटी से आए ग्रामीणों ने पेयजल संकट और सड़क नहीं होने की समस्या उठाई। कलेक्टर ने जिला पंचायत को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। पिपलोद थाने के ग्राम अमलानी के निवासियों ने गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की, जिस पर आबकारी विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ग्राम जामकोटा निवासी सुनील कर्मा ने बताया कि उसके परिवार के पांच सदस्यों को तीन महीने से राशन नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रता परीक्षण कर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान कुल दर्जनों मामलों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून का समापन कार्यक्रम जनपद पंचायत खिरकिया अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकलपाट में किया गया। समापन समारोह में मनरेगा योजनांतर्गत पोर्टल पर पंजीकृत जल दूतो को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया एवं अधिकारी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। हमारे संवाददाता हजारी लाल धुर्वे ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर जल संवाद का आयोजन किया गया एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। जल गंगा में कराया गया कार्यों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायताध्यक्ष गजेंद्र शाह द्वारा जल है तो कल है जल ही जीवन का आधार है। ग्रामीणों से जल संरक्षण के विषय पर सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया व वृक्षारोपण किया जाने हेतु ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिए जाने की बात कही गई। जनपदाध्यक्ष श्रीमती रानू पटेल ने कहा कि पुरानी जल संरचनाओं एवं नदी तालाब को गहरा कर वर्षा जल को संरक्षित करने पानी को पीढ़ी जलसंवाद किया। सीईओ प्रवीण इवने एवं जिले से मास्टर ट्रेनर यशवंत पटेल, मनीष तंवर द्वारा पानी पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर लगभग 200 ग्रामीण सहीत 12 जलदूत, 23 सचिव, 24 ग्राम रोजगार सहायकों को जल है तो कल है। अंत में लाइव प्रसारण कार्यक्रम देखा गया।



### कलेक्टर श्री जैन ने कृषि मण्डी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**हरदा।** मंगलवार को कृषि उपज मण्डी हरदा का कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने औचक निरीक्षण कर वहां खाद व उर्वरक वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा कर वहाँ आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद व उर्वरक का वितरण टोकन के माध्यम से किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। निरीक्षण के दौरान जिला विपणन अधिकारी योगेश मालवीय व उप संचालक जे.एल. कास्दे सहित मण्डी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सभी अधिकारी वर्षा पूर्व की आवश्यक तैयारियाँ करें: जैन

सत्ता सुधार ■ हरदा

सभी संबंधित अधिकारी बाढ़ राहत सहित सभी पूर्व तैयारियाँ शीघ्र पूर्ण करें ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं जर्जर भवनों का गहन सर्वेक्षण कर संभावित जोखिमों का आंकलन कर आवश्यक सुधार कार्य एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा अत्यधिक जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर सहायक संचालक मत्स्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया, एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया व एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**टीम बनाकर अवैध कॉलोनियों का करें निरीक्षण व कार्यवाही:** बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने सभी एसडीएम व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को टीम बनाकर अवैध कॉलोनियों का निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि टोकन के माध्यम से खाद एवं उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करें।



# अभियान बंद नहीं हुआ, आने वाले समय में इसके बहुत ही सकारात्मक परिणाम आएंगे: डॉं कुसमरिया

## बांदकपुर की प्राचीन बावड़ी में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 का आज समापन प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में लगभग 300 वर्ष अति प्राचीन बावड़ी में किया गया। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान निश्चित रूप से अभूतपूर्व रहा हैं, यह जो बावड़ी का कायाकल्प हुआ हैं, मैं सभी के प्रति साधुवाद ज्ञापित करता हूं। यह अभियान बंद नहीं हुआ है आने वाले समय में इसके बहुत ही सकारात्मक परिणाम हम सभी के सामने आएंगे।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन किया जा रहा हैं। निश्चित ही अभियान अंतर्गत जिले में जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण, गहरीकरण हुआ हैं, जिससे भूमिगत जलस्तर बढ़ेगा और आने वाले समय में इसका सभी को लाभ प्राप्त होगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर ने कहा यह प्राचीन बावड़ी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुनर्जीवित की गई हैं। स्वच्छता के सभी साथियों को साधुवाद है जिनके अथक परिश्रम से इस बावड़ी को पुराने स्वरूप में लेकर आए हैं। आज यहां हजारों की संख्या में लोग यहां भ्रमण करने आ रहे हैं और इसकी सुंदरता देखते ही बनती हैं। वरिष्ठ समाजसेवी भाव सिंह लोधी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बहुत उत्कृष्ट कार्य देखने मिल रहे हैं।

**कार्यक्रम** दमोह जिले की पथरिया विधानसभा के बोतराई ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

# जीर्णोद्धार व जलस्रोतों के संरक्षण संबंधी कार्यों में ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई: पटेल

सत्ता सुधार ■ दमोह

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल की गरिमामय उपस्थिति में पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोतराई में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा हैं। पथरिया विकासखंड में 04 करोड़ 80 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए थे, जिसमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा यहां का तालाब देखकर बहुत अच्छा लगा हैं, तालाब का विस्तारीकरण किया गया है, उसकी बडिंग और पत्थर से जो घाट बनाए गए हैं, सौंदर्य करण भी अच्छा हुआ। उन्होंने ग्रामीणजनों से आग्रह करते हुए कहा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन सहभागिता से जो कार्य किए गए हैं ऐसे ही जिले की अन्य जगहों पर भी अच्छे से कार्य करने का प्रयास किया जाये। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, सेवा निवृत्त होने के बाद भी उनके अनुभव समाज के लिए उपयोगी हैं, वे नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देना जारी रखें। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा यह अभियान मुख्यमंत्री के संकल्प के साथ 30 मार्च से 30 जून तक पूरे मध्यप्रदेश में चलाया गया था। दमोह जिले में इसके तहत विशेष रूप से तालाबों का गहरीकरण, जीर्णोद्धार व जलस्त्रोतों के संरक्षण संबंधी कार्य किए गए, जिसमें ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बोतराई में समापन कार्य में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हैं। जल गंगा अभियान का उद्देश्य भूमिगत जलस्तर बड़े किसानों को लाभ मिले। कार्यक्रम के दौरान पथरिया क्षेत्र के दो सेवानिवृत्त शिक्षकों को मंच से शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, एसडीएम निकेत चौरसिया, खरग राम पटेल, संगीता श्रीधर, ललती संतोष मोदी, श्याम रानी अठ्या, रघुवीर सिंह, नीलेश सिंह, श्री कलू, जनपद सीईओ रामभरत कटारे, सरपंच-सचिव, उपयंत्री और शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।




# दमोह के 30 प्रतिभाशाली युवाओं ने टाटा मोटर्स में अपनी नई पारी की शुरुआत

### युवा संगम कार्यक्रम दमोह के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ

सत्ता सुधार ■ दमोह

युवा संगम कार्यक्रम के तहत दमोह के 30 प्रतिभाशाली युवाओं ने टाटा मोटर्स में अपनी नई पारी की शुरुआत की। इन युवाओं का चयन त्तह्वद्दह्यह्य ष्टश्चह्यश्च के माध्यम से हुआ है। यह आयोजन दमोह के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ है, जो अब टाटा मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। टाटा मोटर्स में शामिल होने वाले इन युवाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है, जो कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवा संगम कार्यक्रम के आयोजकों ने इन युवाओं को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं। यह आयोजन दमोह के युवाओं के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है, जो अब अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करके अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी ने कहा हमें दमोह के युवाओं की प्रतिभा पर गर्व है, जिन्होंने टाटा मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में अपनी जगह बनाई है। हमें उम्मीद है कि ये युवा कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और अपने सपनों को पूरा करेंगे।

# 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का पर्दाफाश चार आरोपी गिरफ्तार

## गुमशुदा युवक की पहचान से लेकर हत्या का कारण व घटनास्थल से साक्ष्य तक पुलिस की तेज़ और सटीक जांच

सत्ता सुधार ■ सागर

थाना जैसीनगर पुलिस को ग्राम कंदेला के जंगल चौकी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मर्ग क्र. 34/2025 कायम कर जांच प्रारंभ की गई। शव बुरी तरह सड़-गल चुका था और उसकी शिनाख्त कठिन थी। शव की पहचान के लिए आसपास के थानों व जिलों को कंट्रोल रूम ,रेडियो मेसेज के माध्यम से सूचित किया गया।तत्पश्चात थाना बेगमगंज, जिला रायसेन में दर्ज गुमइंसान क्रमांक 59/2025 से शव की पहचान हल्के उर्फ भारत पिता तारासिंह कुशवाहा निवासी ग्राम भुरेरू, थाना बेगमगंज, जिला रायसेन के रूप में की गई। पहचान मृतक के परिजनों द्वारा उसके पहने हुए कपड़े, अंगूठी और चांदी की चैन के आधार पर की गई। मृतक का पैनल पीएम बीएमसी सागर में कराया गया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि उसकी हत्या सिर पर भारी वस्तु से वार, गले में गमछे से घोंटने और धारदार



हथियार से पेट पर वार कर की गई है।इस आधार पर थाना जैसीनगर में अपराध क्रमांक 147/2025 धारा 103(1) क्व्हस्र के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर एवं एसडीओपी राहतगढ़ के निर्देशन में थाना प्रभारी जैसीनगर उनि शशिकांत गुर्जर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें विभिन्न तकनीकी विश्लेषण टीम को भी सम्मिलित किया गया।

### हत्या की पूरी साजिश माया बनी साजिशकर्ता

पूछताछ में यह भी सामने आया कि माया कुशवाहा और मृतक के बीच दो वर्षों से संबंध थे, जो पिछले एक वर्ष से विवादास्पद हो चुके थे। भारत के जबरदस्ती संपर्क करने, गाली-गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी से परेशान होकर माया ने अपने रिश्तेदारों को भारत की हत्या के लिए उकसाया। दिनांक 23.06.2025 को माया ने भारत को बहाने से कंदेला बुलवाया, जहाँ पहले से छिपे तीनों आरोपियों ने जंगल में ले जाकर पत्थर पटककर, गमछे से गला घोंटकर एवं कुल्हाड़ी से काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी।हत्या के बाद मृतक का मोबाइल छुपा दिया गया तथा पर्स को सड़क पर फेंक दिया गया, जिसे टीम द्वारा जप्त किया गया है। साथ ही घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त पत्थर, कुल्हाड़ी एवं गमछा भी बरामद किए गए हैं। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है

# भोपाल मंडल में गुना-बीना सेक्शन और बीना स्टेशन का एसएजी स्तर की टीम द्वारा संरक्षा ऑडिट निरीक्षण



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

भोपाल मंडल में रेल संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना के नेतृत्व में एसएजी लेवल सेफ्टी ऑडिट टीम ने गुना-बीना सेक्शन और बीना स्टेशन का गहन संरक्षा निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक भोपाल एवं मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी और निरीक्षक भी उपस्थित रहे और निरीक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।निरीक्षण के दौरान एसएजी लेवल की टीम ने गुना-बीना सेक्शन पर स्थित इंजीनियरिंग गेट, ट्रैफिक गेट, महत्वपूर्ण पुल, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग, कर्व और विभिन्न स्टेशनों तथा यार्डों का गहन निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की। टीम द्वारा संरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बीना स्टेशन पर विशेष रूप से गार्ड एवं लोको पायलट लॉबी, रनिंग रूम, दुर्घटना राहत गाड़ी तथा दुर्घटना राहत मेडिकल वैन की व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया। टीम ने उपलब्ध सुविधाओं एवं संरक्षा उपकरणों की स्थिति की जांच करते हुए दुर्घटना से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे संरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देते हुए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण कर संरक्षा में निरंतर सुधार सुनिश्चित करता है। इस निरीक्षण के माध्यम से प्राप्त सुझावों को शीघ्र ही अमल में लाया जाएगा ताकि संरक्षा स्तर को और सुदृढ़ बनाया जा सके।



## बुर्जुगों का सम्मान और सुंदरकांड पाठ कर मनाया स्थापना दिवस

**छतरपुर।** वीरांगना अवंतीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन एवं जिला अस्पताल में संचालित दर्शना वृद्धाश्रम के बुर्जुगों का सम्मान किया गया। व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. अशोक दीक्षित ने बुर्जुगों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर शुभम दीक्षित, प्राचार्य श्रीमती दीप्ति मिश्रा, एमसीबीयू के पूर्व कुलसचिव प्रो. जेपी मिश्रा, डा. पवनेश तिवारी, नीतेश सोनी, नीलेश द्विवेदी, प्रवीण पटैरिया, डॉ. अतुल तिवारी, नरेश मिश्रा, रामतीर्थ पटैरिया, दिनेश शुक्ला, पं. देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ दीक्षित, शशांक दीक्षित, अजीत शर्मा, अनिल वर्मा, संतोष पटेल, सविता मिश्रा, रजनीश मिश्रा, अतीब रिजवी, बीएड विभागाध्यक्ष बृजेश तिवारी सहित अन्य स्टाफ ने सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की और धर्मलाभ प्राप्त किया। अंत में संस्थान के स्टाफ ने वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने एवं व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन के जन्मदिन पर केक काट कर सभी को बधाई दी।

**अवंतीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजन**

## डीएवी बी.आर पब्लिक स्कूल बीना में विद्युत सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

डीएवी बी.आर पब्लिक स्कूल बीना में प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में एक विद्युत सुरक्षा दिवस मनाया गया जिसमें विद्युत सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बीपीसीएल के इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्युत उपयोग के सुरक्षित तरीकों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान विपिन गुप्ता, शुभंकर घोष,सौरभ जैन एवं बिंचित सिंह बावा द्वारा पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में विद्युत सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ, दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय और घर व विद्यालय में विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग के तरीके दर्शाए गए। प्रस्तुति के पश्चात एक इंटरऐक्टिव प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों से विद्युत सुरक्षा से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक भी रहा। इससे सभी को विद्युत सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली। विद्यालय परिवार ने इस उपयोगी और महत्वपूर्ण सत्र के लिए बीपीसीएल टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## नरयावली क्षेत्र के 7 ग्रामों में अटल ग्राम सुशासन भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 62 लाख रु.की राशि स्वीकृत

**सागर।** नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया की मांग पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के 7 भवन विहीन ग्राम पंचायतों में 2 करोड़ 62 लाख रू.की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन की लागत 37.49 लाख रहेगी। जिन ग्राम पंचायत में भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है उसमें राहतगढ़ विकासखंड की जरारा, किशनपुरा, खैराई, सुमरेड़ी एवं सागर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़पहरा मुहाल, पगारा एवं किशनपुरा (उदयपुरा तिवारी) में नवीन भवन निर्माण किया जाएगा।क्षेत्रवासियों ने अटल ग्राम सुशासन भवन स्वीकृत कराये जाने पर खुशी जाहिर कर विधायक लारिया का आभार व्यक्त किया।

## रोटरी क्लब ऑफ धार सेंट्रल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**धार।** रोटरी क्लब ऑफ धार सेंट्रल ने रोटरी न्यू ईयर की शुरुआत एक नेक पहल के साथ की। क्लब द्वारा शासकीय भोज चिकित्सालय, धार में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर की विशेष बात यह रही कि दूरदराज के गांवों से भी युवा बड़ी संख्या में रक्तदान करने पहुंचे, जिससे समाज में सेवा और समर्पण की भावना देखने को मिली। यह आयोजन रोटरी गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा के निर्देशन में पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे रक्तदान - महादान अभियान के तहत किया गया।

## गढ़पहराधाम में सुंदरकांड पाठ, प्रसादी वितरण और निशान चढ़ाकर विधायक लारिया ने क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की

सत्ता सुधार ■ सागर



बुंदेलखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शुमार गढ़पहरा किला में विराजे स्वयंभू हनुमानजी श्रद्धालुओं की असीम आस्था के केंद्र है। सदियों से यहां आषाढ़ माह के प्रत्येक मंगलवार को मेला भरता है। इस मेला में बुंदेलखंड ही नहीं वरन् आसपास के पड़ोसी राज्यों तक के श्रद्धालु अपनी मनोकामना लिए दर्शन करने आते हैं।

नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया अनेकांत वर्षों से क्षेत्र की खुशहाली के लिए यहां धार्मिक आयोजन करते आ रहे है। इसी श्रंखला में आषाढ़ के तीसरे मंगलवार को विधायक लारिया ने गढ़पहरा पहुंच कर अपने स्वजनों एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर हनुमानजी को 151 किलो के हलुआ प्रसादी का भोग लगाकर गाजे-बाजे के साथ निशान (झंडा) चढ़ाकर क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामनाएं की।गौरतलब है कि गढ़पहरा का किला करीब 900 साल का इतिहास अपने में समेटे है। किले में 400 साल पुराना हनुमान मंदिर बुंदेलखंड एवं आसपास के राज्यों में भक्तगणों की आस्था का केंद्र है।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्षगण, जिला एवं मंडल पदाधिकारीगण, पार्षदगण, सरपंचगण, भाजपा कार्यकर्तागण एवं क्षेत्रीय गणमान्यजन नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नगर पालिका ने उधम सिंह को सेवा निवृत्त पर दी विदाई



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

सोमवार को नगर पालिका सभागार में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश जगनेरिया के द्वारा आयोजित कि गई।नपा जल विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी उधम पाल जी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर नपा आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लता सांगवान ने कहा कि जिस तरह से जल विभाग जी इमानदारी से उधम सिंह जी ने काम किया वह प्रशंसनीय है उन्हें सदैव याद किया जाएगा एवं उनका मार्गदर्शन समय-समय पर नगर पालिका को भी मिलता रहेगा ऐसी मुझे आशा है। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित किया एवं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।उनकी इस दीर्घकालीन सेवा में अनुकरणीय कार्यशैली, ईमानदारी और समर्पण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधि एवं नपा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शास. हाईस्कूल सत्ताढाना की प्राचार्य श्रीमती दुबे के सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान समारोह

सत्ता सुधार ■ सागर

जैसीनगर विकासखंड की शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ प्राचार्य श्रीमती संध्या दुबे के 39 वर्षों की सेवा उपरांत 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें शासकीय हाई स्कूल सत्ताढाना के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्रीमती संध्या दुबे का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर शाला के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने प्राचार्य श्रीमती संध्या दुबे के कुशल नेतृत्व, अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा एवं कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीमती दुबे 1985 में सहायक शिक्षक के रूप में शिक्षा विभाग में पदस्थ हुई और अपने अथक परिश्रम एवं समर्पण के साथ वे प्राचार्य के पद तक पहुंची। श्रीमती दुबे के कार्यकाल में हाईस्कूल की शिक्षा व्यवस्था में अत्यधिक सुधार हुआ जिस कारण स्कूल की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी संतोषजनक रहा। उनकी कार्य प्रणाली सभी के लिए प्रेरणादायक है तथा सेवानिवृत्त होने के पश्चात वे स्वस्थ एवं दीर्घजीवी होकर अपने परिवार एवं समाज कल्याण के लिए कार्य करती रहें ।इस अवसर पर जैसीनगर विकासखंड की सहायक संचालक सृष्टि पटैल एवं शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी श्रीमती संध्या दुबे को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डाली जैन, श्रीमती सुनीता पाठक, राकेश सेन, बृजेन्द्र पांडेय सहित परिवार के सदस्य प्रकाश दुबे सेवानिवृत्त बीईओ, इंजीनियर राजेंद्र दुबे, आनंद दुबे नगर निगम,परितोष मिश्रा, अतुल मिश्रा, विनोद वैद्य, श्रीमती शशिकांता दुबे, श्रीमती आशा वैद्य,डॉ अभिषेक दुबे, मुदित दुबे, हर्ष दुबे, अतुल वैद्य, गार्गी,गौरवी, सुरभि, शिवानी , बृजेश गोस्वामी, मनोज तिवारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

**सफलता** | दो साल पुराने अंधे कत्ल का खुलासा

# महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ सागर

थाना केसली पुलिस द्वारा दो वर्ष पूर्व घटित एक अंधे और गंभीर हत्या के प्रकरण का सफल अनावरण करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।दिनांक 22 जुलाई 2023 को प्रार्थी कनई अहिरवार, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम पुतर्रा, थाना केसली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी बहन नब्बो बाई अहिरवार की अज्ञात व्यक्ति द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई है। प्रार्थी ने बताया कि वह सुबह खेत में दवाई डालने गया था, जहां उसे बहन की हत्या की सूचना मिली। जब वह सीधा बहन के घर पहुंचा तो निर्माणाधीन कुटीर में उसकी बहन का शव मिला, जिसके सिर में गंभीर चोट थी और पास ही रक्तरंजित सागौन की लकड़ी पड़ी थी।

घटना की सूचना पर तत्काल मर्ग क्रमांक 0/23 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच प्रारंभ की गई। शव का पीएम कराया गया और साक्ष्य संकलन करते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 213/2023 धारा 302 IPC के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।मामले में उल्लेखनीय सफलता तब मिली जब थाना केसली को सूचना मिली कि ग्राम पुतर्रा निवासी राजकुमार उर्फ हनुमान अहिरवार, गांव में लोगों को धमका रहा है कि जैसे नब्बोबाई का मर्डर हुआ, वैसा ही तेरा भी कर दूंगा।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक तकनीक से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी राजकुमार उर्फ हनुमान अहिरवार ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतिका नब्बोबाई उसे सार्वजनिक रूप से बदनाम करती थी, कि वह गांव में अधनंगा घूमता है। यह बात गांव के अन्य लोग भी कहते थे, जिससे नाराज होकर आरोपी ने रात्रि में मृतिका के घर जाकर सिर पर पत्थर मारकर और सागौन की लकड़ी से पीट-पीट कर हत्या कर दी।



**साक्ष्य बरामदगी और गिरफ्तारी :** आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त पत्थर को जप्त किया गया। आरोपी राजकुमार उर्फ हनुमान अहिरवार पिता दामोदर अहिरवार, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम पुतर्रा को दिनांक 01.07.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय केसली में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे रहली उपजेल भेजा गया।

### स्मार्ट इन्वेस्टिगेशन में थाना केसली पुलिस की निर्णायक भूमिका

इस जटिल और लंबे समय से लंबित अंधे हत्याकांड का खुलासा थाना केसली पुलिस की गहन विवेचना, तकनीकी निगरानी और सतत प्रयासों का परिणाम है। इस संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक हरिराम मानकर, उनि माधव सिंह, प्रआर अहफाज, प्रआर कैलाश, प्रआर दिनेश चौहान, आर कार्तिकेय, आर कन्छेदी, आर राहुल, म.आर रागिनी तिवारी, एनआरएस ब्रजेन्द्र दांगी, रानू सेन, यशवंत सेन की विशेष भूमिका रही है। थाना प्रभारी केसली एवं उनकी टीम द्वारा न केवल अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाया गया, बल्कि यह भी प्रमाणित किया कि प्रतिबद्धता, सतर्कता और स्मार्ट पुलिसिंग के बल पर कोई भी अपराध ज्यादा समय तक पर्दे में नहीं रह सकता।

## विधायक लारिया ने मुख्यमंत्री से नवनिर्मित आरओबी का लोकार्पण एवं सड़क मार्ग का भूमिपूजन कराने का किया अनुरोध

सत्ता सुधार ■ सागर



नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया -झांसी मार्ग स्थित रेलवे गेट क्रमांक 28 पर नवनिर्मित रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण एवं संत रविदास स्मारक (लोक) के सड़क मार्ग निर्माण के भूमिपूजन मान.मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा संपादित कराने का अनुरोध किया।इसके साथ ही विधायक लारिया ने मुख्यमंत्री से कड़ान परियोजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति, मकरोनिया में फ्लाईओवर निर्माण, क्षेत्र के विभिन्न पुल निर्माण कार्य, नये सड़क मार्गों की स्वीकृति एवं नरयावली को तहसील का दर्जा एवं एसडीएम कार्यालय की स्वीकृति प्रदान कराने का अनुरोध किया।

## ब्रीफ न्यूज

### मुंबई के लिए ही खेलेंगे यशस्वी, एनओसी वापस ली

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भी मुम्बई की ओर से खेलते रहेंगे। यशस्वी ने मुम्बई क्रिकेट बोर्ड (एमसीए) से जो अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा था वह उन्होंने वापस ले लिया है। यशस्वी ने हाल ही में कहा था कि वह गोवा की ओर से खेलना चाहते हैं जिससे लिए उन्होंने एमसीए से एनओसी देने का अनुरोध किया था पर बाद में उन्होंने अपना इरादा बदल दिया। एमसीए ने शुरू में एनओसी के लिए उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। यशस्वी गोवा की टीम से जुड़ने के साथ उसके कप्तान बनना चाहते थे। एमसीए की शीर्ष परिषद ने इस युवा बल्लेबाज के एनओसी वापस लेने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। वहीं एमसीए ने बल्लेबजा पृथ्वी शॉ के दूसरे राज्य के लिए खेलने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनको एनओसी देना मंजूर कर लिया है। यशस्वी आजकल भारतीय टीम के साथ ही इंग्लैंड दौरे पर हैं। वहीं खराज फार्म से गुजर रहे पृथ्वी अब अपनी गलतियों को सुधारकर नई शुरुआत करना चाहते हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक के साथ ही रिकार्ड बनाएंगे ऋषभ

**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पास इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक बड़ा रिकार्ड बनाने का अवसर है। इस मैच में शतक बनाते ही वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में शतक के मामले में पूर्व कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। इस शतक के साथ ही ऋषभ इंग्लैंड के खिलाफ शतक के मामले में विराट कोहली को भी पीछे छोड़ देंगे। अभी विराट और ऋषभ पांच शतक लगाकर बराबरी पर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने सबसे अधिक 7-7 शतक लगाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर 6 शतक लगाकर अजरुद्दीन है जबकि तीसरे स्थान पर 5-5 शतक लगाकर विराट और ऋषभ हैं। ऋषभ ने पहले टेस्ट की दोनो ही परियों में शतक लगाकर दिया दिया है कि वह शानदार लय में हैं।

### स्मिथ को दूसरे टेस्ट के लिए वापसी की उम्मीद

**ब्रिजटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। स्मिथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के बाद से ही खेल से दूर हैं। इसी कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाये हैं। स्मिथ अब अपनी चोट से उबर गये हैं और नंबर 4 पर खेलने की तैयारी में लगे हैं। वह अपनी टीम के साथ भी जुड़ गये हैं। उनके अब अभ्यास सत्र में भी शामिल होने की संभावना है। जिससे वह अपनी लय हासिल कर सकें। स्मिथ को उनकी चोटिल उंगली के लिए एक पतली पट्टी लगाई जाएगी जिससे वह स्लिप में फील्डिंग नहीं कर पाएंगे पर बल्लेबाजी करते समय उन्हें शायद ही कोई परेशानी हो।



लंदन में विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट में बेलारूस की आर्यनका सबालेंका पहले दौर के मैच में खेलती हुई।

# भारतीय टीम को दूसरे टेस्ट में जीत के लिए स्पिनरों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा

एजेंसी ■ मुम्बई

मेजबान इंग्लैंड के साथ यहां 2 जुलाई से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की राह काफी मुश्किल नजर आ रही है। इसका कारण है कि एजबेस्टन के इस मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच आठ मैच खेले हैं। जिसमें सात मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा। ऐसे में दिग्गज क्रिकेटरों के अनुसार शुभमन गिल की कप्तानी में यहां भारतीय टीम को जीत के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही रणनीति में भी बदलाव करने होंगे। ऐसे भारतीय टीम अगर 2 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में कुछ बदलावों के साथ उतरती है तो उसके लिए इंग्लैंड को एजबेस्टन में कड़ी टक्कर दे सकती है। इसके लिए उसे स्पिनरों का उपयोग करना होगा।



एजबेस्टन की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के अनुकूल मानी जाती है पर चौथे-पांचवें दिन स्पिनर हावी हो जाते हैं। ऐसे में भारतीय टीम रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी आक्रमण में लगा सकती है। वहीं शुरुआती दिनों में तेज गेंदबाज जसप्रीत जसप्रीत बुमराह और अन्य गेंदबाजों को अपनी अपनी ओर से प्रभावी प्रदर्शन करना होगा। . इंग्लैंड के बल्लेबाज जैसे जॉनी बेयरस्टो और जैक क्राउली पर अंकुश लगाना होगा जिससे वह अच्छी शुरुआत नहीं कर सकें। वहीं बल्लेबाजी के दौरान शुभमन गिल सहित सभी बल्लेबाजों का बड़ी पारी खेलकर मेजाबन टीम पर दबाव बनाना होगा। इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ उसी अंदाज में जवाब देना होगा तभी भारतीय टीम हावी हो सकेगी।

## शार्दुल की जगह नीतीश होंगे...

# दूसरे टेस्ट में नई रणनीति और बदलावों के साथ उतरेगी भारतीय टीम : डोशेट

### बुमराह को मिलेगा आराम, कुलदीप पर संशय, सुंदर को मिल सकती है जगह

एजेंसी ■ बर्मिंघम

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अभी तक अपनी टीम घोषित नहीं की है। यहां के एजबेस्टन मैदान पर होने वाले इस मैच को लेकर अनुमान है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाएगा और स्पिनर कुलदीप यादव या वाशिंगटन सुंदर में से किसी एक अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। वहीं भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा कि कहा कि भारतीय टीम नई रणनीति से उतरेगी। डोशेट ने कहा है कि दूसरे टेस्ट में कम से कम दो बदलाव किये जाएंगे। ऐसे में टीम बर्मिंघम टेस्ट में नए संयोजन के साथ उतर सकती है। डोशेट ने बताया कि तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को बर्मिंघम टेस्ट में आराम दिया जाएगा। कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें यह ब्रेक दिया जा रहा



है हालांकि वह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। बुमराह ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था पर फिटनेस बनाये रखने उन्हें आराम दिया जा रहा है।

वहीं पहले टेस्ट में युवा सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जैसवाल ने फील्डिंग के दौरान चार कैच छोड़े थे, जिससे इंग्लैंड की टीम को लक्ष्य हासिल करने में सहायता मिली थी। इसी को देखते हुए ही अब टीम प्रबंधन ने कहा है कि जायसवाल को स्लिप से हटाकर किसी अन्य जगह पर रखा जाएगा। वहीं ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है। इसी कारण सुंदर अभ्यास सत्र में सक्रिय नजर आये। वहीं पहले टेस्ट में जडेजा ही एकमात्र स्पिनर थे, वह अपनी बल्लेबाजी और अनुभव के कारण टीम में जगह बचाये रह सकते हैं। भारतीय टीम पहले टेस्ट में हार से इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। ऐसे में उसका लक्ष्य ये मैच जीतकर सीरीज में वापसी करना रहेगा।

#### आर्चर को नहीं मिली जगह

इंग्लैंड ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए कोई बदलाव नहीं किया है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में दूसरे टेस्ट में वही टीम उतरेगी जिसने पहले टेस्ट में भारतीय टीम को पांच विकेट से हराया था। तेज गेंदबाज जोफा आर्चर की इस मैच से वापसी की उम्मीदें थीं पर वह गलत साबित हुईं। आर्चर को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली है। दूसरा टेस्ट बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम पहले टेस्ट में जीत के कारण पांच मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे हैं। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए आर्चर निजी कारणों से एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं किये गये थे। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स को तेज गेंदबाज के तौर पर टीम में बनाये रखा गया है।

# डीविलियर्स बोले इस प्रकार सभी मैच खेल सकते हैं बुमराह



एजेंसी ■ जोहांसबर्ग

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में ही उतारा जाना तय हुआ है। ऐसे में टीम इंडिया का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावित होगा। इसी को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डी विलियर्स ने सुझाव दिया है कि उन्हें बड़ी सीरीजों में खेलना चाहिये और कम महत्वपूर्व सीरीजों में आराम दिया जाना चाहिये ताकि उनकी फिटनेस भी बनी रही। डिविलियर्स ने कहा कि हमारी टीम के तेज गेंदबाज डेल स्टेन यही तरीका अपनाते थे और हर बड़ी सीरीज खेलते थे। डिविलियर्स के अनुसार स्टेन का ये तरीका बुमराह को भी अपनाना चाहिये क्योंकि भी भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड सीरीज से अधिक जरुरी अभी कुछ नहीं है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज में 0-1 से पीछे हैं। ऐसे में अगर बूमराह सभी मैच नहीं खेलते हैं तो उसे नुकसान होगा। अब देखना है कि भारतीय टीम प्रबंधन डिविलियर्स के इस सुझाव को मानता है या नहीं। इंग्लैंड दौरा शुरू होने से पहले ही साफ हो गया था कि बुमराह इस सीरीज में तीन मैच ही खेलेंगे। वहीं अब भारत पहला मैच हारकर पिछड़ रहा है, ऐसे में टीम को बुमराह की काफी जरूरत है। इन हालातों में बुमराह अपने कार्यभार प्रबंधन को प्रबंधित कर सीरीज के सभी मैच खेल सकते हैं। एबी डी विलियर्स ने कहा, वह शायद इस समय सभी फॉर्मेट में दुनिया के शीर्ष गेंदबाज हैं। मेरे विचार से, इस टेस्ट सीरीज उसे सभी पांच मैचों के लिए तैयार रहना चाहिये। डेल के साथ हमने यही किया, उसे कम महत्वपूर्ण टी20 और एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया और उसे बड़े टेस्ट दौरों - ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत - के लिए पूरी तरह से तैयार किया।

वहीं उन्होंने कहा हो सकता है कि सर्जन ने उसे बताया हो कि वह सभी पांच मैच नहीं खेल सकता। अगर ऐसा है, तो आपको इसका सम्मान करना होगा। लेकिन अगर यह कार्यभार के बारे में है, तो मुझे भरोसा नहीं है कि उन्होंने इसे सही तरीके से लिया है।

# पुरुष एशिया कप हॉकी 2025 से पाकिस्तान का बाहर होना तय

### अभी तक नहीं मिली मंजूरी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 9 सितंबर तक पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 खेला जाएगा। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को शामिल किये जाने की कोई संभावना नहीं हैं। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा पर इस अधिकारी के अनुसार जिस प्रकार के तनावपूर्ण संबंध दोनो देशों के बीच हैं उसमें पाक का बाहर होना तय है। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को बाहर करने की मांग तेज हो गयी है। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने एशिया कप में पाकिस्तान की



भागीदारी को लेकर कहा, हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही कहा कि हम सरकार के आदेशों के अनुसार ही काम करेंगे। गौरतलब है कि पुरुषों का एशिया कप 2025-2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप का क्वालीफाइंग इवेंट भी है जिसकी मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। टूर्नामेंट के विजेता विश्व कप में जगह मिल जाएगी। इसके अलावा भारत एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की भी मेजबानी करेगा, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। इसमें भी पाक को शायद ही जगह मिले। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को बाहर करने की मांग के कारण भारत में जूनियर इवेंट में उठी है। पाक की पुरुष हॉकी टीम ने अंतिम बार 2023 में भारत का दौरा किया था, जब भारत ने चेन्नई, तमिलनाडु में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी।

# एजबेस्टन में बल्लेबाजी के अनुकूल पिच होने की संभावना : वोक्स

एजेंसी ■ बर्मिंघम

भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार से यहां बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में उतरेगी। यहां गरमी होने के कारण पिच सूखी है जिसको देखते हुए यहां समय बीतने के साथ ही स्पिनरों को भी सहायता मिलने की उम्मीद है। इसी कारण भारतीय टीम अपनी अंतिम ग्यारह का चयन मैच से कुछ समय पहले ही करेंगी। वहीं दूसरे ओर मेजबान इंग्लैंड ने इस मैच के लिए अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। एजबेस्टन के मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर भारत ने आठ मैच खेले हैं, जिसमें से उसे सात में हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा था। अभी इस सीरीज में मेजबान टीम 1-0 से आगे है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स एको उम्मीद है कि एजबेस्टन की पिच बल्लेबाजों के अनुरुप होगी। वोक्स ने कहा, हमारे गेंदबाजों ने लीड्स में अच्छी गेंदबाजी की थी और इस मैच में भी हमारा लक्ष्य वही लय बनाये रखना है। साथ ही कहा कि हम एक और ऐसी पिच पर खेलेंगे जो बल्लेबाजी के लिए अच्छी होगी। इस तेज गेंदबाज को उम्मी है कि वह मैच में बेहतर प्रदर्शन कर मार्क वुड की कमी पूरी करने का प्रयास करेंगे।

अच्छे मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए यहां गेंदबाजों की राह आसान नहीं रहने की संभावना है। इसी को लेकर वोक्स ने कहा कि हमने पिछले सप्ताह अच्छी तरह से खेला था और वहीं सिलसिला हम यहां भी बनाये रखना चाहेंगे

V-LEADS
Coaching Institute
All subjects under one roof
PHYSICS
CHEMISTRY
MATHEMATICS
BIOLOGY
Class: 11th & 12th
NDA | IIT-JEE | NEET
Contact us : 9713125589, 8319557592

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

## अंडर 19 क्रिकेट

### सीरीज 1-1 से बराबरी पर पहुंची

# इंग्लैंड टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को हराया

एजेंसी ■ लंदन

भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम को इंग्लैंड अंडर 19 क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भातरीय टीम ने 290 रन बनाये। जिसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 टीम ने कप्तान थॉम्स रयू की शतकीय पारी से 9 विकेट पर 291 रन बनाकर हासिल कर लिया। रयू ने 89 गेंदों में 131 रन बनाये। इसी के साथ ही सीरीज



1-1 से बराबरी पर आ गयी। भारतीय टीम ने पहला मैच जीता था। इस मैच में भारतीय टीम की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान आयुष महात्रे पारी की शुरुआत करते हुए अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, राहुल कुमार और कनिष्क चौहान ने अच्छी बल्लेबाजी कर टीम को 290 रन तक पहुंचाया। वैभव ने 45, विहान ने 49, राहुल ने 47 और कनिष्क ने 45 रन बनाए। वहीं इंग्लैंड की ओर से एम फ्रेंच ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए। इसके अलावा जैक होम ने 3, एलेक्स ग्रीन ने भी 3 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए

इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। बेन डॉकिंस 7 और इसाक मोहम्मद 11 रन बनाकर आउट हो गये। तीसरे नंबर पर उतरे बेन मेस ने 27 रन बनाये। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने 68 गेंदों में 39 रन बनाकर पारी को संभाला। पांचवें नंबर पर आए रयू ने 131 रन बनाये। अंतिम दो ओवर में इंग्लैंड को 12 रन जीत के लिए चाहिए थे और उसके पास एक ही विकेट था पर उसके बल्लेबाजों फ्रेंच और मार्गन ने ये रन बना लिए। भारतीय टीम की ओर से अंबरिश ने 4 जबकि युद्धजीत गुहा, हेनिल पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम के अगले माह बांग्लादेश जाने की संभावनाएं नहीं

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगले माह तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों के लिए बांग्लादेश दौरे पर जाना है पर मौजूदा राजनीतिक हालातों को देखते हुए ये दौरा शायद ही हो पाये। बांग्लादेश में जिस प्रकार के खराब हालात हैं उसको देखते हुए केन्द्र सरकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड को इस दौरे के लिए शायद ही अनुमति दे।

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes.
ADMISSION OPEN

# कूड़ा गाड़ी में बैठकर घूमे मंत्री ने देखी डोर टू डोर व्यवस्था

## बोले- गेंबा वॉक की मदद से समस्याओं को समझा

**सत्ता सुधार ■ कन्नौज**

न कोई प्रोटोकाल, न भीड़ और न कोई व्यवस्था। कोई जान भी नहीं पाया कि प्रदेश सरकार का मंत्री कूड़ा गाड़ी में बैठकर शहर में घूम रहा है। यह कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं था, बल्कि जापान की गेंबा वॉक की तर्ज पर किया जा रहा प्रयोग था। इसके माध्यम से देखा गया कि स्वच्छता अभियान के प्रति लोग कितने जागरूक हैं। यह भी देखा गया कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले किस तरह से काम करते हैं। प्रदेश सरकार के समाज





कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रविवार को जापान की गेंबा वॉक पद्धति के आधार पर शहर की कूड़ा गाड़ी में भ्रमण किया। इस दौरान वह मास्क लगाए रहे, जिससे लोग उन्हें पहचान न सकें।

मोहल्लों में जाकर उन्होंने नागरिकों से बात की और कूड़ा उठाने वाले कर्मयोगियों के कार्य व्यवहार की समीक्षा की। इसके बाद में उसके वीडियो के साथ अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा किया। मंत्री ने बताया कि जापान में एक मैनेजमेंट प्रक्रिया विकसित की गई है, जिसे गेंबा वॉक कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि ऐसे लोग जो मैनेजमेंट में हैं। फैक्टरी फ्लोर पर जाकर कामगारों के साथ खड़े होते हैं, बातचीत करते हैं और सुधार के रास्ते खोलते हैं। उन्होंने पुलिस की नौकरी में कई बार ऐसा करके देखा है।

### गेंबा वॉक की मदद से व्यवस्था को समझा

कई दिनों के प्रशिक्षण की तुलना में दो घंटे में समस्याओं और उनके उपाय का बोध हो गया। इसी उद्देश्य के लिए उन्होंने इत्रनगरी में कूड़ा उठाने वाले कर्मयोगियों के काम को गेंबा वॉक की मदद से गंभीरता और गहराई से समझा। गौतम और विकास के साथ पहचान छिपाकर सुबह की शिफ्ट में मोहल्ले में घूम कर अध्ययन किया, जिससे आनंद की भी अनुभूति हुई।

ई-पिंक रिक्शा योजना का पुणे में शुभारंभ, महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार का महत्वपूर्ण कदम

# ई पिंक रिक्शा योजना: महिलाओं को रोजगार की नई राह

**शिवानी शर्मा ■ पुणे**

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई ई-पिंक रिक्शा योजना अब पुणे में भी धरातल पर उतर चुकी है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार का सशक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड क्षेत्र में कुल 3,400 महिलाओं को इस योजना से लाभ मिलने की संभावना जताई गई है, जिनमें पुणे शहर में 2,800 महिलाओं का पंजीकरण शुरू हो चुका है। इस योजना के अंतर्गत विशेष रूप से विधवा, एकल माता और तलाकशुदा महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवारों की आर्थिक जिम्मेदारी खुद उठा सकें। ई-रिक्शा खरीदने के



लिए सरकार की सब्सिडी योजना के तहत महिलाओं को कुल लागत का 90 फीसदी आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा - जिसमें 50 फीसदी अनुदान, 20 फीसदी ऋण और केवल 20 फीसदी राशि लाभार्थी को स्वयं वहन करनी होगी। इस योजना का क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। सड़क पर अब गुलाबी रंग की ये ई-रिक्शा न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देंगी, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का प्रतीक बनेंगी।

## ब्रीफ न्यूज

### तेज रफ्तार इनोवा फ्लाईओवर से नीचे गिरी, चार दोस्तों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जनपद स्थित पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तब चीख पुकार मच गई जब तेज रफ्तार इनोवा कार अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। कार सवार पांच दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चार घायल दोस्तों की उपचार के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी युवक दोस्त थे जो गुजरात के गांधीनगर से केदारनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। उपचार के दौरान चार दोस्त अमित, भरत, कर्ण और विपुल की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं जिगर नाम का एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महोबा में 9 वर्षीय बालिका से वृद्ध ने किया बलात्कार

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में नौ साल की बालिका से बलात्कार का मामला प्रकाश में आने से हड़कंप का माहौल ब्याप्त है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया की इलाकाई एक गांव में सोमवार की शाम हुयी इस घटना में बालिका जंगल में अपनी बकारियां चराने गई थी। तभी गांव के ही 70 वर्षीय वृद्ध ने फुसला कर उसके साथ दुराचार किया। इस दौरान बालिका के चीखने चिल्लाने पर आरोपी ने उसके मुंह को कपड़ा से बंद कर दिया तथा बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग गया।

जनता दर्शन: पंखुड़ी के कहने पर सीएम योगी ने साथ में फोटो भी खिंचवाई

**मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस देना मुश्किल...**

# सीएम ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया फीस की व्यवस्था हम करेंगे

**सीएम योगी की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जैसा कोई नहीं**

### मुख्यमंत्री ने कहा- चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा

**सत्ता सुधार ■ गोरखपुर**

कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, सीएम योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा- महाराज जैसा कोई नहीं है। दरअसल, गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत



### फीस माफ करवा दीजिए

मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।

दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी की बातों को सुनने के बाद कहा, बिलकुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे। और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने 100 लोगों की समस्याएं सुनीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा इलाज में आर्थिक मदद के लिए अस्पताल से इस्टीमेट मंगाकर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### पुणे घाट क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी, अगले सप्ताह भारी बारिश की चेतावनी

**पुणे।** भारतीय मौसम विभाग ने पुणे जिले के घाट क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी 7 दिनों के भीतर कुछ स्थानों पर तेज से भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। नागरिकों को सावधानी बरतने और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। शनिवार ,रविवार और सोमवार को सुबह 6:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पुणे शहर में जो वर्षा दर्ज की गई, वो औसतन काफी कम है। विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून की सक्रियता इस समय अधिकतर पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों में ही देखी जा रही है। इसी अवधि में नासिक, नागपुर और संभाजीनगर जैसे प्रमुख शहरों में भी मापनीय बारिश नहीं हुई।

### आकुर्डी में नौकरानी ने उड़ाए 60,000 के जेवर, चोरी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**पुणे।** पिंपरी-चिंचवड के आकुर्डी इलाके में एक घरेलू नौकरानी द्वारा 60,000 मूल्य का सोने का मंगलसूत्र चोरी करने का मामला सामने आया है। यह घटना 15 जून की रात आकुर्डी स्थित ऐश्वर्यम वेंचर्स सोसायटी में घटी। पीड़ित अंकित कुमार (33) ने इस संबंध में पिंपरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला (उम्र 35) लंबे समय से शिकायतकर्ता के घर में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही थी। शिकायत में बताया गया है कि महिला ने घर से करीब 10 ग्राम वजनी मंगलसूत्र चोरी कर लिया, जिसकी कीमत लगभग 60,000 है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ।

# भाजपा नेता विद्यार्थी समेत दो को उम्रकैद

जनार्दन सिंह हत्याकांड में आया बड़ा फैसला

### कोर्ट ने 25 हजार के अर्थदंड की भी सजा सुनाई



**एजेंसी ■ जौनपुर**

अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रणजीत कुमार की अदालत ने सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इटौरी बाजार में हुई किसान जनार्दन सिंह की हत्या के मामले में आरोपी भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी व प्रमोद सिंह को मंगलवार को आजीवन कारावास और 25 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। इसी मामले में कुछ महीनों पहले एक अन्य आरोपी अजय सिंह को भी कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दी है। सोमवार को ही कोर्ट ने इस मामले में दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। वादी के भतीजे देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया उसके चाचा अनिरुद्ध सिंह निवासी ग्राम कुड़ली सरायख्वाजा ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। मुक़दमे में लिखवाया कि घटना के चार दिन पहले देवेंद्र सिंह इटौरी बाजार गया था।

# कुछ दिन अंडरग्राउंड... फिर धंधे में लगे फाइनेंसर

## पुलिस की जांच पड़ी ठंडी, नए तस्कर हो रहे तैयार

**एजेंसी ■ मुरादाबाद**

दुबई से तस्करों के जरिये सोने के कैप्सूल मंगवाने वाले फाइनेंसर अंडरग्राउंड हुए तो पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिशें दीं। अब फाइनेंसर टांडा में खुलेआम घूम रहे हैं और अपनी दुकानों और फैक्टरी में भी बैठ रहे हैं लेकिन पुलिस ने दबिश देना ही बंद कर दिया है। चर्चा है कि फाइनेंसर नए तस्कर तैयार करने में जुट गए हैं। 23 मई की दोपहर करीब दो बजे रामपुर के टांडा निवासी मो. नावेद और जाहिद और शाने आलम, मुत्तलीब, अजहरुद्दीन जुल्फेकार अली को मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर पुराने



टोल के पास कार सवारों ने अगवा कर लिया था। घटना के समय मो. नावेद और जाहिद सऊदी अरब से और बाकी चारों दुबई से घर लौट रहे थे। यह सभी लोग दिल्ली से एक ही कार में टांडा के लिए सवार हुए थे। पुलिस ने मूंढापांडे क्षेत्र में सभी को बदमाशों से छुड़ा लिया था। पूछताछ में पता चला कि दुबई से लौट रहे सभी लोगों की पेट में सोने के कैप्सूल हैं। पुलिस ने इन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर सोने के 29 कैप्सूल निकलवाए थे। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तब पता चला है कि यह लोग रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के हाजीपुरा निवासी फाइनेंसर जाहिद मेंबर, टांडा के मोहल्ला पड़ाव निवासी मो. रिजवान, टांडा के आजाद नगर निवासी मो. हारुन, हाजीपुरा निवासी हाजी शरीफ, टांडा के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी हाजी अनीस, हाजीपुरा निवासी जुनैद, मोहल्ला रांद निवासी वसीम, नज्जीपुरा निवासी गुड्डू, टांडा निवासी पप्पू के लिए काम करते हैं।

# युवक ने तीन लोगों को मारी गोली, फिर खुद को उड़ाया

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर में मंगलवार को दोपहर में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। वार्ड निवासी एक युवक ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर अपनी मां, बेटे और बेटी को गोली मारने के साथ ही खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इस घटना में मां और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बेटे को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सरदार बल्लभ भाई पटेल मोहल्ला निवासी नीरज पांडेय (32) परिवार के साथ वाराणसी में रहता था। वह पेट्रोल पंप पर वाहनों में तेल भरने का कार्य करता था। मंगलवार को दोपहर में किसी बात से नाराज होकर उसने अपनी मां चंद्रकला (55), पुत्री शुभी पांडेय (07) और बेटा संघर्ष पांडेय (04) को गोली मार दी। तीन लोगों को गोली मारने के बाद नीरज ने खुद को भी गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

# योगी-मायावती ने अखिलेश यादव को दी बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को अपना 52वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्हें बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। जन्मदिन के मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव पार्टी मुख्यालय पहुंचे। वहां पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक उन्हें बधाई देने के लिए मौजूद रहे। सुबह-सुबह सीएम योगी ने भी अखिलेश को बधाई दी। इस पर सपा मुखिया ने उनका आभार व्यक्त किया। सपा मुखिया को बधाई देने वालों में बसपा प्रमुख मायावती भी शामिल रहीं। कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी सपा प्रमुख को जन्मदिन पर बधाई दी है।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।